सूर्योदय : 6:12
सूर्यास्त : 6:16
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 17.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-270 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 25 मार्च 2025
24 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मीडिया प्रतिनिधियों को किया सम्बोधित

# देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना यूपीः योगी

योगी सरकार
आठ साल बेमिसाल



यूपी था पहले बीमारू राज्य
आज है यूपी में कानून का राज
उप्र सूचना विभाग की बुकलेट का विमोचन किया

■ पारदर्शी व्यवस्था से पुलिस कार्मिकों की भर्ती पूरी की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पत्रकार वार्ता की। इस मौके पर उन्होंने सरकार के आठ वर्षों की उपलब्धियों पर जारी एक पुस्तिका का विमोचन किया। इसके बाद सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी जारी की।

इस मौके पर सीएम योगी ने समर्थन देने के लिए आमजनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में किसान के उत्थान के लिए, बेरोजगारों को रोजगार देना, परंपरागत उद्यमिता को आगे बढ़ाया गया, मातृशक्ति के स्वावलंबन के लिए जो कार्य किए गए। इसके लिए जनपद मुख्यालयों में तीन दिन दिवसीय कार्यक्रम चलाए जाएंगे। लोगों को इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। सीएम ने आगे कहा कि पहले दंगे, आतंक को लोगों ने देखा। आठ वर्ष पहले यूपी बीमारू राज्य माना जाता था। आज वही प्रदेश अर्थ शक्ति के रूप में उभरा है। पहले यूपी विकास का ब्रेक माना जाता था। आज वही प्रदेश विकास की उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश वही है, जनता वही है, सिस्टम वही है, सिर्फ सरकार बदलने मात्र से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले किसान आत्महत्या करता था। जिस प्रदेश में तकनीकि का उपयोग करके किसान को समृद्ध बनाया जाना चाहिए था, वहां पर किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया। आज प्रदेश की जीडीपी में 28 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।




आज किसानों को किसान सम्मान निधि के माध्यम से करोड़ों रुपये सीधे खाते में भेजे गए। 2017 से पहले न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। आज प्रदेश में कानून का राज है। महाकुंभ इसका उहादारण है। इतने बड़े आयोजन के बाद बी एक भी घटना नहीं घटित हुई। प्रदेश वही है, लेकिन सरकार बदलने से बड़ा बदलाव आया है। पारदर्शी व्यवस्था से सरकार ने एक लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती पूरी की। हाल में 60 हजार और पुलिसकर्मियों की भर्ती पूरी हुई है। 2017 से पहले 10 जनपदों में पुलिस लाइन नहीं थी। बारक खराब पड़े थे। आज उन जिलों में या तो पुलिस लाइन का काम पूरा हो गया है, या निर्माणाधीन हैं।

### छह नई मिलें स्थापित कीं

प्रदेश में सिंचाई की व्यापक व्यवस्था की गई। हमने प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापिक किए। कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की। इसका नतीजा हुआ कि दलहनी, तिलहनी फसलों के साथ अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ा। पहले चीनी मिलें बंदी की कगार पर थीं। करोड़ों रुपये किसानों का बकाया था। हमने इसमें बदलाव किया। हमने चीनी मिलें बंद होने नहीं दीं। साथ ही छह मिलें स्थापित कीं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज 177 लाख लीटर एथेनाल का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर का नोटिफिकेशन जारी

■ कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश की थी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके मूल न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस स्थानांतरित करने की सिफारिश करते हुए प्रस्ताव जारी किया है। 21 मार्च को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को उनके स्थानांतरण की सिफारिशें की थी।

वहीं इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले पर आपत्ति भी जताई थी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कहा था कि उनका ट्रांसफर एक नियमित प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। इस ट्रांसफर का न्यायमूर्ति वर्मा के घर से मिले अधजले नोटों के विवाद से कोई लेना देना नही हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा इन दिनों सुर्खियों में बने हुए है, जब से उनके दिल्ली स्थित आवास में आग लगी और आग बुझाने के दौरान दमकल और पुलिस को बड़े पैमाने पर अधजले नोट बरामद किए गए। ये घटना 14 मार्च की है, जब लुटियंस दिल्ली के पॉश इलाके में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास के स्टोररूम में आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर अग्निशमन कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने नकदी बरामद की थी।

### हाईकोर्ट में अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद (एचसीबीए) ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पुनः इलाहाबाद हाई कोर्ट प्रत्यर्पित करने संबंधी निर्णय के विरोध में मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है। सोमवार शाम अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी तथा महासचिव विक्रांत पाण्डेय ने कार्यकारिणी की आपात बैठक के बाद यह जानकारी दी। पदाधिकारियों ने कहा, बदली परिस्थिति के कारण आज हुई आपातकालीन के मीटिंग में हुए निर्णय के क्रम में मंगलवार 25 मार्च से अग्रिम सूचना तक हम अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।



### नौ दिन बाद हवा फिर खराब
## ग्रेप एक की पाबंदियां लागू



**नई दिल्ली।** नौ दिन तक संतोषजनक एवं मध्यम श्रेणी में रहने के बाद सोमवार को दिल्ली की हवा एक बार फिर से हवा खराब हो गई। इसी के चलते ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के पहले चरण की पाबंदियां भी लागू कर दी गई। 15 मार्च को ही हवा के स्तर में सुधार आने के बाद सभी पाबंदियां हटा दी गई थीं, लेकिन वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सोमवार को ग्रेप के पहले चरण के प्रतिबंध लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत अपनी समयावधि पूरी कर चुके पेट्रोल और डीजल के वाहनों पर रोक रहेगी। कचरा जलाने पर भी रोक रहेगी। साथ ही रेस्टोरेंट और होटलों में कोयला और लकड़ी जलाने पर भी रोक रहेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सोमवार को राजधानी का एक्यूआई 206 रहा जो खराब श्रेणी में आता है।


# कुणाल कामरा की कॉल रिकॉर्डिंग सीडीआर व बैंक स्टेटमेंट की होगी जांच

विवादित बयान के बाद जमकर हुआ बवाल

**मुंबई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा से जुड़े विवाद पर महाराष्ट्र विधान परिषद में बोलते हुए महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा, उनके कॉल रिकॉर्डिंग, सीडीआर और बैंक स्टेटमेंट की भी जांच की जाएगी। हम पता लगाएंगे कि इसके पीछे कौन है। कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अपने शो में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर उनका नाम लिए बिना विवादित टिप्पणी की थी।



उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर बिना नाम लिए कटाक्ष करते हुए उन्हें गद्दार बोला था। इस विवादित टिप्पणी को लेकर कुणाल कामरा पर केस भी दर्ज किया गया है। वहीं इस विवादित बयान के बाद भड़के शिवसैनिकों ने जहां शो का आयोजन किया गया था, वहां धावा बोल दिया। जानकारी के मुताबिक, मुंबई के खार इलाके में होटल यूनिकॉन्टिनेंटल में शिवसेना के कार्यकर्ताओं की ओर से तोड़फोड़ की गई। इसके बाद शिवसेना युवा सेना (शिंदे गुट) के महासचिव राहुल कनाल और 19 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। बीएनएस और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की कई धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई। वहीं इस विवाद पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि किसी को भी कानून और संविधान का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। उन्हें अपनी बातों पर नियंत्रण रखना चाहिए। पवार ने कहा, किसी को भी कानून और संविधान का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। विचारधाराएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन बयान कानून के दायरे में दिए जाने चाहिए। किसी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी टिप्पणी नए मुद्दे और कानून-व्यवस्था के लिए समस्या पैदा न करें।




24 रमजान 25.03.2025

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04 : 40 | 06 : 22 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04 : 34 | 06 : 32 |

# कर्नाटक मुस्लिम आरक्षण पर संसद में हंगामा
## कांग्रेस ने बाबा साहेब के संविधान की धज्जियां उड़ा दीं: जेपी नड्डा

■ संविधान बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने दिया : रिजिजू

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुस्लिम आरक्षण को लेकर सोमवार को संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा देखने को मिला। राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही ट्रेजरी बेंच के सदस्यों ने संविधान की रखवाली बंद करो के नारे लगाने शुरू कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कांग्रेस को जमकर घेरा। दोनों नेताओं ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम की ओर से सदन में दिए गए बयान का भी उल्लेख किया।

जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के संविधान की धज्जियां उड़ा दीं। वहीं, किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब की इज्जत को मिट्टी में मिला दिया है। हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।



राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। सभापति जगदीप धनखड़ जैसे ही आसन पर आए, सत्ता पक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू अपनी सीट पर खड़े हुए और कहा कि एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं. इस पर आसन से सभापति ने पूछा कि मुद्दा क्या है। संसदीय कार्य मंत्री ने जवाब में कर्नाटक की सरकार ने सरकारी कॉन्ट्रैक्ट में मुस्लिम समुदाय के लिए चार फीसदी आरक्षण का बिल पारित किया है वहां के (कर्नाटक के) डिप्टी सीएम ने सदन में यह कहा है कि इसके लिए जरूरत पड़ी तो हम संविधान भी बदलेंगे। इस तरह के बयान को हम हल्के में नहीं ले सकते। अगर किसी साधारण व्यक्ति ने ऐसा बयान दिया होता तो हम इसे समझ सकते थे और इसका जवाब बाहर दे सकते थे। उन्होंने कहा कि ये बयान ऐसे व्यक्ति की ओर से आया है जो एक संवैधानिक पद पर है और स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिमों को आरक्षण देगी। इसके लिए जरूरत पड़ी तो संविधान में भी बदलाव किया जाएगा। यह बहुत ही गंभीर मामला है।

रिजिजू ने कहा कि संविधान बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने दिया है और ये लोग बाबा साहब की फोटो लेकर घूमते हैं, संविधान की बात करते हैं। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष यहां बैठे हैं, विपक्ष के नेता भी हैं. उनसे इस पर स्पष्ट जवाब और कांग्रेस का स्टैंड जानना चाहता हूं. आसन से सभापति धनखड़ ने पूछा कि किस चीज में आरक्षण. संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा कि विपक्ष के नेता को इस सदन के माध्यम से पूरे देश को ये बताना चाहिए कि वे क्यों मुस्लिम आरक्षण के लिए संविधान बदलना चाहते हैं।

# संभल हिंसा : जामा मस्जिद सदर की जमानत अर्जी कोर्ट में दाखिल

■ 27 मार्च को सुनवाई
■ पुलिस को सीडी पेश करने के आदेश

**संभल।** जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हिंसा भड़काने के आरोप में जेल भेजे गए जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर एडवोकेट जफर अली की ओर से उनके अधिवक्ता द्वारा जनपद न्यायाधीश की अदालत में जमानत प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसे जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश रेप एंड पॉक्सो निर्भय नारायण राय की अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया। कोर्ट ने पुलिस से सीडी पेश करने के आदेश देते हुए 27 मार्च को सुनवाई की तारीख लगाई है। कमेटी के सदर के खिलाफ कोतवाली संभल में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या (335/24) में भारतीय न्याय संहिता



की धारा 230 व 231 जैसी गंभीर धाराओं के साथ ही 191-3, 190, 221, 132, 125, 324-5, 195, 233, 326-एफ और संपत्ति अधिनियम की धारा 3/4 लगाई गई थी। पुलिस के अनुसार, उन पर आरोप है कि उन्होंने सर्वे के दौरान भीड़ को उकसाते हुए कहा था कि मस्जिद में खोदाई की जा रही है। हम लोगों से मस्जिद छीनने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने हिंसा के दूसरे दिन ही कोतवाली लाकर पूछताछ की थी और बाद में छोड़ दिया था।

# जस्टिम वर्मा मामले के बाद फिर चर्चा में एनजेएसी

■ जल्द बुलाई जाएगी राज्यसभा में सभी दल के नेताओं की बैठक
■ उपराष्ट्रपति ने नड्डा और खरगे के साथ किया विचार-विमर्श

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी मिलने की घटना के बाद राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि एनजेएसी अधिनियम के मुद्दे को आगे बढ़ाने के लिए वह शीघ्र ही राज्यसभा में विभिन्न पार्टियों के संसदीय दल के नेताओं की बैठक बुलाएंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को रद करने के सुप्रीम कोर्ट के अक्टूबर 2015 के




फैसले के मुखर आलोचक रहे हैं। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने न्यायिक जवाबदेही और एनजेएसी अधिनियम के मुद्दे पर चर्चा के लिए सोमवार को सदन के नेता जेपी नड्डा और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक की। दोनों नेताओं ने धनखड़ के कक्ष में बातचीत की। इस संबंध में एक सूत्र ने बताया कि सभापति ने नड्डा और खरगे को बैठक के लिए पत्र लिखा था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के आवास से नकदी बरामद होने का मुद्दा 21 मार्च को उच्च सदन में उठाया था। इसके जवाब में सभापति धनखड़ की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में यह बैठक बुलाई गई। उपराष्ट्रपति ने 2014 में एनजेएसी एक्ट पारित होने के बाद न्यायिक नियुक्तियों के लिए एक तंत्र का उल्लेख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इस अधिनियम को रद कर दिया था। धनखड़ ने 21 मार्च को राज्यसभा में कहा था-आप सभी को वह प्रणाली याद होगी, जिसे इस सदन ने लगभग सर्वसम्मति से पारित किया था। उस पर कोई मतभेद नहीं था। राज्यसभा में केवल एक सदस्य अनुपस्थित था। सभी राजनीतिक दल एकजुट हुए थे और सरकार की पहल का समर्थन किया था। मैं यह जानना चाहता हूं कि भारतीय संसद से पारित उस विधेयक की क्या स्थिति है, जिसे देश की 16 राज्य विधानसभाओं ने मंजूरी दी।

# सांसदों के वेतन और भत्ते में 24 प्रतिशत की वृद्धि
## पेंशन भी बढ़ी, केंद्र ने जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली।** सरकार ने सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत की वृद्धि को अधिसूचित कर दिया है। यह बढ़ोतरी 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी और इसे मूल्य वृद्धि सूचकांक के आधार पर तय किया गया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, न केवल सांसदों के वेतन में वृद्धि की गई है, बल्कि बैठकों में भाग लेने पर मिलने वाले दैनिक भत्ते, पूर्व सांसदों की पेंशन, और अतिरिक्त सेवा वर्षों के लिए दी जाने वाली पेंशन में भी बढ़ोतरी की गई है।सरकार ने यह बढ़ोतरी सांसद वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम के तहत आयकर अधिनियम, 1961 में निर्दिष्ट मूल्य वृद्धि सूचकांक के आधार पर अधिसूचित की है। इस सब में अहम बात यह है कि, सासंदों की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं लगता है। बढ़ोत्तरी में सांसदों के दैनिक भत्ते और कार्यालय खर्च को भी शामिल किया गया है। सांसदों के कंप्यूटर का ज्ञान रखने वाले सहायक के लिए 40 हजार की जगह 50 हजार रुपये प्रतिमाह तो स्टेशनरी के लिए 20 हजार की जगह 25 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। सासंदों को वेतन के अलावा कई तरह की अन्य सुख-सुविधाएं भी मिलती हैं। जिनमें कई सुविधाएं उनके परिवार के लोगों के लिए भी होती हैं। इसमें पत्नी के लिए कई फ्री हवाई सफर,असीमित ट्रेन का सफर जैसी सुविधाएं शामिल होते हैं। एक सांसद को 50 हजार यूनिट फ्री बिजली, 1 लाख 70 हजार फ्री कॉल्स, 40 लाख लीटर पानी, रहने के लिए सरकारी बंगला शामिल होता है।



# नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड फहीम खान का घर जमींदोज



**नागपुर।** नागपुर नगर निगम ने सोमवार को हाल की नागपुर हिंसा के दो आरोपितों के घरों में अनाधिकृत निर्माण गिराने की कार्रवाई शुरू की थी। लेकिन मुंबई उच्चन्यायालय की नागपुर खंडपीड ने दोनों आरोपितों के घर गिराने पर रोक लगा दी, और इस कार्रवाई के लिए प्रशासन को फटकार भी लगाई है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र को हटाने की विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) की मांग के जवाब में 17 मार्च को भड़की हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम खान के घर पर बुलडोजर चलाया। नागपुर नगर निगम की एक टीम खान के घर पर बुलडोजर लेकर पहुंची और एक अनाधिकृत संरचना को गिरा दिया। अधिकारियों ने बताया कि खान को पहले भी कई उल्लंघनों का हवाला देते हुए नोटिस जारी किया गया था, जिसमें वैध बिल्डिंग प्लान स्वीकृति की अनुपस्थिति भी शामिल थी।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार 25 मार्च, 2025



# अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजन डीएम से मिले

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** शहर में मिश्राना पुलिस चौकी के पास हुए बहुचर्चित बीबीए छात्र देव सेठ हत्याकांड को पखवाड़ा बीत चुका है, लेकिन पुलिस अब तक मुख्य आरोपी और दो साथियों को ही गिरफ्तार कर सकी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजन सोमवार को डीएम से मिले परिजनों ने सदर कोतवाली पुलिस पर हत्या में शामिल अन्य आरोपियों को संरक्षण देने और उनकी गिरफ्तारी न करने सहित गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने डीएम से सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। डीएम ने परिवार वालों को जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।शहर के मोहल्ला सेठ कॉलोनी अर्जुनपुरवा निवासी भरत सेठ के इकलौते पुत्र देव सेठ (19) को 10 मार्च की शाम मिश्राना पुलिस चौकी के पास कई हमलावरों ने घेर लिया था और उसे दौड़ाकर उस समय गोली मार दी थी, जब वह जान बचाने के लिए पास की एक कॉपी-किताब की दुकान में घुसा था। गोली लगने से देव सेठ की मौके पर ही मौत हो गई थी। हमलावरों की गोली से दुकान का एक कर्मचारी भी घायल हुआ था। गोली कर्मचारी के एक हाथ में लगी थी पुलिस ने इस मामले में अनमोल पुरी बाला को नामजद कर कई अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। तीसरे दिन पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी, थाना पधुआ के गांव दरेरी निवासी अनमोल पुरी उर्फ बाला, सरस्वती देवी कॉलोनी निवासी शांतनु अवस्थी और थाना मितौली के गांव कैमीभूड़ निवासी उत्कर्ष सिंह को गिरफ्तार कर चालान भेजा था पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर कई अन्य हमलावरों की पहचान की थी और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने का दावा किया था, लेकिन पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक फरार किसी भी हमलावर को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।इससे नाराज मृतक देव सेठ के परिजन सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मिले और शेष बचे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने डीएम को बताया कि हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से उन्हें और उनके परिवार को जान का खतरा है पुलिस उन्हें सिर्फ झूठे आश्वासन दे रही है, लेकिन गिरफ्तारी करने में कोई रुचि नहीं ले रही है। डीएम ने परिवार वालों को आश्वासन दिया कि घटना में शामिल और अब तक फरार सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# आपसी भाईचारे और मोहब्बत के साथ मनाई ईदः चैयरमेन!




**नजीबाबाद।** नजीबाबाद थाने में ईद उल फितर को लेकर शांति समिति मीटिंग का आयोजन किया गया! जिसमें सभी से आग्रह कर कहा गया की ईद उल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे, मोहब्बत और दूसरे की भावनाओ को ध्यान में रख कर मनाएं।

उप जिलाधिकारी नजीबाबाद ने कहा कि ईद-उल-फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे का संदेश देता है इसलिए एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का खास ख्याल रखें, जिससे किसी अन्य धर्म की धार्मिक भावनाएं आहत न हो, सड़कों पर नमाज़ न अदा करें! वही क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने कहा कि आपस में मिलजुल कर त्योहार को मनाए किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई भी भड़काऊ एवं आपत्तिजनक टिप्पणी न करें शरारती तत्वों पर पुलिस नज़र बनाए हुए हैं ऐसे तत्वों को किसी भी हाल में नही! ईद उल फितर के त्योहार पर पुलिस सुरक्षा चाका चौबंद रहेगी। किसी भी नई परंपरा को न शुरू करें! चैयरमेन मुअज्ज़म इंजीनियर ने कहा की हमारा शहर गंगा जमुना तहजीब की मिसाल है जिसको हमें बरकरार रखना है और आपस में मिलजुल कर मोहब्बत के साथ ईद मनाएं! थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने भी नगर वासियों से अपील कर आपसी भाईचारे सौहार्द के साथ ईद मनान को कहा गया, उन्होंने कहा पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए 24 घंटे तैयार है जिसके लिए हमें आपका सहयोग आवश्यक है इसलिए समय-समय पर पुलिस का सहयोग करते रहे। इस मौके पर एस एस आई इल्म सिंह, एस आई कय्यूम अली, एस आई सौरभ कुमार, एवं शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# असपा ने जारी की जिला प्रभारी की सूची, मंडल प्रभारी खुर्शीद मसूंरी ने की घोषणा



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद केम्प कार्यालय पर बिजनौर आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी की लिस्ट जारी की इस लिस्ट में नजीबाबाद विधानसभा से शहाबुद्दीन प्रधान को जिला प्रभारी बनाया गया नगीना विधानसभा से दीपक कुमार बढ़ापुर से वसीम विधानसभा धामपुर से शकील उस्मानी नहटौर विधानसभा से आलोक भारती बिजनौर सदर सीट से महबूब भट्टे वाले विधानसभा चांदपुर से ताहिर हुसैन तथा विधानसभा नूरपुर से शारिक अंसारी को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। ये सभी अपनी विधानसभा का प्रभावी देखें। वहीं मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता से कहा कि सभी साथी2027 के चुनाव के अपनी - अपनी कमर कस ले, जी तोड़ मेहनत करें इंशाल्लाह कामयाबी हमारे कदम चूमेगी और 2027 जीत का परचम लहराएंगे। इस मौके पर मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, प्रदेश कौर कमेटी सदस्य मौलाना अतीकुर्रहमान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, मंडल प्रभारी प्रभार बिजनौर सलीम अंसारी, परवेश पाशी अध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा कमेटी प्रशांत महासागर जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, रजत कुमार, फहीम अंसारी सांसद प्रतिनिधि, अशोक कुमार विधानसभा अध्यक्ष, सुखवीर प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस टीम द्वारा अ0सं0 4016/2024 अ0स0 50/2004 धारा 324/323/504 भादवि0 थाना फरधान जिला खीरी से संबंधित 01 नफर वारण्टी अभि0 धर्मेन्द्र कुमार पुत्र सुन्दर नि0 सासिया कालोनी थाना फरधान जिला खीरी उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## गुरूद्वारे की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

**लखीमपुर-खीरी।** आजादनगर घोला गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने गुरूद्वारे की जमीन पर कब्जा करने का आरोप एक महिला पर लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। साथ ही गुरुद्वारे में बैठक कर कब्जे के प्रयास के बारे में चर्चा भी की। आजादनगर घोला गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गुरुद्वारा की भूमि पर एक महिला जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रही है और कई बार मना करने के बाद भी बात नहीं मान रही है। अगर गुरुद्वारा की जमीन पर अवैध कब्जा होता है तो विवाद की स्थिति भी बनती है। ऐसे में उच्चाधिकारी मौका मुआयना करते हुए मामले में कार्रवाई करें। एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने संज्ञान लिया और लेखपाल को बुलाकर जांच के निर्देश दिए हैं।

## जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल का किया गया जोरदार स्वागत

**लखीमपुर-खीरी।** नगर कांग्रेस कमेटी का होली मिलन कार्यक्रम में फिर से पार्टी के जिला अध्यक्ष बनाए गए प्रहलाद पटेल का जोरदार स्वागत किया गया। पार्टी के निवर्तमान नगर अध्यक्ष अजीत जैन द्वारा कृषक समाज के गोवर्धन हाल में जिला अध्यक्ष पहलाद पटेल का स्वागत समारोह और होली मिलन समारोह किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा उपस्थित रहे। नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी ज्योति प्रसाद तिवारी, हंसराम स्वर्णकार, अमित गुप्ता, आदेश गुप्ता, हरगोविंद वर्मा, राकेश विश्वकर्मा, श्लोक कुमार शुक्ला, सुभाष शुक्ला, रामकुमार वर्मा, प्रमोद कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ने किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर-खीरी।** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर रविवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। गोला कोतवाली के गांव मुड़िया निवासी संजय (40) रविवार की शाम घर का सामान लेने रजागंज गया था। वापस आते समय रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिवार वालों ने उसे एंबुलेंस 108 से सीएचसी ले गए थे, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां उपचार के दौरान संजय की मौत हो गई। मौत की खबर घर आते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया।

# कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिला एकीकरण समिति बिजनौर द्वारा विकास भवन के सभागार में होली मिलन समारोह मनाया गया! इस अवसर पर एक भव्य कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, अतिथि डी.डी.ओ, सुश्री रचना गुप्ता, डिप्टी कमीश्नर मनरेगा राम बहल यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी लोकेश अग्रवाल, राजवीर सहा. निबंधक कापरेटिक, कवि हुक्का बिजनौरी व दीप अंजुम आदि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रमेश राजहंस द्वारा मां शारदे की वंदना से हूई इसके बाद मनोरंजन शर्मा ने होली पर सुन्दर गीत सुनाया - सियासी रंग तो बरसे बहूत सी बार फागुन में, करें हम प्यार की बोछार अबकी बार फागुन में। गुलशन



बिजनौरी ने होली पर उम्दा गजल पढ़ी- अगर गम हो, बदल जाता है, वो भी शादमानी में, खुलूस ओ प्यार का मिश्रण है इस रंगीन पानी में। रमेश राजहंस ने सुनाया - ऐसा रंग गुलाल लगाना अबके होली में, मिट जाये मतभेद पुराना अबके होली में। शायर फाखिर अदीब ने -मेरे दिल में उतर गई आंखें, तेरी आंखों पे मर गई आंखें, गजल सुनाकर दाद बटोरी। दीप अंजुम ने कहा- होली की ये उमंग छू जाये, सबके दामन को रंग छू जाये, क्यों न अंजुम फिरे वो दीवाना, जिसके मन को मलंग छू जाये। डीडीओ रचना गुप्ता ने सुन्दर लोक गीत सुनाया, वहीं राम बहल यादव ने अवधी भाषा में रामनवमी पर कर्णप्रिय लोक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि हुक्का बिजनौरी ने अपनी रचनाओं से लोगों को लोटपोट कर दिया। इनके अतिरिक्त सर्वश्री डा. दिग्विजय चौधरी, श्रीमति राशि अग्रवाल, नरेन्द्र शिखर, फारुख बिजनौरी, रूबी गुप्ता, एडीओ सतेन्द्र सिंह आदि ने भी काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी कवियों को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से सर्वश्री राजवीर सिंह बीडीओ, कुंदन कुमार, हेमेंद्र, संजय दिलावर, शौर्य आदि उपस्थित रहे। अंत में संयोजक मौ जाफर ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन दीप अंजुम ने किया।

# डीएम ने की चकबंदी के कार्यों की समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव में कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए ऑडिट आपत्तियों का समय से निस्तारण कराने व सेवानिवृत्ति व्यक्तियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही उनके देयको का भुगतान कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्यालय में कार्मिकों को उनके कार्यभार व मानक अनुरूप तैनाती दी जाए। उन्होंने चकबंदी आपत्तियों का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के लिए भी कहा।

जिलाधिकारी ने पिछली बैठक से अभी तक कोई विशेष प्रगति न होने पर अपनी नाराजगी भी व्यक्ति तथा चकबंदी के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों को समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित करें।

जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में धारा 7 जिसके अंतर्गत भूचित्र का पुनरीक्षण आता है, धारा 22 जिसमें प्रारंभिक चकबंदी का प्रशासन व निर्माण आता है, धारा 24 जिसमें कब्जा परिवर्तन , धारा 27 जिसके अंतर्गत अंतिम अभिलेख की तैयारी होती है सहित विभिन्न धाराओं व प्रारूपों पर एक-एक कर चर्चा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में पाया कि 10 वर्ष से अधिक के 09 ग्राम तथा 10 वर्ष से कम के 06 ग्राम कुल 15 चकबंदी ग्रामों के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी चकबंदी के कार्यों का विरोध ना करें, इसके लिए अधिकारी ग्रामीणों से परस्पर समन्वय स्थापित करें क्योंकि जो भी कार्य कराया जा रहा है वह जनहित को सर्वोपरि मानकर कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी प्रवर्धन शर्मा सहित अन्य चकबंदी के विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# हत्या में वांछित महिला अभियुक्ता से हजारों की नगदी व जेवरात बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डी कोतवाली पुलिस ने हत्या कर लूट की घटना में वांछित चल रही एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला आरोपी के कब्जे से हजारों की नगदी, जेवरात बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

मण्डी कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताय कि विगत् 6 जनवरी को वादी विशाल पुत्र नरेश कुमार निवासी पुरानी मण्डी खटीको का मौहल्ला थाना मण्डी की तहरीर पर अज्ञात द्वारा वादी के ताऊ सेवाराम की हत्या कर लूट करने के संबंध में थाना मण्डी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अतुल कुमार व ललित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महालक्ष्मी सोसायटी के पास शामली रोड सूरत गुजरात से वांछित महिला आरोपी आशा चावला उर्फ अश्विन्दर कौर पत्नी जितेन्द्र चावला निवासी थर्ड फ्लोर श्रीराम हाउस नार्थ साउथ सिटी पार्क तरला नागपुर राजपुर रोड थाना राजपुर जिला देहरादून को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से 20 हजार रूपये की नगदी व जेवरात बरामद कर लिये। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी महिला को न्यायालय नवम अतिरिक्त सिविल एंड ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम क्लास के समक्ष पेश कर ट्रांजिस्ट रिमाण्ड स्वीकृत करा लिया। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मृतक सेवाराम पुत्र प्यारेलाल निवासी गाडो का चौक कोतवाली मण्डी लोगों से उनके आभूषण गिरवी रखकर बदले में ब्याज पर रूपये देने का कार्य किया करता था तथा सेवाराम की दोनों पुत्रियों शालिनी सोनकर व पवित्रता की शादी हो गयी है।

# सन शाइन पब्लिक स्कूल मे वार्षिक परीक्षाफल घोषित

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल मे वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया! किण्डर गार्डन सेक्शन से नर्सरी कक्षा से सृष्टि ने 100% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया ईशान्त ने द्वितीय स्थान तथा ख्याति ने 97% अंकों साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी से अभि ने प्रथम, दैविक ने द्वितीया तथा हेमन्त ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यू0 के0 जी0 से नैना ने प्रथम, आयुष ने द्वितीय तथा अक्षित ने 84/- से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रायमरी सेक्शन से फर्स्ट क्लाश में अर्थव 99% से प्रथम, मानव ने 97% से द्वितीय तथा गुर्निशा ने 93% से तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय कक्षा मे इशू ने 98% से प्रथम,अन्वी ने 97% के साथ द्वितीय तथा भूमिका ने 96% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया तीसरी कक्षा में शीनू ने प्रथम, तनिष्क ने द्वितीय तथा आरोही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चतुर्थ 8 कक्षा में दिव्या ने 93% से प्रथम, डिसं ने 91% से



द्वितीय तथा त्रिशा ने 90% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं से सुनैना ने प्रथम, आदर्श ने द्वितीय तथा वायु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा छ कक्षा में फरहान ने 92% से प्रथम, प्रगति ने 78% से द्वितीय स्थान तथा निक्की तृतीय स्थान 76% से प्राप्त किया सातवी कक्षा मे आभाष ने 89%.से प्रथम स्थान अमित ने 83% से द्वितीय स्थान तथा आदित्य ने 76% से तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा आठवी में सालिया 95% के साथ प्रथम,कशिश ने 93% से द्वितीय तथा तान्या ने 77% से तृतीय स्थान प्राप्त किया! कक्षा 9 मे नमन ने 89%. से प्रथम, प्रिंस ने 87% से द्वितीय तथा ऋतिक ने 74% से तृतीय स्थान प्राप्त किया ग्यारहवीं कक्षा में रिषभ ने 88% से प्रथम,आरिश ने 75% से द्वितीय स्थान तथा अभिषेक ने 70% से तृतीय स्थान प्राप्त किया इस शुभ अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विनोद मित्तल प्रधानाध्यापक आलोक अग्रवाल प्रमोद मितल ने मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया समस्त स्टाफ माधवी, अनु, नीलम, निधि, रेनू, हिमानी, सुराम, रिया, अफरोज, खुवार, नेहा, मानसी, सोनाली, मोनिका, पिकी आदि उपस्थित रहे।

## नायाब तहसीलदार ने की खेत से अवैध रूप मिट्टी के उठान की जाँच

**नहटौर।** अवैध रूप से मिट्टी के उठान की शिकायत पर नायब तहसीलदार ने खेत पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और कानूनगो व हल्का लेखपाल को रिपोर्ट तैयार कर भेजने के लिए निर्देशित किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नायब तहसीलदार विजय कुमार नहटौर झालू मार्ग पर गांव नारायणपुर में एक खेत पर पहुंचे। बताया जाता है कि उक्त खेत से बिना परमिशन के रात के अंधेरे में मिट्टी का उठान किया जा रहा था। मिट्टी का उठान कर प्लाट में भराव किया जा रहा था। नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और कानूनगो व हल्का लेखपाल को उक्त खेत की पैमाइश कर रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया। नायब तहसीलदार विजय कुमार का कहना है कि बिना परमिशन के अवैध रूप से मिट्टी का उठान करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा में पुलिस और बदमाश में हुई मुठभेड़, बदमाश के पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** चोरी, लूट और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ जगदीशपुरा सहित कई थानों में 2 दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। थाना जगदीशपुरा पुलिस और एसओजी को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी राजू पथौली-बिचपुरी मार्ग से कहीं जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर ली। पुलिस को देखते ही राजू ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जबाव में पुलिस ने भी फायरिंग की। दोनों तरफ से फायरिंग के बीच एक गोली राजू के पैर में लग गई और वह गिर पड़ा। उसके गिरते ही पुलिस ने उसे चारों ओर से घेर लिया और गिरफ्तार कर लिया।



मुठभेड़ के दौरान बदमाश के दाहिने पैर में लगी गोली है। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजू थाना अछनेरा क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में उसने कई घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त राजू से बरामद सामान के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि बरामद सारा सामान उसने थाना जगदीशपुरा क्षेत्र में ताला बन्द मकानों के अन्दर से रात्रि में चोरी किया था। उसने बताया कि माह अक्टूबर व नवम्बर 2024 में चौकी क्षेत्र बोदला व अवधपुरी क्षेत्र में चोरी की थी। ये दोनो चोरियाँ उसने अपने साथी गुड्डु कोरी व जीतू उर्फ धीरु के साथ मिलकर की थी। चोरी में मिला सामान उन तीनों ने बराबर-बराबर बांट लिया था। उसके हिस्से में आये सामान को उसने बेचकर रुपये खर्च कर दिये है।

माह फरवरी मार्च 2025 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर नारायण नगर बोदला, पंचवटी श्यामनगर बोदला, नगला अजीता जगदीशपुरा व विक्रम नगर सेक्टर 4 और आनन्द नगर गढ़ी भदौरिया में चोरी की थी। चोरी किये गये सामान को उन लोगो ने बराबर बांट लिया था। उसके हिस्से में आये सामान में से कुछ सामान को अभियुक्त ने बेचकर मिले रुपयों को खर्च कर लिये था तथा जो सामान बरामद हुआ है वह उन्हीं चोरी किये गये सामान में से है।

# राणा सांगा को गद्दार बताने पर अखिलेश यादव व रामजीलाल सुमन के विरुद्ध वाद दायर



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन द्वारा एतिहासिक पुरुष और वीर योद्धा राणा सांगा (राणा संग्राम सिंह) के विरुद्ध संसद में की गई अभद्र टिप्पणी और उन्हें गद्दार कहने पर आगरा के अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने उनके विरुद्ध कोर्ट में वाद दायर कर दिया है। सुमन के बयान का समर्थन करने पर अधिवक्ता ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी प्रतिवादी बनाया है।अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व सांसद रामजीलाल सुमन के विरुद्ध यह वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया है। अधिवक्ता ने अपने वाद में तथ्य प्रस्तुत कर दावा किया है कि मुगल आक्रांता बाबर को भारत में राणा सांगा नहीं बल्कि इब्राहिम लोदी के विरुद्ध दौलत खान लोदी लाया था। आज ही इस केस की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन में हुई। न्यायाधीश ने फाइल को अग्रिम आदेश के लिये रख लिया है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश सिकरवार, एसपी सिंह सिकवार, शिव आधार सिंह तोमर, संतोष धाकरे न्यायालय में उपस्थित रहे। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने कहा है कि मीडिया से जानकारी मिली कि विपक्षी रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा के बारे में झूठ फैलाया कि राणा सांगा ने बाबर को भारत पर आक्रमण के लिए आमंत्रित किया था जो कि उपलब्ध ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार एक झूठा तथ्य है।

बता दें कि राज्यसभा में रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर मेधावी बच्चों को किया पुरस्कृत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रमुख शिक्षण संस्था सर सैयद मैमोरियल इण्टर कॉलेज व सर सैयद इण्टरनेशनल स्कूल का वार्षिक परिणाम 98.95 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

सर सैयद मैमोरियल इण्टर स्कूल में कक्षा एक से कक्षा 11 तक सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सर सैयद वीक प्रोग्राम में नात क्विज़, डांस, सिंगिग, स्पीच, मेंहदी, टॉफी रेस, बलून रेस, फ्रोग रेस, दौड़, म्यूजिकल चैयर, कबड्डी, लैमन रेस, सैक रेस, क्रिकेच मैच, बॉल कलेक्शन रेस व खो-खो प्रतियागिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी प्राईज़ व मैडल प्रदान किए गए। इस दौरान कार्यक्रम में सरसावा शुगर मिल के रिटायर्ड लेखाधिकारी अनिल कुमार जैन, वरिष्ठ पत्रकार शाहिद जुबैरी व राशिद जमाल खां ने बच्चों से लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा हासिल




करने का आह्वान किया। इस दौरान अनिल कुमार, कॉलेज के मैनेजर हाजी मौ.अफ्ज़ल खाँ ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पेश की व कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'दरिचा-ए-सर सैयद' का 12 वे अंक का उजरा किया। उन्होंने विद्यालय के इतिहास के विषय में बताया और कहा कि इस वर्ष कॉलेज में कुछ कक्षाओं में स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के नाज़िम-ए-तालिमात हाजी मौ.असलम खाँ, कन्ट्रोलर श्रीमति अजुंमन अफ्ज़ल, कॉर्डिनेटर मौ.आसिम खाँ, प्रधानाचार्य राशिद अहमद, प्रधानाचार्या इरम रियाज, मौ.अहमद खाँ, कन्वीनर प्रधानाचार्या इरम रियाज फ्रहा, शाहिन मैराज, आरफा खान, अज़रा, फ्रहा, रेशु, हिना कौसर, सबीहा, तनवीर फातिमा, हुमरा रहमान, बुशरा, फाजिला, नबिया, अहतेशाम, मरगूब व दाऊद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के हाजी मौ.असलम खाँ ने की।

# योगी सरकार के आठ वर्ष में शैक्षिक क्षेत्र का उत्कर्ष

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर की नई ख्याति नॉलेज सिटी सी बन रही है। योगी सरकार के आठ वर्ष गोरखपुर के लिए शैक्षिक उत्कर्ष वाले साबित हुए हैं। इन आठ सालों में इस जिले को अत्यंत प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल समेत अटल आवासीय विद्यालय, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, एक राजकीय महाविद्यालय, चार राजकीय इंटर कॉलेज, चार आईटीआई, दो पॉलिटेक्निक की सौगात मिली तो पूर्व से संचालित अनेक विद्यालयों का कायाकल्प हुआ। आठ सालों में गोरखपुर में एक राज्य और एक निजी विश्वविद्यालय की स्थापना हुई तो एक नए विश्वविद्यालय (वानिकी विश्वविद्यालय) की स्थापना की ओर सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं।

अब यह देश के उन चुनिंदा जिलों में शामिल हो चुका है जहां चार विश्वविद्यालय हैं और पांचवां विश्वविद्यालय बनने वाला है। जल्द ही यहां स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की सौगात भी मिल जाएगी। अपना गोरखपुर प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, व्यावसायिक, प्रबंधकीय, हॉस्पिटैलिटी समेत किसी भी विशिष्ट प्रकार की शिक्षा के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही सीमावर्ती बिहार और नेपाल के लिए उम्मीदों का प्रमुख केंद्र बन चुका है। गोरखपुर में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव महज आठ सालों में देखने को मिला है। इस बदलाव का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। योगी आदित्यनाथ नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर हैं। शैक्षिक उन्नयन के प्रति ऊर्जस्वित विचार उन्हें अपनी पीठ से विरासत में मिला है। गोरखपुर को केंद्र में रखकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक क्रांति में गोरक्षपीठ और इसके दो पीठाधीश्वरों ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की बड़ी भूमिका मानी जाती है। योगी आदित्यनाथ इसी भूमिका का फलक और व्यापक कर रहे हैं। संसदीय कार्यकाल से ही उनकी मंशा गोरखपुर को नॉलेज सिटी के रूप में विकसित करने की थी और उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद यह तेजी से साकार होती गई है। अब पूर्वांचल के जवान फौज में सिर्फ जवान ही नहीं अफसर भी बन सकेंगे सीएम योगी के प्रयासों से गोरखपुर में सैनिक स्कूल भी बन गया है और इसमें पढ़ाई भी होने लगी है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला और उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा संचालित प्रदेश का दूसरा सैनिक स्कूल है। यह बताने की जरूरत नहीं कि सैनिक स्कूल किसी भी क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। गोरखपुर में सैनिक स्कूल बन जाने से अब सैन्य सेवाओं में अवसरों के लिए क्षेत्रीय संतुलन बढ़ेगा। सैनिक स्कूल को सीएम योगी ने ड्रीम प्रोजेक्ट मानकर बनाया है।

## सीएम योगी गोरखपुर से करेंगे तीन दिवसीय विकास उत्सव का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** वर्तमान प्रदेश सरकार के सफल आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 25 से 27 मार्च तक राज्य के सभी जिलों में मनाए जाने वाले विकास उत्सव का शुभारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को गोरखपुर में होंगे। वह पूर्वाह्न 10 बजे महंत दिग्विजयनाथ पार्क (रामगढ़ताल के सामने) में आयोजित 20 से अधिक विभागों की विकास एवं जनकल्याण केंद्रित प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में सीएम 50 दिव्यांगजन को ट्राइसाइकिल वितरित करेंगे और विभिन्न योजनाओं के 25 लाभार्थियों को प्रमाण देकर सम्मानित करेंगे। विकास उत्सव में सम्मिलित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्वाह्न 11 बजे से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के सामने स्थित मैदान में पूर्व विधायक ओमप्रकाश पासवान की 29वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होंगे। यह आयोजन पूर्व विधायक स्वर्गीय पासवान के पुत्र एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने किया है। गोरखपुर दौरे के दौरान सीएम योगी मंगलवार को ही राजकीय बौद्ध संग्रहालय और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में आयोजित 'नवनाथ एवं नाथ परंपरा' विषयक चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम अपराह्न 3:30 बजे प्रस्तावित है।

## आबकारी विभाग द्वारा नवीन आवंटित दुकानों के अनुज्ञापियों के साथ बैठक की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 24.03.2025 को जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद के नेतृत्व में सत्र 2025 26 हेतु नवीन आवंटित दुकानों के अनुज्ञापियों, थोक अनुज्ञापियों एवं oasys के प्रतिनिधियों की मीटिंग आहूत की गयी। मीटिंग में अनुज्ञापियों को आबकारी दुकानों के संचालन हेतु विभागीय नियमों निर्देशों को बताते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के संबंध मे अवगत कराया गया। 01.04.2025 को स्टाक एवं ब्रांड की उपलब्धता को लेकर निर्देशित किया गया कि स्टाक एवं ब्रांड की पर्याप्त उपलब्धता दुकानों पर उपलब्ध रहे जिसके हेतु थोक अनुज्ञापन एवं फुटकर अनुज्ञापन को 31.03.2025 की मध्य रात्रि से ही दुकानों के लिए थोक अनुज्ञापन से निकासी दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। अनुज्ञापियों को दुकान की चौहद्दी, विक्रेता के नाम, प्रतिभूति राशि जमा करने, नियमानुसार बोर्ड लगाने, PoS मशीन प्राप्त करने, दुकानों पर दो CCTV कैमरा लगाने, ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा रखने, चरित्र प्रमाण पत्र समय से प्रस्तुत करने, नियमानुसार दुकानों के संचालन करने के बारे में अवगत कराया गया।

## लोधी संदीप कुमार राजपूत बने कौशल्या ह्यूमिनीटी फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस जिला महासचिव लोधी संदीप कुमार राजपूत को कौशल्या ह्यूमिनीटी फाउंडेशन का प्रदेश संयोजक बनाया गया जिसका लेटर जारी करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी अर्चना सिंगरौल जी ने संगठन को उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी। बताते चलें कि कौशल्या ह्यूमिनीटी फाउंडेशन एक सामाजिक संगठन है जो संपूर्ण भारत में गरीबों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों दलितों, शोषितों, मजदूरों के बच्चों को शिक्षा, प्रदान करने के शैक्षिक रिकार्ड सामग्री के साथ साथ त्यौहारों पर गरीबों के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों को करता है तथा बच्चों को खेलकूद दौड़, लेखन व गायन प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज को जागरूक करता रहता। संदीप कुमार राजपूत जिला महासचिव फर्रुखाबाद कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल्या ह्यूमिनीटी फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और संगठन की ज़िम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

## अलीगढ़ बीएसए के हैरान करने वाले कारनामें आखिर कब सीएम योगी करेंगे कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में वर्तमान में कार्यरत बीएसए राकेश प्रताप सिंह के कारनामे आए दिन समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे हैं। जीरो टॉलरेंस नीति और भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजरों से दूर भ्रष्ट बीएसए के कारनामे हैरान करने वाले हैं। तो कभी कवरेज करने पर तो कभी आरटीआई मांगने पर पत्रकारों को धमकाते हैं। वही आजमगढ़ में बीएसए राकेश प्रताप सिंह की पत्नी के स्कूल में सामूहिक नकल भी पकड़ी गई है। जिसमें बीएसए राकेश प्रताप सिंह के भाई भी शामिल है , जो कि पुलिस की गिरफ्त में भी लिए गए हैं। अलीगढ़ में भी कई मामले संज्ञान में आने के बाद से बीएसए इस सभी मामले पर पर्दा डालते हुए नजर आए। इन मामलों में चौबीस मार्च से शुरू होने वाली परीक्षाओं के अनसोल्वड पेपर जो कि मुस्तैद सुरक्षा और सील लगाकर लाए जाते हैं और वहीं प्रश्नपत्र फटे हुए प्लास्टिक के बोरे में बीएसए परिसर में रद्दी की तरह देखने को मिले। जब इस लापरवाही को कैमरे में कैद किया गया और बीएसए से प्रश्नपत्र के खुले आने और बिना सील के आने के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा साफ तौर पर मना कर दिया गया,लेकिन कुछ देर बाद ही अपनी तरफ से कॉल करके बीएसए के द्वारा लापरवाही की वीडियो बनाने को लेकर कलमकार के खिलाफ ही एफआईआर करने की धमकी दे डाली,जबकि स्वयं बीएसए राकेश प्रताप सिंह के द्वारा मना किया गया कि प्रश्नपत्र के बोरे खुले हुए नहीं है,लेकिन जब बात खुलती नजर आई तो सीधे शब्दों में पत्रकार को ही एफआईआर की धमकी दे डाली। बात की जाए अगर बीएसए अलीगढ़ राकेश प्रताप सिंह के जुड़े हुए तार की, तो इनकी पत्नी के स्कूल में सामूहिक नकल पकड़ी गई है, जिसमें बीएसए के छोटे भाई धर्मेंद्र प्रताप सिंह प्रबंधक थे, जो कि जेल में है । इसके अलावा कई जांच शासन से अलीगढ़ राकेश प्रताप सिंह के खिलाफ बैठी हुई है। नियमों को ताक पर रखकर इनके गांव नरफोरा में पिताजी के नाम पर राशन का कोटा संचालित हो रहा है और छोटे भाई धर्मेंद्र प्रताप सिंह जो कि नकल कराने के आरोप में जेल में है, उनकी पत्नी गांव नारफोरा की प्रधान है। जबकि नियमानुसार प्रधान और राशन कोटा एक घर में नहीं हो सकते। इसके अलावा बनारस में रहते हुए बीएसए के ऊपर धोखाधड़ी, जालसाजी, षड्यंत्र एवं भ्रष्टाचार की धाराओं में भी मुकदमा दर्ज किया गया है , जो कि जुलाई 2022 में किया गया था। इसके अलावा शासन से कई जांच बीएसए के विरुद्ध बैठी हुई है। जिनमें लगातार जांच चल रही है। अब देखना यह होगा कि जीरो टॉलरेंस की नीति और भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले को कैसे लेते हैं।

## शिक्षकों ने शहादत दिवस पर रक्तदान कर लोगो से रक्तदान करने की अपील की

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद जालौन के तत्वाधान में शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन राजकीय मेडिकल कालेज उरई में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विनोद चतुर्वेदी विधायक कालपी विधानसभा, मेडिकल कालेज के वित्त नियंत्रक आशुतोष चातुर्वेदी ब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन चन्द्र प्रकाश जी मेडिकल कालेज के सी एम एस डॉ प्रशांत निरजन एवम जिला संरक्षक महेंद्र सिंह भाटिया जी रहे। विद्यासागर मिश्र जिलाध्यक्ष,नरेश निरंजन जिलामंत्री शुभम अग्रवाल जिलाध्यक्ष निफा के द्वारा लोगो से रक्तदान करने के साथ इसके लिए जागरूकता फैलाने के लिए कहा। इसके रक्तदान करने वाले साथियों का उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने माला पहनकर स्वागत किया। 20अध्यापकों एवम अन्य रक्त दातायो ने इस पुण्य कार्य किये। जिसमे निर्दोष द्विवेदी, अरविंद कुमार श्रीवास्तव ,राजीव थापक, लाल जी पाठक, अरुण निरंजन ,विपिन उपाध्याय, अनुराग गोस्वामी, आदित्य बादल, श्याम जी गोस्वामी, राम राजा तिवारी ,तालिब बेग, रविंद्र पटेल, उपवन कुमार सिंह, प्रेमचंद निरंजन दिनेश कुमार लक्ष्मी चंद डॉ प्रशांत निरजन, कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक बंधु अरविंद श्रीवास्तव, सूर्यकांत चतुर्वेदी, राजेन्द्र निरंजन,सुशील श्रीवास्तव, अरविंद वर्मा, हृदेश कुमार, तालिब बेग,योगेन्द्र सिंह जादौन, वेदप्रकाश मिश्रा,महेंद्र वर्मा, धर्मपाल जादौन,महेंद्र याज्ञिक, सत्य नारायण निरंजन, धर्मेंद्र गौर,,कमलेश पाल,बृजेंद्र दूरबार,अमित सेंगर,राजेश शुक्ला, संजय दुबे,कृष्ण कांत बाजपेई, ,रुपेंद्र सक्सेना, पवन निरंजन,श्रीकांत अवस्थी, अमित कुमार द्विवेदी अनुराग मिश्रा, राघवेंद्र दीक्षित, गोविंद स्वारकार, अमित सिंह, कृष्णकांत बाजपेयी, प्रेम चंद , विजय सिंह राजावत, हृदेश शिवहरे राजेश शुक्ला, कुबेरनाथ गौतम,सौरभ गुप्ता ब्लड बैंक की डॉ उर्वशी, डॉ तरुण, अमृता बाजपेयी अंकिता शुक्ला, हेमलता गोस्वामी,सुधा राहुल कुमार, अमन कुमार, आदित्य कुमार उपस्थित रहे।

## शब-ए-गम और शब-ए-कद्र का आयोजन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** मरकज़-ए-तालीम व तरबियत ट्रस्ट की ओर से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में खास तारीखों पर छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद और कर्बला दयानतउद्दौला बहादुर में मजलिसें आयोजित की गईं। शब-ए-कद्र की रातों में दुआ-ए-जौशन कबीर का खास इंतजाम किया गया, जिसमें महदवी समाज से आए उस्तादों ने खूबसूरत आवाज में अल्लाह के कई नामों से दुआ की। उस्तादों ने अपनी तकरीरों में अल्लाह के वलियों की मुनाजात पर ध्यान दिलाया और युवाओं को खास तौर पर इस बात की नसीहत की कि वे अपने पैदा करने वाले से मजबूत रिश्ता बनाए रखें, क्योंकि वही एक ऐसी हस्ती है जो हमेशा अपने बंदों के साथ रहती है। अल्लाह का दरवाजा हमेशा अपने बंदों के लिए खुला रहता है और वह गलतियों के बावजूद अपने बंदों को दुत्कारता नहीं, बल्कि उनकी तौबा को कुबूल कर लेता है। शब-ए-कद्र को तक़दीर की रात मानते हुए, लोगों ने पूरी रात इबादत में जागकर इमाम-ए-ज़माना (अ.स.) के ज़हूर और देश की भलाई की दुआ मांगी।

## डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक संपन्न



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक आहुत की गई। डीएम ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। डीएम ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए विभागीय समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करें। डीएम ने खाद्य कारोबारियों को अधिनियम के तहत पंजीकृत किए जाने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड टू दीनानाथ ने वर्ष 2024-25 में हुई कार्यवाही से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में 3166 छापामार कार्यवाही करते हुए 826 नमूने संग्रहीत किए गये। 666 नमूने की जांच प्राप्त हो गई है जिनमें से 250 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। 89 असुरक्षित, 22 मिथ्या छाप पाए गए। उन्होंने बताया कि 418 वाद माननीय न्याय निर्णायक अधिकारी न्यायालय एवं 157 वाद माननीय न्यायिक न्यायालय में दायर किए गये हैं। उन्होंने बताया कि माननीय न्याय निर्णायक अधिकारी न्यायालय द्वारा 368 मुकदमे निर्णीत किए गए एवं 89,94,000 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया जबकि माननीय न्यायिक न्यायालय द्वारा 15 वाद निर्णीत कर 02 लाख 55 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया।

## युवती की बरामदगी नहीं होने से असंतुष्ट हिंदू संगठनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** दो दिन पूर्व किशोरी को संप्रदाय विशेष का युवक अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। हालांकि कोतवाली में किशोरी को अज्ञात युवक द्वारा भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके बारे में जब बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को जानकारी हुई तो उन्होंने कोतवाली पहुंचकर घटना को लेकर विरोध जताया और तीन दिन में युवक की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर क्षेत्र की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी दो दिन पूर्व एक संप्रदाय विशेष का युवक अपने साथ भगा ले गया था। मजदूर पिता ने कोतवाली में अज्ञात युवक द्वारा बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन अभी तक किशोरी का कोई पता नहीं चल सका है। यह मामले की जानकारी जब विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों को हुई तो उन्होंने किशोरी से पिता से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। जब विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष आशीष द्विवेदी भोले व बजरंग दल संयोजक मानवेंद्र परिहार ने बताया कि जब उन्होंने किशोरी के पिता से जानकारी ली कि उन्होंने अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट क्यों लिखवाई है। जिस पर पिता ने बताया कि युवक के परिजनों ने उनके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न कराने का दबाव बनाया था। साथ ही नाम दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद रात में ही विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष आशीष द्विवेदी भोले, नगर संयोजक अनुराग तिवारी, बजरंग दल संयोजक मानवेंद्र परिहार, गोलू द्विवेदी, अंशु गौतम, दीपेंद्र राठौर, अभिषेक कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, अखिलेश बाथम, निशांत अवस्थी, हरिमोहन और राजेश सहित अन्य कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने घटना को लेकर विरोध जताया। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह से मुलाकात कर घटना को लेकर नाराजगी जताई। कहा कि अगर आरोपी की तीन दिन में गिरफ्तारी नहीं होती है, तो वे आंदोलन करेंगे।

## ग्राम पंचायत नयागांव हुसैनपुर तराई में पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर अमृतपुर, ग्राम पंचायत नयागांव हुसैनपुर तराई में पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सुमित कुशवाह रहे, जबकि मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा थे। कार्यक्रम में लगभग 200 लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी राजेपुर के ब्लॉक अध्यक्ष रुक्मांगल सिंह यादव, अनिल अवस्थी, देव सिंह राजपूत, राजू कुशवाहा (पूर्व प्रधान) सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मनोज मिश्रा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सोच शोषित, वंचित और पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाना और प्रदेश में समाजवाद की स्थापना करना है। उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा केवल धर्म और जाति के नाम पर वोट मांगती है।

## उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर 25 26 27 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उप्र के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर दिनांक 25, 26 व 27 मार्च को रॉयल जे0जे0 आर0 गेस्टहाउस फतेहगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में 3 दिन में 06 सत्रों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 12 थींम पर विभिन्न गतिविधिया सम्पन्न की जायेगी, संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान युवाओ के लिये रोजगार मेलो व स्वरोजगार हेतु बैंको द्वारा ऋण शिविर आयोजित किये जायेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यदा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पारिवारिक लाभ, शादी अनुदान, पी0एम0 कुसुम योजना, किसान सम्मान निधि, कन्या सुमंगला योजना से संवंधित सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित कराएंगे , साथ ही कृषि, उद्यान, पशुपालन, व्यापार व उद्योग विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहकर अपने विभाग की योजनाओं से लोगो को अवगत कराएंगे। इस अवसर पर 42 विभागों द्वारा अपनी योजनाओं से संवंधित प्रदर्शनी व स्टॉल लगाये जायेंगे। इसके साथ ही राजस्व विभाग द्वारा आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाणपत्र व घरौनी वितरण व टैबलेट वितरण किया जाएगा व राजस्व संबंधी मामले के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी, उक्त कार्यक्रमो में प्रदेश में पिछले 08 बर्षो के दौरान हुये विकास कार्यो पर आधारित लधु फ़िल्म व महाकुंभ पर आधारित लघुफिल्म दिखाई जाएगी।

## फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रमों की योजना हेतु जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता




**फर्रुखाबाद।** दिनांक 24 मार्च दिन सोमवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रमों की योजना हेतु जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ इस जिला कार्यशाला में प्रदेश की योगी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया 2017 में प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं।

संगठन के निर्देशानुसार 25 मार्च से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त हुई है यह कार्यशाला उन कार्यक्रमों को जनपद में सफल बनाने के लिए आयोजित की गई है जिला अध्यक्ष ने बताया उत्तर प्रदेश सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियां का उत्सव अभियान मनाया जाएगा यह अभियान 25 मार्च से आरंभ होकर 14 अप्रैल तक चलेगा इस अभियान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे। 25-26 मार्च को जिला व विधानसभा स्तर पर पत्रकार वार्ता का आयोजन होगा जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री एवं स्थानीय विधायक जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष सम्मिलित रहेंगे।

सभी मंडलों में लाभार्थी मेला आयोजित होगा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट स्टॉल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं योजनाओं वाली प्रदर्शनी लगी होगी।

28 से 30 मार्च के मध्य घर-घर संपर्क अभियान जो की प्रथम चरण के रूप में चलेगा जिसमें 200 वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर प्रत्येक कार्यकर्ता को एक शक्ति केंद्र अथवा तीन गांव आवंटित होंगे जो गांव में बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं पर उपलब्धियां का प्रचार करेंगे। 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर बैठके आयोजित होगी जिसमें सरकार के 8 वर्षों में किए गए कार्यों की चर्चाएं होंगी।

## जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के 453 पदों पर चयन प्रक्रिया पूर्ण

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए निर्धारित 453 पदों पर चयन की प्रक्रिया शासनादेश में उल्लिखित प्रावधानों के तहत चयन समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई है। सीडीओ ने बताया कि चयन सूची समस्त संबंधित विकासखण्ड एवं बाल विकास परियोजना कार्यालयों के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय एवं विकास भवन के सूचना पट पर आमजन के अवलोकन के लिए चस्पा कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त राय ने बताया कि बाल विकास परियोजना शहर में 66, खैर में 31, धनीपुर में 55, चण्डौस में 24, बिजौली में 25, टप्पल में 29, लोधा में 61, गोंडा में 17, अतरौली में 18, अकराबाद में 22, गंगीरी में 33, जवां में 45, एवं इगलास में 27 लाभार्थियों का चयन किया गया है।

## नवीन बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नवीन बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य अतिथि एसडीएम विनय कुमार मौर्य एवं कृष्ण चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार एसके मिश्रा एवं नायब तहसीलदार गौरव कुमार उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने कहा, न्याय व्यवस्था में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे न्यायिक प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा हैं और समाज में कानून के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य भी करते हैं। उम्मीद है कि नई कार्यकारिणी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करेगी। कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आवेश कुमार त्रिवेदी, महामंत्री लोकेंद्र सिंह सेंगर, कोषाध्यक्ष ओम नारायण सक्सेना, सहमंत्री प्रशासन आदित्य कुमार सिंह, मीडिया जयनारायण वर्मा, पुस्तकालय सुशील त्रिपाठी, वरिष्ठ सदस्य मानवेंद्र सिंह सेंगर व विजय सिंह, कनिष्ठ सदस्य पद पर राजेंद्र दूरबार व जगदीश प्रसाद साहू ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। अंत में एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश कुमार प्रजापति ने कहा, वह अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रयासरत रहेंगे।


## सूचना

न्याया. प्रधान न्यायधीश (परि.)सहारनपुर प्रकीर्ण वाद सं024 सन 2024 श्रीमति तृप्ति उम्र 32 साल विधवा विकास कुमार निवासी केयर आफ राहुल पुत्र धर्मपाल ग्राम रायपुर दरेढा हरिद्वार उत्तराखण्ड आ.नं. 2225 5416 9488....प्रार्थीया.....बनाम...1- श्री तीरत पाल आयु 59 वर्ष पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम झबीरण पर0 व तह0 रामपुर मनिहरान जिला सहारनपुर 2-आम जनता...विपक्षी हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 25 गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट 1890 इस न्यायालय में दाखिल किया है लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन दि0 27.3.25 को दस बजे दिन मेरे न्याया.में हाज़िर हो कर जवाब देही दावा करें आपको लाज़िम है कि उसी रोज जुमला गवाह दस्तावेज़ जो आप अपनी ताईद में इस्तेमाल करना चाहें पेश करें बेरोज मज़कूर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**प्रधान न्यायधीश (परि.) सहारनपुर**

## सूचना

न्यायालय मा.प्रथम अपर सिविल जज जू0डि0 सहारनपुर वाद सं0 60 सन 2023 राम सिंह बनाम शिवानी सिंघल नोटिस बनाम श्रीमति सरिता गुप्ता पत्नि श्री अजय कुमार गुप्ता नि.834. रेलवे रोड, दुर्गा कालोनी, देवबन्द जिला सहारनपुर। हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थायी निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपके हुक्म होता है कि आप तारीख 26-3-2025 को 10 बजे दिन के असालतन/मार्फत वकील के जी मुकदमा के हालात से करार वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या कोई शख्स हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और हरगाह वोही तारीख जो आपके इजहारों के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को शहादत दस्तावेज़ जो चाहें पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत से जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रबन्धक/मुंसरीम प्रथम**
**अपर सिविल जज जू.डि. हवाली सहारनपुर**

# अपराधिक घटनाओं पर राजनीति कर रहा विपक्षः डा.सर्वेश वर्मा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. सर्वेश वर्मा ने जनहित के मुद्दों पर मीडिया के समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा, मीडिया ने हमेशा जनहित के मुद्दों को उठाया है,और हमें उसका साथ मिला है। डॉ. वर्मा ने अयोध्या के प्रशासन का भी धन्यवाद दिया, कहा प्रशासन की ओर से समय पर की गई वैधानिक कार्रवाई के कारण कई समस्याओं का समाधान हुआ। किन्तु जिले में विपक्षी राजनैतिक दल अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हे समाज से जुड़े मुद्दों पर राजनीति न कर पीड़ितों का भला करने की कोशिश करनी चाहिए। डा. सर्वेश वर्मा ने हाल ही में गोसाईगंज में घटित एक घटना का जिक्र किया, जिसमें थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर किया गया। शहनवां की घटना में पीड़ित को न्याय भी मिला। इसके अलावा, उन्होंने तथाकथित अयोध्या के राजा के बारे में भी टिप्पणी की । उन्होंने कहा सांसद अवधेश प्रसाद केवल राजनीति करते हैं। अयोध्या के कथित राजा जो पीड़ित परिवार को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, वे सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। डॉ. वर्मा ने सोहावल तहसील में हुई घटना पर दुख व्यक्त करते हुए यह सुझाव दिया कि तहसील कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जानी चाहिए। साथ ही तहसील के कर्मचारियों से बातचीत की जानी चाहिए , ताकि घटना की वास्तविकता का पता चल सके। पीड़ित परिवार की पीड़ा को राजनीति का हिस्सा बनाना गलत है। सांसद अवधेश प्रसाद फर्जी विलाप कर जो सहानुभूति बटोरना चाहते हैं। प्रेस वार्ता में अनूप वर्मा, प्रधान संघ के उपाध्यक्ष ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की थी और तब से संबंधित घटनाओं का समाधान किया गया है।

# एसडीएम सदर व सीओ अयोध्या ने मारा छापा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एसडीएम सदर विकास धर दुबे और सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में मास्टरमाइंड पर शिकंजा कस दिया। इस दौरान एक सफेद स्कॉर्पियो (क्ष 32 चड्ढ़ 7172) और अवैध खनन में प्रयुक्त पोकलैंड मशीन जब्त कर ली गई। मास्टरमाइंड की चालाकी बेकार, पुलिस के हाथ लगा बड़ा सुराग सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध खनन तेजी से चल रहा है। कई जेसीबी और डंपर मिट्टी भरकर अवैध तरीके से ले जाए जा रहे थे। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते जेसीबी और डंपर भागने में सफल रहे, लेकिन मास्टरमाइंड अपनी स्कॉर्पियो और पोकलैंड नहीं बचा पाया और पुलिस की गिरफ्त में आ गया। मास्टरमाइंड ने सुरक्षा इंतजाम बेहद सुनियोजित तरीके से कर रखे थे। हर 100 मीटर पर फोर-व्हीलर तैनात थी, साथ ही बाइक सवार निगरानी दल तैनात थे, ताकि कोई भी कार्रवाई होने से पहले सूचना मिल सके। लेकिन इस बार प्रशासन की सधी हुई रणनीति ने पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। खनन मास्टरमाइंड को भनक तक नहीं लगी कि एसडीएम सदर विकास धर दुबे और छ्हृ अयोध्या आशुतोष तिवारी इस बार अलग रणनीति अपनाने वाले हैं। दोनों अधिकारी सरकारी गाड़ी के बजाय साधारण वाहन में आम नागरिक की तरह पहुंचे। इससे मास्टरमाइंड को किसी तरह की आशंका नहीं हुई और वह पुलिस के शिकंजे में आ गया। पुलिस की गिरफ्त में मास्टरमाइंड, पूछताछ जारी तेजी से हुई इस कार्रवाई में अवैध खनन का मास्टरमाइंड पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है और उससे गहन पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है और इसमें किस बड़े नाम का हाथ हो सकता है। खनन अधिकारी को सख्त कार्रवाई के निर्देश एसडीएम सदर विकास धर दुबे ने मौके पर ही खनन अधिकारी को फोन कर तत्काल विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि खनन मास्टरमाइंड और उसके नेटवर्क के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लग सके। इस त्वरित कार्रवाई के लिए एसडीएम सदर विकास धर दुबे एवं सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी की जमकर सराहना हो रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है और कई लोग अंडरग्राउंड होने की फिराक में हैं। इस दौरान कोतवाल मनोज कुमार शर्मा अयोध्या एवं चौकी इंचार्ज विजेंद्र पाल भी मौके पर मौजूद रहे। साथ ही अन्य पुलिसकर्मी भी कार्रवाई में शामिल रहे। पुलिस की पूछताछ और आगे की कार्रवाई से कई और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# नवागत डीडीसी चकबंदी ने गांव का दौरा कर दिए सख्त निर्देश

**अयोध्या।** नवागत डीडीसी चकबंदी एसके शुक्ला ने सोमवार को अयोध्या में पदभार ग्रहण करने के बाद चकबंदी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भीटी तहसील के परमानंद केवरी और पीथापुर गांव का दौरा कर काश्तकारों की समस्याएं सुनीं और चकबंदी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जनता से संवाद के बाद उन्होंने अंबेडकर नगर के चकबंदी अधिकारी व अन्य संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रुके हुए कार्यों को शीघ्र पूरा कर भूमि का मापन एवं बंदोबस्त तहसील में जमा करें। एसके शुक्ला ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक सुधार लाने पर जोर दिया और कहा कि चकबंदी प्रक्रिया इस वित्तीय वर्ष में निष्पक्ष रूप से पूरी की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रक्तदान शिविर में 35 रक्तदाताओं ने भाग लिया, शहीद दिवस पर किया गया आयोजन




**अयोध्या।** शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस पर राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन और नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) के संयुक्त तत्वावधान में प्रेस क्लब अयोध्या में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला रक्तदाताओं के साथ-साथ पुलिस जवानों ने भी रक्तदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।ब्डड मैन के रूप में चर्चित आकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या जिले में रक्त की कमी से किसी की जान न जाए, यह संस्था का मुख्य उद्देश्य है। आरक्षी मो. अहद ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए जागरूकता फैलाने की बात की।इस शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले सभी 35 रक्तदाताओं को शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के परिजनों द्वारा हस्ताक्षरित प्रणाम पत्र, मेमोटो और अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।रक्तदान शिविर में शामिल होने वाले रक्तदाताओं में अरविंद यादव, रजनी वेदी, अंकित यादव, अजय कुमार, अतुल यादव, दिवाकर पाण्डेय, गुरु विन्दर सिंह, उत्तम गुप्ता, हिमांशु यादव, प्रवीण मौर्य, सूरज वर्मा, चरण जीत सिंह, लवकुश ओझा, तुषार जैन, सुनीता जायसवाल, कृपा शंकर मिश्रा, प्रभात शर्मा, मंसूव हैदर आब्दी, शुभम मौर्य, कन्हैया लाल, मनोज यादव, श्री राम साहू, विशाल वर्मा, रत्ना जायसवाल, तरुण श्रीवास्तव, हरप्रीत कौर, रंजीता कौर, तरण जीत सिंह, दीपक प्रताप पटेल, नितिन श्रीवास्तव, संतोष कसौधन, मंजीत सिंह और आशीष सिंह शामिल थे। आयोजन में पुष्पा गुप्ता, संगीता आहूजा, सुमिष्ठा मित्रा, प्रदीप गुप्ता, मनीष मौर्य, नीलम श्रीवास्तव, शैल कुमारी, खुशबू शाही और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के टेक्निशियन अनिल सिंह, विशाल पटेल, काउंलर ममता खत्री और प्रिया तिवारी का योगदान सराहनीय रहा।

## इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस की बैठक में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या की निंदा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की निर्मम हत्या के विरोध में इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस (ढ्ढष्टह्रक्क) की अयोध्या इकाई ने गांधी पार्क, सिविल लाइन में एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव और अन्य सदस्यों ने इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा की।बैठक के दौरान एक ज्ञापन, जो मुख्यमंत्री को संबोधित था, सिटी मजिस्ट्रेट नगर को सौंपा गया। ज्ञापन में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने और मृतक पत्रकार के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की गई। अभी तक मृतक पत्रकार के परिवार को सरकार की तरफ से कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है, जो कि संगठन के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। बैठक में प्रमुख में मांगें उठाई गई पत्रकारों की सुरक्षाः राज्य में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए एक विशेष कानून बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके, आर्थिक सहायताः दिवंगत पत्रकार के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए,मीडिया की स्वतंत्रता की रक्षाः पत्रकारों पर हो रहे हमलों को रोकने और प्रेस की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही अमेठी में पत्रकार रिंकू सिंह पर हुए हमले की भी न्यायिक जांच कराई जाए।इस अवसर पर कुशल मिश्रा, समीर शाही, राजेंद्र कुमार दुबे, नवनीत कौशल, आकाश सोनी, प्रवेश पांडेय सहित कई पत्रकार भी उपस्थित रहे।

## कार ने ऑटो में मारी टक्कर ,हादसे में ऑटो सवार नर्सिंग की छात्रा की मौत ,जबकि छह यात्री घायल

**अयोध्या।** कोतवाली रुदौली अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर टाटी बाबा के सामने एक कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार नर्सिंग की छात्रा की मौत हो गई, जबकि छह यात्री घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली से मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर किया गया है।सोमवार की सुबह करीब 10 बजे भेलसर चौराहे से सवारी लेकर एक ऑटो अयोध्या की ओर जा रहा था। ग्राम मख्वापुर के टाटी बाबा के निकट पीछे से आ रही एक कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो मुख्य मार्ग पर 10 मीटर दूर गिर कर पलट गया, जबकि कार भी सड़क की पटरी से उतर गई। दुर्घटना के बाद चीख पुकार मच गई, हाईवे पर जाम लग गया। घटना स्थल पर कोतवाल संजय मौर्य, चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ पहुंचे व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी रुदौली ले गए। जहां चिकित्सक डॉ मो फहीम ने कामिनी वर्मा (22) पुत्री अमरजीत वर्मा निवासी मुबारकगंज सोहावल थाना रौनाही को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल अफसाना (22) पत्नी सद्दाम निवासी इमली पटवन थाना कोतवाली रुदौली, संजय कुमार (35) पुत्र अर्जुन लाल निवासी अल्हवाना थाना कोतवाली रुदौली, रशीदा (45) पत्नी जिया उल हक, आलिया खातून (10) पुत्री जिया उल हक निवासी छोटा मानपुर सुजानगंज थाना कोतवाली रुदौली, राहुल जायसवाल (23) पुत्र गुरुदीन निवासी ग्राम भेलसर थाना कोतवाली रुदौली व एक अज्ञात व्यक्ति की हालत गंभीर होने से राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया गया।कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतका सोहावल स्थित भवदीय इंस्टीट्यूट में नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा थी। सोमवार को वह कोतवाली रुदौली के रसूलपुर गांव स्थित अपनी ननिहाल से स्कूल जा रही थीं।

# डबल इंजन की सरकार में हो रहा है संस्कृति और विकास का अनूठा मेलः वेद गुप्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के कैम्प कार्यालय रिकाबंगज में आयोजित जनता दर्शन में ग्राम कुम्हिया कुशमाहा के निवासियों ने विधायक से मुलाकात किया। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण के दौरान उनके घर व जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया था। जिसके एवज में शासन द्वारा घर बनाने के लिए अचारी का सगरा दर्शन नगर के समीप भूमि आवंटित की गई थी। उनका आरोप है कि तत्समय अधिकारियों ने 8.50 मी. सड़क से छोड़ कर घर बनवाने को कहा गया था। इतना छोड़ कर घर बनवाया। परन्तु अब 4 मी. और छोड़ कर निर्माण करने की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक



ने पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियन्ता एसपी भारती से फोन से वार्ता कर मामले के निस्तारण का निर्देश दिया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अधिशाषी अभियन्ता को बिना किसी का नुकसान हुए मामले को निस्तारित करने के लिए कहा गया है। विकास कार्यों से किसी का नुक्सान न हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और विकास का अनूठा मेल डबल इंजन की सरकार में हो रहा है। अपनी सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजते हुए अयोध्या में नित नए विकास कार्य हो रहे है। अयोध्या को विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया गया है। पूववर्ती सरकारों में उपेक्षित रामनगरी डबल इंजन की सरकार में अपनी महिमा व गरिमा के अनुसार अपने वैभव को प्राप्त कर रही है।

जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न समस्याओं को लेकर आए लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को विधायक ने निर्देशित किया। विधायक से मिलने वालों में कुशमाहा निवासी रामजी सोनी, बैजनाथ, सुग्रीव यादव, राम कुमार, सूरज यादव, शम्भूनारायण, मदन लाल, रामनाथ सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल है।

## जेसी अयोध्या ने मनाया होली मिलन समारोह



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जेसी अयोध्या द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों का स्वागत गुलाल और राम नामी पटके से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पंचुअलिटी गिफ्ट वितरण किया गया, जिसमें अर्पित , गोविंद और प्रेरक विजेता रहे। इसके बाद हाऊसी गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें अर्पित जी विजेता रहे। बच्चों और कपल्स के लिए भी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने सक्रिय रूप से भाग लिया।समारोह के दौरान फूलों की होली खेली गई, जिससे कार्यक्रम में रंगीन और आनंदित माहौल बना। प्रोग्राम के आयोजक अमन जी, प्रत्यूष जी, शुभम जी और स्वप्निल जी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।महामंत्री आकाश अग्रवाल ने कहा, ÷हम सालभर इसी प्रकार के पारिवारिक और सामाजिक कार्यों में मिलजुल कर भाग लेंगे।÷ अध्यक्ष मनीष गोयल ने संस्था की सामूहिक कार्यों की योजना पर प्रकाश डाला, जिसमें ब्लड डोनेशन, छात्रवृत्ति वितरण, कंबल वितरण, भंडारा, दीपावली और होली सेलिब्रेशन जैसे कार्य शामिल हैं।इस कार्यक्रम में डॉ. गौरव उपाध्याय, अनुज अग्रवाल, आयुष बांका, धीरेश कुमार, रोहित कंसल, संदीप गुप्ता, मधुर बंसल, अंकित अग्रवाल, रक्षित अग्रवाल, रोहित मकीन, मनीषा, नेहा, आकृति, सुमन, अनुपमा, शिवांगी, अमृता और अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## शहीद दिवस पर याद किये गए महान स्वतंत्रता सेनानी




*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** नेहरु युवा केन्द्र के तत्वावधान में सोमवार को मिठौरा विकास खंड के अंतर्गत पिपरा सोनाड़ी में शहीद दिवस मनाया गया। जिसमें देश की आजादी के लिए अपने प्राण निछावर करने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु, और सुखदेव के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान के बारे में बताया गया। प्रधानाध्यापक सतीश सिंह ने कहा कि आज जिस देश में हम खुले हुए आजादी का सांस ले रहे है उसके लिए ना जाने कितने भारत माता के बेटों ने बलि दिया हैं। जिसमें से देश के महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु ने हंसते हंसते देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूल गए। अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुन्नी पटेल ने कहा कि आज के युवाओं को इन महान क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस दौरान राममूरत,चन्द्रभान चौधरी, देवनारायन पटेल,अर्जुन गुप्ता, राजन गुप्ता, अखिलेश, भोला परेल, सत्येन्द्र पटेल मुसाहेब अली,आदि गणमान्य उपस्थित रहें।

## कार्यकर्ताओं के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहूंगाः बीजेपी जिलाध्यक्ष

## जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** जनपद में बीजेपी जिलाध्यक्ष एक बार पुनः बनाए जाने पर अशोक उर्फ संजय पांडेय का सोमवार को भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत से भावविभोर जिलाध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि का दायित्व देकर शीर्ष नेतृत्व ने मेरा और जिले कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाया है। इस मंच से मैं कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहूंगा। कार्यकर्ताओं का उत्साह मेरे लिए ऊर्जा के समान है। कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है।

पनियरा विधानसभा क्षेत्र के सीमा कतरारी चौराहे पर भाजपा युवा नेता, विधायक पुत्र प्रेमशंकर उर्फ निर्भय सिंह के अध्यक्षता में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत अभिनंदन के क्रम में परतावल चौराहे पर चेयरमैन प्रतिनिधि



परतावल सतीश मद्धेशिया के अध्यक्षता में स्वागत हुआ। छपिया चौराहे पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव के अध्यक्षता में अभिनन्दन किया गया वहीं धर्मपुर चौराहे पर ग्राम प्रधान प्र0 सुग्रीव जायसवाल के नेतृत्व में उपस्थित होकर जनता ने स्वागत किया। भिटौली में जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर रौनियार के नेतृत्व में स्वागत किया गया। सेमरा टोल प्लाजा पर सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया के नेतृत्व में हजारों लोगों ने जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। शिकारपुर और गौनारिया में क्रमशः प्रमुख धीरू सिंह एवं अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। जगह जगह लोगो ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का गर्म जोशी से स्वागत किया । नगर के सक्सेना तिराहे पर नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। नगर में प्रवेश करते ही जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने शिब्बन लाल सक्सेना की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात हजारों गाड़ियों के काफिले के साथ जुलूस पार्टी कार्यालय पहुंचा जहां फरेंदा पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, चौधरी शिवेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष समीर त्रिपाठी,परदेसी रविदास ,जिला महामंत्री बबलू यादव ओम प्रकाश पटेल ने भव्य स्वागत किया।

## ऑटो रोक कर मारने पीटने के आरोप में चार पर केस दर्ज

**सिंदुरिया(महराजगंज)।** भिटौली थानाक्षेत्र के ग्राम सभा पचरुखिया निवासी सत्यम पुत्र विदेशी यादव ने सिंदुरिया थाने में तहरीर देकर बताया है कि मैं 22 मार्च 025 को समय करीब दोपहर 1.30 बजे जव हम अपने बहन को लेकर सिन्दुरिया से अपने घर जा रहे थे हम सब ग्राम मोहनापुर पहुचे तो विपक्षी बिंद्रेश पुत्र रामअवध, ग्राम मुजहना बुजुर्ग निवासी थाना सिन्दुरिया कमलेश यादव पुत्र रामसुरत, चन्द यादव पुत्र कमलेश, नागेन्द्र पुत्र दुधई यादव निवासी गण गौनरिया थाना-सिन्दुरिया ने मिलकर आटो रिक्शा रोक कर मुझे उतार कर भदी- भदी गाली देते हुए मारने पीटने लगे मौके पर गाँव के लोगो के इकट्ठा होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।सत्यम यादव ने सिंदुरिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार तहरीर के आधार पर चार लोगों पर मारने पीटने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई किया गया है।

# आरपीआईसी का आयोजित हुआ विदाई समारोह कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज (सिसवा बाजार)।** स्थानीय कस्बे में स्थित अवंतिका मैरेज हाल में फेयरवेल कार्यक्रम यादें का आयोजन हुआ । आरपीआईसी स्कूल सिसवा बाजार के तत्वाधान में यह आयोजन किया गया । बारहवीं के 348 विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा दिया था । कई वर्षों से चली आ रही प्रक्रिया के तहत बारहवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह कार्यक्रम ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया । आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गणेश वंदना से शुभारंभ विद्यार्थी पिंटू द्वारा किया गया । इसके उपरांत महक ग्रुप द्वारा स्वागत गीत, रिया ग्रुप द्वारा मिक्स सॉन्ग पर नृत्य, आंचल ग्रुप द्वारा नृत्य प्रदर्शन, रुनझुन ग्रुप तथा पलक द्वारा क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत हुआ । अर्पिता द्वारा गीत प्रस्तुत करने के साथ साथ कृतिका ग्रुप द्वारा संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया । इसके अलावा विद्यार्थियों ने नन डांस द्वारा डराने के साथ साथ रोमांचित करने का कार्य किया । कार्यक्रम मे विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ पंकज तिवारी के अलावा मेहताब तथा अभिषेक रुद्र ने संबोधन का कार्य किया ।

वक्ताओं ने बारहवीं के बाद आने वाली समस्याओं तथा उनके निदान हेतु उपाय के बारे मे बताया । साथ ही साथ भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन किया। आयोजन में विद्यालय परिवार के सदस्य तथा भारतीय जनता पार्टी के नेता धीरज तिवारी, स्कूल इंचार्ज देवेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ अध्यापक प्रतिक श्रीवास्तव, स्वयं प्रकाश पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, तौसीफतली, नसीम, अरुण श्रीवास्तव, अभिषेक रुद्र, विजयलक्ष्मी, रश्मि, बृजेश यादव, विमलेश पांडे, नागेश्वर चौधरी, मंजेश, आशुतोष उपाध्याय, मनकेश्वर, अनिल कपूर, मेहताब अंसारी तथा संजय सिंह उपस्थित रहे।

## दो ठेला व्यापारियों की पिटाई को लेकर मुखर हुआ व्यापार मंडल



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कोल्हुई बाजार के मुख्य तिराहे पर शुक्रवार को दो ठेला व्यापारियों की पुलिस द्वारा पिटाई का मामला लेकर व्यापार मंडल के लोगों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को पत्रक देकर कार्यवाही की मांग किया हैं। व्यापारियों का आरोप है कि कोल्हुई थानाध्यक्ष ने कुल्फी विक्रेता रामलाल सावरिया और फुल्की विक्रेता राजन कुशवाहा को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि घटना दोपहर 1 बजे हुई, जब दोनों व्यापारी अपने ठेले पर सामान बेच रहे थे। स्थानीय व्यापारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस ने बिना किसी कारण उन पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही युवा उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष प्रिंस जायसवाल समेत कई पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और पीड़ितों से मुलाकात की।

सोमवार को व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर थानाध्यक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि रात में पुलिस पीड़ितों के घर पहुंची और बयान बदलने का दबाव डाला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी समुदाय आंदोलन करेगा।

# मोहम्मद रियान ने रखा रमज़ान का पहला रोजा



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुस्लिम समुदाय का मुक़द्दस माहे रमजान चल रहा है। तपिश एवं उमस भरी गर्मी में लोग रोजा रख अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। एक ओर जहां बड़े लोग रोज़ा रख रहे हैं तो दूसरी ओर छोटे बच्चे भी रोज़ा रखकर अपने रब की इबादत कर रहे हैं। परिवार द्वारा रोज़ा रखे जाने को देखते देखते बारह वर्ष के छोटे बच्चे ने भी रोज़ा रखने की ज़िद कर रोज़ा रखकर परिवार व दोस्तो संग अफ्तार किया।

सोमवार को तहसील क्षेत्र के हल्लौर निवासी नासिर एलआईसी के बारह वर्षीय बेटे मोहम्मद रियान ने मुकद्दस रमजान का रोज़ा रखने की ज़िद माता-पिता से की। माता-पिता ने बेटे को बहुत समझाया लेकिन बालक के रोजा रखने की जिद के आगे परिजनों ने हार मान रोजा रखने की इजाजत दे दी उन्होंने परिवार के साथ सेहरी की और रोजा रखा।रोजा रखने से बच्चे के चेहरे पर भूख प्यास का असर साफ दिखाई दिया। रियान ने 23 रमजान को अपनी जिंदगी का पहला रोज़ा पूरा किया।

घर वालों ने रियान की इफ्तारी के लिए विशेष पकवान बनवाए और अफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें बालक मोहम्मद रियान के दोस्तों के साथ पिता नासिर एलआईसी, आबिद रिज़्वी, नफीसुल हसन, कामियाब हैदर, वसी हैदर, मामू नौशाद रिंकू, इरशाद रीनू और परिजनों में साथ में रोजा इफ्तार किया बच्चे के रोजा रखने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल बना रहा और बालक भी) रोजा रखकर काफी खुश दिखाई दिया। रियान के बड़े पापा हसन ताक़ीब रिज़्वी, अंजू, दादा ताक़ीब रिज़्वी, माता सिम्मी मैडम, बालक की नानी, चाचा अकबर, सलमान, असगर, फ़ैज़ी, इक़बाल, माहताब, रॉकी, राहिब, आबिद, राशिद कप्तान, मनव्वर रज़ा आदि ने रियान के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दुआएं दीं।

# कृष्णानगर में नशा विरोधी जागरूकता अभियान

## सावधान रहें, नशा एक धीमा जहर : मशहूद खां

अवधनामा संवाददाता



**कृष्णानगर, नेपाल।** कृष्णा नगर हेल्थ पोस्ट में नशे की लत, सिगरेट और तंबाकू के घातक प्रभावों को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह महज़ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक क्रांति का बीज था, जो एक स्वस्थ और नशामुक्त समाज की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों, समाजसेवियों और स्थानीय नेताओं ने अपनी उपस्थिति से इस अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा नगर नगरपालिका वार्ड नंबर 3 के अध्यक्ष सगीर अहमद खान ने की, जबकि जिला स्वास्थ्य कार्यालय से स्वास्थ्य अधिकारी अमित कुमार चौधरी और मधु चौधरी ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर अपना विचार रखते हुए मौलाना मशहूद खान नेपाली, जो कि कृष्णा नगर हेल्थ पोस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष भी हैं, कहा कि नशा एक धीमा ज़हर है, जो इंसान को धीरे-धीरे मौत की ओर धकेल देता है। यह केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को तबाह कर देता है। हमें इस लानत के खिलाफ पूरी ताकत से खड़ा होना होगा। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2018 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा÷नेपाल में हर साल 27,103 लोग नशे की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं, जबकि पूरी दुनिया में यह संख्या 80 लाख से अधिक है। ये आंकड़े नहीं, बल्कि उन मासूमों की चीखें हैं, जो अपने अपनों को इस लत के कारण खो चुके हैं। मौलाना मशहूद खान नेपाली ने आगे कहा, यह जागने का समय है! हमें अपने घरों, मोहल्लों और समाज को इस ज़हर से बचाने के लिए आगे आना होगा। यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक पीढ़ी को बर्बादी से बचाने की जिम्मेदारी है। अगर हम आज नहीं जागे, तो हमारी आने वाली नस्लें हमें कभी माफ नहीं करेंगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णानगर वार्ड नंबर 2 के अध्यक्ष कनहैया कुमार गुप्ता, वार्ड सदस्य राहुल मोदनवाल, कृष्णानगर हेल्थ पोस्ट के प्रमुख जमाल अहमद खान,शारदा धाकल, अनीता अधिकारी, गरिमा थापा, योगेश चंद्र, सोमनाथ भोज, सीता राम मोर्या, संजू रैदास,हेल्थ पोस्ट कमेटी के वरिष्ठ सदस्य अलहाज फज़ल महमूद खान, मोहम्मद इसहाक, हेल्थ पोस्ट कमेटी के सलाहकार आदी मौजूद थे।

सभी प्रतिभागियों ने इस अभियान को और मजबूती से आगे बढ़ाने पर जोर दिया और सरकार से तंबाकू और नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की। यह जागरूकता अभियान अब एक बड़े सामाजिक आंदोलन का रूप ले रहा है, जिसमें हर जिम्मेदार नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। कृष्णा नगर के नागरिकों ने मौलाना मशहूद खान नेपाली के जोशीले और प्रेरणादायक भाषण को बेहद सराहा और इस अभियान को और प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# ईओ ने स्वास्थ्य टीम के साथ बैठक कर दी विशेष सफाई की जिम्मेदारी



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आगामी माह अप्रैल, 2025 में प्रस्तावित संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की तैयारी को लेकर नगर पंचायत डुमरियागंज में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय सभागार कक्ष में बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर एवं सफाई नायकों के साथ अभिमुखीकरण बैठक/प्रशिक्षण आहूत की गयी। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा सफाई नायकों को तैयार किए गए माइक्रोप्लान के हिसाब से वार्डों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाते हुए जल जमाव की समस्या को दूर करने, समस्त नाला/नालियों की सफाई, फागिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव आदि को लेकर विशेष जिम्मेदारी दी गयी। बेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आये बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर ने सभी सफाई नायक को आगामी माह अप्रैल 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत होने वाले तैयारियों के बारे में जागरूक किया और संचारी रोग से बचाव के उपाय बताएं साथ ही बच्चों को उनके सही उम्र पर टीका लगवाए जाने की जानकारी दिया गया। इस बैठक में समस्त सफाई नायक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर अम्बेडकरनगर में विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई अकबरपुर और कौशल विकास मिशन की ओर से यह मेला 25, 26 और 27 तारीख को कलेक्ट्रेट कैंपस अकबरपुर में लगेगा।जिला सेवा योजना अधिकारी प्रीती पाण्डेय के अनुसार, मेले में युवाओं को कैरियर काउंसलिंग के जरिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ कंपनियों के साक्षात्कार में हिस्सा ले सकते हैं।

मेला पूरी तरह निःशुल्क है।इस मेले में सोनी इलेक्ट्रॉनिक्स, स्पार्क मिन्डा, न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर, श्री गणेश कंसल्टेंट मैनपावर सर्विसेज, महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट सर्विसेज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। साथ ही क्वेस कॉर्प, पीपल ट्री ऑनलाइन, एलआईसी, पुखराज हेल्थ केयर और शिवशक्ति एग्रीटेक भी मौजूद रहेंगी।

## डिजिटल वॉरियर्स कार्यशाला का आयोजन



**बांसी अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय चौराहा स्थित डॉ दशरथ चौधरी कॉलेज आफ फार्मेसी में सोमवार को थाना शिवनगर डिंड्ई पुलिस द्वारा साइबर क्राइम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालने के अतिरिक्त अध्यापकों एवं स्टाफ को डिजिटल वॉरियर्स बनने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। थाना प्रभारी शशांक सिंह के नेतृत्व में साइबर जागरूकता अभियान के तहत उ0नि0 शिवनारायण यादव, आरक्षी राहुल यादव, म0आ0 पारुल, द्वारा उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यशाला में पुलिस द्वारा डिजिटल वॉरियर्स के कार्यो जैसे साइबर क्राइम, व भ्रामक जानकारी की पहचान करना,अफवाहों को रोकना, सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले फेंक न्यूज़ को शेयर न करने की जानकारी से अपडेट किया गया। इस दौरान पुलिस ने गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा साइबर जागरूकता हेतु Cyber Dost नाम से संचालित किए जा रहे X(ट्विटर), फेसबुक एवं इंस्टाग्राम अकाउंट एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के अकाउंट @UPPolice, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 आदि के बारे में भी जानकारी दिया।

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गूंज से गूंजा पंडाल

अवधनामा संवादाता



**हरैया।** हरैया क्षेत्र के पंडित दीनदयाल नगर वार्ड नंबर 5 करमडाडे गांव के निवासी सदानन्द पाण्डेय पत्नी गेदा देवी जी के द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव की झांकी निकलते ही श्रद्धालु पुष्प की वर्षा करने लगे।

जन्मोत्सव में संगीतमय सोहर भजन पर श्रोता खूब झूमे तथा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयघोष से वातावरण गूंजमान हो उठा। कथावाचक पंडित दुर्गा प्रसाद तिवारी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मथुरा में राजा कंश के अत्याचार से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रूप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। कथावाचक दुर्गा प्रसाद तिवारी जी ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा, जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे इस मौके पर परमानन्द पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, रामायण पाण्डेय, ओम प्रकाश पाण्डेय, कपिन्जन पाण्डेय, विजय प्रकाश पाण्डेय, दुर्गेश, श्रीकान्त, राम लखन, श्री प्रकाश पाण्डेय, कुन्ज, अनुराग, अनुरुद्ध, देवेश, उमंग, आशुतोष तिवारी, रघुनंदन तिवारी, प्रियंका पाण्डेय, प्रीति तिवारी, प्रिया पाण्डेय सहित सैकड़ो लोग कथा में उपस्थित रहे।

## कोयले से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा दो गंभीर



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली लोटन क्षेत्र के लोटन - मोहाना मार्ग पर करमा गांव के पास कोयलें से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे मे दो लोग घायल हो गए हैं। घटना सोमवार सुबह की बताई जा रही है।सोमवार की सुबह एक ट्रक कोयला लेकर सोनौली जा रहा था। लोटन-मोहाना मार्ग पर करमा गांव के पास ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के दक्षिण राधेश्याम के घर के सामने पलट गया। ट्रक पल्टने के बाद कोयले के नीचे रुषा पत्नी राधेश्याम व खुद राधेश्याम दब गया।अगल बगल के लोगों के शोर पर गांव के लोगों ने कोयला हटाकर जान बचायें और तुरन्त सीएचसी लोटन ले आये। जहां रुषा की हालत गंभीर बनी हुई है व राधेश्याम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया। सूचना पर पहुंची लोटन पुलिस ने रास्ते से ट्रक को हटवाने में लगी रही।

## आपसी सौहार्द के वातावरण मे मनाये ईद : जेपी यादव

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव



कुमार अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अलविदा जुमे की नमाज आगामी ईद रमजान त्यौहार को शांतिपूर्वक करवाने के लिए आगामी ईद रमजान त्यौहारों को लेकर संम्मनपुर प्रभारी निरीक्षक संम्मनपुर जयप्रकाश सिंह यादव अपनी टीम के साथ सिकंदरपुर बाजार में पैदल गस्त भमण स्थानीय लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाया कि संम्मनपुर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है वही प्रभारी निरीक्षक संम्मनपुर जयप्रकाश सिंह यादव ने कस्बा सिकंदरपुर बाजार में लोगों से अपील की शांतिपूर्वक अलविदा जुमे की नमाज रमजान ईद त्योहार मनाएंगे वही संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई रोड किनारे खड़े व्यक्तियों को कड़ी फटकार लगाई कहां रोड किनारे अतिक्रमण हुआ तो होगी कार्रवाई वही प्रभारी निरीक्षक संम्मनपुर जयप्रकाश सिंह यादव उपनिरीक्षक सुरेश पांडेय उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिकंदरपुर चौराहे पर आसपास खड़े लोगों कड़ी फटकार लगाई कहां रोड किनारे फालतू खड़े मिले तो होगी कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक संम्मनपुर जयप्रकाश सिंह यादव बाजार जहां मौजूद लोगों से हाल-चाल पूछा यदि किसी को समस्या हो तत्काल हमको अवगत कारण यह हल्का प्रभारी या बीट प्रभारी सिपाही को प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह यादव लोगों ने लोगों से की अपील शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे लापरवाही कतई नहीं करेंगे अन्यथा होगी कार्रवाई इस दौरान उपनरीक्षक सुरेश पांडेय उपनिरीक्षक अशोक कुमार कांस्टेबल सतीश यादव कृष्ण चंद्र यादव अतुल कुमार यादव सूरज लाल सर्वेश राम आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## अचानक चालक ट्रैक्टर से गिरा, मौत

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** ट्रैक्टर ट्राली से मोरंग लेकर जा रहा चालक अचानक ट्रैक्टर से गिर गया जिससे उसकी ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मंगुराडिला मे श्याम ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। जहां से मंगुराडिला गांव निवासी राजकेश ट्राली में मोरंग आदि लेकर रविवार सुबह बसखारी की तरफ जा रहा था। वह रुकुनपुर कासिमपुर जैसे पहुंचा तो चालक राजकेश अचानक ट्रैक्टर से गिर गया और इसकी चपेट में आ गया जिससे इसकी घटनास्थल पर मौत हो गई

# एएसपी ने टांडा कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री विशाल पाण्डेय द्वारा थाना क0 टाण्डा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रमुख रजिस्टरों जैसे- मालखाना रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर आदि का अवलोकन करते हुए खामियों में शीघ्र सुधार करने तथा दस्तावेजों को अद्यावधिक रखने व रख-रखाव को दुरस्त करने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महोदय द्वारा थाना हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, जनसुनवाई कक्ष, आईजीआरएस / मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्र आदि का बारीकि से निरीक्षण करते हुए जनसुनवाई को अधिक प्रभावी बनाने एवं महिला सम्बन्धी शिकायतों को गम्भीरता से सुनने व महिला सम्बन्धी शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा बैरक, भोजनालय एवं थाना प्रांगण का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर सीओ टांडा शुभम कुमार कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी आदि उपनिरीक्षक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# 29 को होगा डुमरियागंज महोत्सव 2025 का आयोजन, 251 जोड़े पारंपरिक वस्त्र में एक साथ बैठकर करेंगे सामूहिक यज्ञ

अवधनामा संवाददाता



- कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तय की गई रणनीति
- पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियां


**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में आगामी 29 मार्च दिन शनिवार को चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में डुमरियागंज महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाना हैं। उक्त कार्यक्रम के तैयारी को लेकर सोमवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर कार्यक्रम की सफलता की रूपरेखा बनाई।

इस दौरान उन्होंने सभी को जिम्मेदारियां देते हुए कार्यक्रम में भव्यता प्रदान करने की दिशा में कार्य करते हुए कार्यक्रम की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। धर्म रक्षा मंच के संरक्षक व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारत माता की आरती, श्री घाटा मेंहदीपुर बालाजी सरकार की भव्य महाआरती, 251 जोड़ों द्वारा पारंपरिक परिधान में यज्ञ, पूजन, प्रसाद वितरण व सामूहिक सहभोज का कार्यक्रम है। कार्यक्रम में घाटा श्री मेंहदीपुर बालाजी सरकार का दरबार सजाया जाएगा। हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर डुमरियागंज में श्री घाटा मेंहदीपुर बालाजी सरकार का दरबार सजाया जाएगा। दरबार में बस्ती की बालाजी की मंडली भजन, कीर्तन कर अरदास करेंगे। बालाजी सरकार को सवामणि प्रसाद का भोग लगाने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के नव वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर इस बार कार्यक्रम में 251 जोड़े पारंपरिक वस्त्र में एक साथ बैठकर सामूहिक यज्ञ करेंगे, जिसके लिए 31 यज्ञ कुंडा का निर्माण किया जा रहा हैं। जिसमें श्रीराम जानकी गुरुकुलम के बटुकों, विद्वान आचार्यो व पुरोहितों द्वारा विधिवत पूजन किया जाएगा। वही प्रसिद्ध भजन गायक द्वारा भजन की प्रस्तुति की जाएगी।

यह अब तक का इस क्षेत्र का पहला आयोजन होगा जिसमें 251 जोड़ों द्वारा सामूहिक यज्ञ किया जाएगा, जिसके लिए भारी में लोगों ने पंजीकरण करा लिया हैं, उन्होंने नगर पंचायत सहित क्षेत्र के अधिक से अधिक सनातन समाज के लोगों से सामूहिक यज्ञ में सम्मलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने के साथ ही साथ कार्यक्रम में सम्मलित होने का आवाहन किया है। इस दौरान ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव, लिपिक हसन ताकिब, लवकुश ओझा, बृजेश पाठक, नीरजमणि त्रिपाठी, मधुसूदन अग्रहरि, हरीश पाण्डेय, राजन अग्रहरि, शत्रुहन सोनी, शशिप्रकाश अग्रहरि, राजेश शर्मा, अवधेश चौधरी, तिलक साहू, महंत मिश्रा, मो. हैदर रिज़्वी, विदेशी आदि मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ में मकान निर्माण को लेकर पट्टीदारों के बीच विवाद, पुलिस बनी मूकबधिर

अवधनामा संवाददाता



**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव में मकान निर्माण को लेकर पट्टीदारों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। श्याम शंकर पाठक पुत्र देवता-राज पाठक ने थाना कोतवाली के प्रभारी पर्यवेक्षक को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर अपने पट्टीदारों पर गुंडई, गाली-गलौच और धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रार्थी का कहना है कि वह अपने मकान की छत डालना चाहता है, लेकिन पट्टीदारों के विरोध और उत्पीड़न के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है।पीड़ित के अनुसार, उनके मकान की पक्की दीवार पहले से तैयार थी, जो बरसात के कारण ढह गई थी। अब वह उसी स्थान पर पक्की छत डालना चाहते हैं, लेकिन पट्टीदार शेषनाथ पाठक, ब्रह्मदयाल पाठक, राजकुमार पाठक, रविंद्र पाठक, संदीप पाठक, नीलम पाठक, हर्ष पाठक, तीर्थराज पाठक आदि ने मिलकर उनका विरोध किया। आरोप है कि इन लोगों ने न केवल निर्माण कार्य रुकवाया, बल्कि प्रार्थी और उनकी बहन मिश्री पर पथराव कर उन्हें भगा दिया। इसके साथ ही भद्दी-भद्दी गालियां दीं, जान से मारने और पैर तोड़ने की धमकी भी दी गई।

पीड़ित ने बताया कि इस मामले में उप-जिलाधिकारी प्रतापगढ़ के आदेश दिनांक 10 मार्च 2025 के तहत राजस्व निरीक्षक ने स्थल का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जो प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है। प्रार्थी का कहना है कि आज सुबह 11 बजे (24 मार्च 2025) पट्टीदारों ने फिर से हंगामा किया और छत डालने से रोक दिया। प्रार्थी ने यह भी उल्लेख किया कि उनकी बहन की शादी 14 अप्रैल 2025 को होने वाली है, जिसमें बरात आएगी। ऐसे में मकान की छत डालना उनके लिए अत्यंत आवश्यक है। पीड़ित ने थाना प्रभारी से मांग की है कि उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि वह अपने मकान का निर्माण पूरा कर सकें। प्रार्थी ने इस घटना को लेकर प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप और न्याय की गुहार लगाई है। अभी तक इस मामले में थाना कोतवाली पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के पारिवारिक विवाद अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिलते हैं, लेकिन पथराव और धमकी जैसे आरोप इसे गंभीर बनाते हैं। पुलिस से उम्मीद की जा रही है कि वह जल्द ही इस मामले की जांच कर उचित कदम उठाएगी।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन ब्लाक सभागार में सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सचिव और पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मचारी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संचारी रोग पर सभी को जागरूक किया गया तथा सभी सफाई कर्मी को निर्देश दिया गया की अपने अपने ग्राम पंचायतों में सफाई पर विशेष ध्यान दें और लोगो को संचारी रोग के प्रति जागरूक करे।

लोगों को बताया गया की बुखार होने पर सरकारी अस्पताल पर ही दवा कराये।जिसकी की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह ने किया इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी श्याम मुरली मनोहर मिश्र भी मौजूद रहे। बीडीओ ने कहां कि इस रोग से छुटकारा पाने में महिलाओं एवं बच्चों की भी भूमिका काफी महवपूर्ण होती है। ब्लाक प्रमुख अशीष सिंह ने कहां कि यह बीमारी ऐसी है जो एक दूसरे से फैलती है।इसी लिए सरकार द्वारा एक वर्ष में तीन बार संचारी रोग को लेकर गांवों के लोगों को जागरूक करने के साथ साफ सफाई कराई जाती है। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी, यूनिसेफ के शेखर श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, एडीओ कॉपरेटिव युनुस अंसारी ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद कुमार चौधरी,रविन्द्र कुमार जाटव ईश्वरदेव, मनोज कुमार, दिलीप पटेल, प्रियंका गोस्वामी,अशीष कुमार, प्रधान कमलेश चौरसिया, अरबाज चौधरी, पंकज वर्मा, रिंकू पाण्डेय, निजामुद्दीन, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, गंगाराम यादव ,मनोज कुमार, अब्दुल हकीम, निसार अहमद, बलजीत जायसवाल, पंचायत सहायक साधना,अजय वरुण, आदेश कुमार, विजय लक्ष्मी, सुधा, अंजली, आलोक सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## कैंसर इलाज एक चुनौती

वर्ष 2025-26 के राष्ट्रीय बजट में घोषणा की गई थी कि प्रत्येक जिला अस्पताल के साथ 'कैंसर केयर केंद्र' स्थापित किए जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जो ब्लूप्रिंट तैयार किया है, उसके मुताबिक प्रत्येक कैंसर केंद्र में एक विशेषज्ञ डॉक्टर, 2 नर्स, एक फार्मासिस्ट और एक बहुउपयोगी कर्मचारी जरूर होने चाहिए। भारत में कितने कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, यह संख्या विभिन्न सर्वेक्षणों में अलग-अलग रही है। यह आश्चर्यजनक है कि देश में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की निश्चित गणना नहीं है। अलबत्ता यह अनुमान जरूर है कि देश में कमोबेश 2000 कैंसर विशेषज्ञों की कमी है। जो चिकित्सक सेवारत और उपलब्ध हैं, उनमें से करीब 50 फीसदी शहरों में ही काम कर रहे हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में कैंसर का विस्तार और संभावनाएं एक बेहद गंभीर समस्या है। तो 'कैंसर केयर केंद्र' की बजटीय व्यवस्था पर शुरू से ही सवाल उठने लगते हैं। हम ऐसे मुद्दे को सवालिया बनाने के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन यथार्थ बेहद डरावना है कि औसतन एक लाख में से मात्र 100 लोगों में ही कैंसर की पहचान हो पाती है। कैंसर के प्रति जन-जागृति नगण्य है, लिहाजा भारत में जन-स्वास्थ्य की यह अहम चुनौती है कि कैंसर का रोग तब पता चल पाता है, जब रोग आखिरी चरण में पहुंच जाता है, लिहाजा कैंसर लाइलाज हो जाता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अभी कुछ डाटा जारी किया है, जिसके मुताबिक, 2023 में भारत में कैंसर के 14 लाख से अधिक मरीज थे। विशेषज्ञ इससे भी ज्यादा संख्या मानते हैं। दरअसल यह संख्या दर्ज मरीजों से 1.5 से 3 गुना अधिक हो सकती है। बेशक यह संख्या डरावनी है। हालांकि देश में गर्भाशय, मुंह और स्तन कैंसर की जांच के कार्यक्रम चलते रहे हैं। कैंसर के एक-तिहाई से ज्यादा मामले शरीर के इन्हीं अंगों में होते हैं, लेकिन रोग के पता लगाने की दर विश्व में सबसे कम है। कैंसर केयर के जो केंद्र राजधानी दिल्ली में भी कार्यरत हैं, उनमें या तो डॉक्टर गायब हैं अथवा जांच के उपकरण खराब हैं या इलाज की बारी लंबे-लंबे वक्त के बाद आती है।

स्वाभाविक है कि रोग फैलता ही जाता है। जब तक इन केंद्रों पर कोई सख्त प्रशासनिक लगाम नहीं होगी, तब तक बजट के 'कैंसर केयर केंद्र' भी सफल प्रयोग साबित नहीं हो सकते। पूर्वोत्तर और केरल में कुछ जिला अस्पतालों में 'कैंसर केयर केंद्र' काम कर रहे हैं, लेकिन वे कितने कारगर हैं, इसकी कोई पुष्ट जानकारी नहीं है। बहरहाल विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता एक गंभीर चुनौती साबित होगी। सरकार प्रस्तावित कार्यक्रम की शुरुआत में मोबाइल क्लीनिकों को ग्रामीण इलाकों तक पहुंचा सकती है, लेकिन ऐसे क्लीनिक एक विशेषज्ञ चिकित्सक का विकल्प नहीं हो सकते और कैंसर विशेषज्ञों का अभाव है। कैंसर के संभावित मरीजों में बहुधा ऐसे हैं, जो जांच कराने ही नहीं आते। इस तबके में महिलाएं अधिकतर हैं। अस्पतालों के साथ कैंसर केयर केंद्र जोड़ने का प्रयास तब कारगर हो सकता है, जब जांच-दलों को लोगों की दहलीज तक भेजा जाए। लोग अस्पताल तक जाने में भी संकोच करते हैं, जबकि अस्पतालों में सभी स्वास्थ्य जांच मुफ्त होती है। लोगों को 'टेलीमेडिसन' सरीखे डिजिटल औजार इस्तेमाल करने को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। नई ग्रामीण कैंसर इकाइयों को 'नेशनल कैंसर ग्रिड' के जरिए जोड़ा जाना चाहिए, ताकि शहर और गांव के बीच कैंसर विशेषज्ञ आपस में संवाद कर सकें और मरीज का उचित इलाज हो सके।

**पूरे भारत में 13.46 लाख से ज़्यादा निक्षय शिविर आयोजित किए गए, जहाँ माननीय सांसदों, विधायकों और पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों सहित 30,000 से ज़्यादा निर्वाचित प्रतिनिधियों ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का समर्थन किया। कॉरपोरेट पार्टनर और आम नागरिक इस अभियान में शामिल हुए, जिससे यह विचार मज़बूत हुआ कि टीबी उन्मूलन सिर्फ़ सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामूहिक मिशन है।**

# भारत टीबी के विरुद्ध लड़ाई को दे रहा नया स्वरूप

इस विश्व टीबी दिवस पर, मैं इस बात पर बहुत गर्व के साथ विचार करता हूँ कि भारत टीबी के खिलाफ़ लड़ाई में किस तरह से अपनी रणनीति को फिर से लिख रहा है। हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने न केवल नवाचार की शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि समुदायों को संगठित करना कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण को बदलने जितना ही महत्वपूर्ण है। यह अभियान 7 दिसंबर 2024 को टीबी के मामलों का पता लगाने में तेज़ी लाने, मृत्यु दर को कम करने और नए मामलों को रोकने के उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया था।



जगत प्रकाश नड्डा

100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने टीबी का जल्द पता लगाने के लिए अत्याधुनिक रणनीतियाँ पेश कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बिना लक्षण वाले लोगों की भी पहचान हो - जिनका अन्यथा निदान नहीं हो पाता - और उनका इलाज किया गया। पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों को सीधे उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के पास ले जाया गया, जिनमें मधुमेह, धूम्रपान करने वाले, शराब पीने वाले, एचआईवी से पीड़ित लोग, बुजुर्ग और टीबी रोगियों के घरेलू संपर्क में रहने वाले शामिल थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित एक्स-रे ने संदिग्ध टीबी मामलों को तुरंत चिह्नित किया, और स्वर्ण-मानक न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (NAAT) का उपयोग करके पुष्टि की गई। इन प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि संक्रामक मामलों की पहचान की गई और उनका जल्दी से इलाज किया गया, जिससे संक्रमण पर लगाम लगी और लोगों की जान बचाई गई।

यह अभियान देश के कोने-कोने तक पहुँचा, जिसमें वे लोग जिनमें टीबी का खतरा अधिक है के 2.97 करोड़ लोगों की जाँच की गई। इस गहन प्रयास के कारण 7.19 लाख टीबी रोगियों की पहचान की गई, जिनमें से 2.85 लाख मामले बिना लक्षण वाले थे और इस अभिनव दृष्टिकोण के बिना अन्यथा छूट जाते, जिससे टीबी संक्रमण की श्रृंखला टूट गई। यह सिर्फ़ एक मील का पत्थर नहीं है - यह एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

**टीबी मुक्त भारत अभियान : एक जन आंदोलन-** लेकिन असली गेम-चेंजर सिर्फ़ तकनीक नहीं थी - यह समुदायों की अभूतपूर्व लामबंदी थी। टीबी उन्मूलन अब जनभागीदारी द्वारा संचालित एक जन आंदोलन है। पूरे भारत में 13.46 लाख से ज़्यादा निक्षय शिविर आयोजित किए गए, जहाँ माननीय सांसदों, विधायकों और पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों सहित 30,000 से ज़्यादा निर्वाचित प्रतिनिधियों ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का समर्थन किया। कॉरपोरेट पार्टनर और आम नागरिक इस अभियान में शामिल हुए, जिससे यह विचार मज़बूत हुआ



कि टीबी उन्मूलन सिर्फ़ सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामूहिक मिशन है। और इस मिशन में जनभागीदारी का उदाहरण राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देखा गया, जहाँ 22 संबंधित मंत्रालयों में टीबी जागरूकता, पोषण किट वितरण, टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ लेने जैसी 35,000 से ज़्यादा गतिविधियाँ की गईं। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, व्यापार संघों, व्यावसायिक संघों, स्वैच्छिक संगठनों के साथ 21,000 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं और 78,000 शैक्षणिक संस्थानों में 7.7 लाख से अधिक छात्रों ने टीबी जागरूकता और संवेदीकरण गतिविधियों में भाग लिया। जेलों, खदानों, चाय बागानों, निर्माण स्थलों और कार्य स्थलों जैसे सामूहिक स्थानों पर 4.17 लाख से अधिक संवेदनशील आबादी की स्क्रीनिंग और परीक्षण किया गया। अभियान अवधि के दौरान त्यौहारों पर 21,000 से अधिक टीबी जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें धर्म आधारित नेताओं और सामुदायिक प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया।

हमारे माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण, जिसने जन-भागीदारी की आधारशिला रखी, न केवल पोषण के लिए बल्कि मनोसामाजिक और व्यावसायिक समर्थन के लिए रोगियों को गोद लेने के लिए व्यापक सामाजिक समर्थन जुटाया। टीबी रोगियों के लिए सहायता अब अस्पतालों तक सीमित नहीं है - यह घरों, गांवों और कार्यस्थलों पर भी हो रही है। निःक्षय मित्र पहल के माध्यम से, व्यक्ति और संगठन टीबी से पीड़ित परिवारों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें हज़ारों पोषण किट पहले ही वितरित की जा चुकी हैं। सिर्फ़ 100 दिनों में, 1,05,181 नए निक्षय मित्रों को नामांकित किया गया। पोषण और टीबी से उबरने के बीच महत्वपूर्ण संबंध को पहचानते हुए, सरकार ने निक्षय पोषण योजना के तहत वित्तीय सहायता को ?500 से बढ़ाकर 1,000 प्रति माह कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी टीबी रोगी इस लड़ाई को अकेले न लड़े।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भी टीबी रोगियों के लिए विभेदित टीबी देखभाल कार्यक्रम के तहत अनुकूलित और व्यक्तिगत उपचार प्रदान कर रहा है। उदाहरण के लिए, यदि किसी टीबी रोगी का वजन कम पाया जाता है (बीएमआई < 18.5 किग्रा/ मीटर2), तो उनके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता उनके लिए अनुकूलित पोषण और उपचार योजना तैयार करेंगे और उपचार के दौरान हर महीने उनकी प्रगति की निगरानी करेंगे।

इस अभियान की गति ने यह भी दर्शाया है कि कैसे समाज और सरकार का समग्र दृष्टिकोण परिवर्तनकारी बदलाव ला सकता है। टीबी जागरूकता और सेवाओं को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत करने के लिए 22 मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। टीबी जागरूकता झांकियां गोवा कार्निवल परेड का मुख्य आकर्षण बन गई। देश भर के स्कूलों में, टीबी जागरूकता संदेशों को सुबह की सभाओं में शामिल किया गया। लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने हजारों आगंतुकों को मुफ्त टीबी जांच की पेशकश करने के लिए अपने क्लस्टर कार्यालयों के नेटवर्क का लाभ उठाया। इन विविध प्रयासों ने कलंक को तोड़ दिया, गलत सूचनाओं को सही किया और टीबी उन्मूलन को सार्वजनिक चेतना के केंद्र में ला दिया।

100 दिवसीय अभियान अभी शुरुआत है। भारत इन प्रयासों को पूरे देश में बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर नागरिक - चाहे वे कहीं भी रहते हों - को आधुनिक निदान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और अटूट सामुदायिक समर्थन तक पहुँच प्राप्त हो। जिस तरह भारत ने कोविड-19 की जाँच को तेज़ी से बढ़ाया, उसी तरह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अगली पीढ़ी के टीबी निदान में निवेश कर रहा है ताकि अंतिम छोर तक तेज़ और अधिक सटीक जाँच हो सके। भारत ने पहले भी समुदाय द्वारा संचालित कार्रवाई की शक्ति देखी है - चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन हो या हमारा पोलियो उन्मूलन अभियान।

# सीएम योगी के आठ साल बेमिसाल, पर इन मुद्दों का क्या?

उत्तर प्रदेश के मुखियां योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आठ वर्ष पूरे हो गए। विगत आठ वर्षों में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने कई बड़ी उपलब्धियों को हासिल किया है जिसका व्यापक लाभ आम जनता को प्राप्त हो रहा है। कानून और न्याय व्यवस्था में सुधार का स्वागत सभी ने किया है खासकर अपराधियों के खिलाफ सरकार द्वारा त्वरित कार्यवाही करके अपराधमुक्त प्रदेश का बनाया जाना। कोरोना काल की बड़ी आपदा में भी योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से अपनी भूमिका को निभाया था देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी दुश्मन देश भी उसके कायल हो गए थे। केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू करने में प्रदेश कई योजनाओं में देश में लगातार प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश के मुखियां की वजह से ही रहा है। महाकुम्भ के सफल आयोजन ने योगी के कद में वैश्विक स्तर तक वृद्धि की है। भ्रस्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी बड़ी उपलब्धियों में से एक रही है। एक दो नहीं अनेकों ऐसे बड़े और ऐतिहासिक कार्य योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए है जिसका लाभ आज प्रदेश की जनता को मिल रहा है। इस आठ वर्षो की उपलब्धि से सभी लोग न केवल प्रसन्न है बल्कि आशाओं और अपेक्षाओं से ओत-प्रोत है की आगामी वर्षो में प्रदेश का विकास और अधिक तेजी से होगा। परन्तु यह भी सच्चाई है कि प्रदेश की वर्तमान स्थिति और जनसंख्या का भार आज



डॉ. अजय कुमार मिश्रा

**योगी आदित्यनाथ ने एंटी भू-माफिया पोर्टल के जरिये इसे सुधारने की कोशिश किया है पर शहर की अपेक्षा ग्रामीण वर्ग इस विषय से अत्यधिक परेशान है और उसे न्याय पाने में वर्षों लग जा रहें है कई बार तो न्याय पाने वाला ही दुनियां में नहीं रहता है। सरकार को तहसील स्तर और वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों अधिकारीयों को यह स्पष्ट निर्देशित करना चाहिए की जमीन विवाद को वह हर संभव प्रयास करके शून्य करें। आज जहाँ सरकारी स्कूल शिक्षा प्रदान कर रहें है वही निजी स्कूल आधुनिक शिक्षा प्रदान कर रहें है जिससे बच्चों को प्रतियोगिता में भी मदद मिल रही है।**

सभी तरफ दिखाई पड़ रहा है ऐसे में यह स्वाभाविक है की कुछ उन बिन्दुओं पर बात किया जाए जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार को और तेजी से कार्य करने की जरूरत है।

सरकारी स्वास्थ्य चिकित्सा पर भार अत्यधिक है विशेष योग्यता के डॉक्टरों का जिला स्तर पर व्यापक आभाव है साथ ही नवीनतम चिकत्सीय उपकरण की कमी है परिणाम स्वरुप अमीर-गरीब सभी निजी चिकित्सा व्यवस्था पर चाह कर या न चाहतें हुए भी आश्रित होते चले जा रहे है। आज राजधानी के विशेष योग्यता वाले सरकारी अस्पतालों में न केवल लम्बी प्रतीक्षा के पश्चात् शल्य चिकित्सा का अवसर मिल पा रहा है वही ओपीडी में भी दिखाना एक बड़ा संघर्ष है क्योंकि कई जिलों का इन पर भार है। कहने को तो कई मेडिकल कॉलेज नए खुल गए पर बढती आधुनिक बिमारियों के त्वरित इलाज और उपलब्ध सरकारी संसधानों में व्यापक अंतर है ऐसे में प्रदेश सरकार को चाहिए की इस विषय में त्वरित कार्यवाही करें। निजी चिकित्सालय के शुल्क को नियंत्रित न करना भी आम जन के लिए बड़ा वित्तीय दर्द दे रहा है। एक और बड़े क्षेत्र को देखा जाय जहाँ त्वरित कार्यवाही और बड़े बदलाव की जरूरत है तो वह है जमीन का विवाद आज प्रदेश का हर चौथा आदमी किसी न किसी रूप में जमीनी विवाद से परेशान है। हालाँकि योगी आदित्यनाथ ने एंटी भू-माफिया पोर्टल के जरिये इसे सुधारने की कोशिश किया है पर शहर की अपेक्षा ग्रामीण वर्ग इस विषय से अत्यधिक परेशान है और उसे न्याय पाने में वर्षों लग जा रहें है कई बार तो न्याय पाने वाला ही दुनियां में नहीं रहता है। सरकार को तहसील स्तर और वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों अधिकारीयों को



यह स्पष्ट निर्देशित करना चाहिए की जमीन विवाद को वह हर संभव प्रयास करके शून्य करें। आज जहाँ सरकारी स्कूल शिक्षा प्रदान कर रहें है वही निजी स्कूल आधुनिक शिक्षा प्रदान कर रहें है जिससे बच्चों को प्रतियोगिता में भी मदद मिल रही है ऐसे में सरकार को चाहिए की आधुनिक आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा प्रणाली विकसित करें। आज एक तरफ निजी शिक्षा अधिकांश आबादी के शक्ति में नहीं है और यह अंतर ही अमीरी गरीबी की खाई को और अधिक बढ़ाने में लगा हुआ है। सरकार को चाहिए की न केवल सरकारी शिक्षा का आधुनिकीकरण करें बल्कि निजी शिक्षा में बढ़ता शुल्क भी नियंत्रित करके और आम आदमी की शक्ति में होने लायक बनाये जिससे सभी का विकास हो सकें।

आज ट्रैफिक का दबाव अधिकांश उत्तर प्रदेश की सड़कों पर है और यह और मुशीबत भरा हो जाता है जबकि कोई बड़ा आयोजन हो या किसी माननीय का आना जाना। सड़कों की अपनी शक्ति से कही अधिक दबाब उन पर है परिणाम स्वरुप अधिकांश जगहों पर लोग जाम में फ़स जाते है और उन्हें मुशिबतों का सामना करना पड़ता है। राजधानी लखनऊ में ट्रैफिक से परेशान होना अब आम बात बन गयी है। धार्मिक अंतर विगत वर्षो में तेजी से बढ़ता चला जा रहा है ऐसे में सरकार को चाहिए की इस अंतर को कम करने का प्रयास करें, क्योंकि धर्म व्यक्तिगत विषय हो सकता है जबकि प्रदेश देश का हित उन सबसे उपर है। निर्मित इस भेद-भाव को समाप्त करने हेतु यदि उचित कदम नही उठाया जाता है तो भविष्य में भयावह स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रदेश देश में सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है नतीजन अनेकों समस्याओं का जन्म स्वतः हो जाता है सरकार को जनसँख्या नियन्त्रण हेतु अविलम्ब कानून बनाने लोगों को प्रोत्साहित करने और पलायन रोकने की जरूरत है। आज पूर्वांचल के लोगों का तेजी से पलायन प्रदेश के बड़े शहरों में हो रहा है जिससे कई जगह अव्यस्था का जन्म होना शुरू हो गया है। यह एक गंभीर मुद्दा है जिसपर सरकार को अविलम्ब कार्यवाही करने की जरूरत है।

बेरोजगारी का आलम यह है की आज प्रत्येक दूसरें घर में कई युवा बेरोजगार मिलेगे सरकार को चाहिए की स्वरोजगार, निजी संस्थाओं में रोजगार और सरकारी संस्थाओं में खाली पदों पर नियुक्ति की पूर्ति करके बेरोजगारी की समस्या को दूर किया जा सकता है। इन्वेस्टर मीट से मिले रोजगार को भी सार्वजानिक करना चाहिए। एक परिवार के कई सदस्यों में से कम से कम एक व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुरूप सरकारी नौकरी देकर सरकार बेरोजगारी को नियंत्रित करने का एक बड़ा कार्य कर सकती है यह एक ऐसा बिंदु है जिसकी वजह से अनेकों सामाजिक बुराइयाँ भी बढ़ रही है इस पर सरकार को अविलम्ब कार्य करना चाहिए। प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार पर सरकार लगातार कार्य कर रही है पर यह अभी भी पर्याप्त नहीं है। सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुँच पाता, जिसका कारण नौकरशाही में भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी है सभी की जबाबदेही सार्वजनिक रूप से आम जन को पता होने से इस पर अंकुश लगेगा। जल संकट और प्रदूषण प्रदेश की मुख्य समस्यायों में से है। गंगा और यमुना जैसी नदियों का प्रदूषण, भूजल स्तर का गिरना और स्वच्छ पेयजल की अनुपलब्धता एक गंभीर मुद्दा बनता चला जा रहा है। ऐसे में सरकार की इस पर उचित कदम उठाकर बड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। प्रदेश सरकार को सत्ता में रहतें हुए महज आठ वर्ष हुए है और इन आठ वर्षो में उन्होंने कई बड़े कार्य किये है।

## ‘मोहन’ की मुस्कान हृदयप्रदेश में भर रही विकास की नई उड़ान

**हम भी दरिया हैं हमें अपना हुनर मालूम है**
**जिस तरफ भी चल पड़ें रास्ता बन जाएगा**

सियासत में बहुत कम ऐसे चेहरे हुए हैं जो अपनी सादगी, सौम्यता, सरलता और मनमोहनी मुस्कान के लिए जाने जाते हैं। मध्यप्रदेश की राजनीति में आप डॉ. मोहन यादव को एक विनम्रशील, व्यवहारकुशल जननेता के तौर पर देख सकते हैं। ऐसे दौर में जब राजनीति में जनसेवा करने वालों सेवाभावी लोगों की कमी होती जा रही है, उस समय डॉ. मोहन यादव जैसे नेता समाज के लिए रोल मॉडल बन जाते हैं।मौजूदा दौर की राजनीती में पारिवारिक पृष्ठभूमि से सियासत में आना बहुत आसान है लेकिन मूल्यों की राजनीति करते हुए जमीन से उठकर अपनी प्रतिभा के दम पर कम समय में देश के लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों की श्रेणी में अपनी जगह बनाना इतना भी आसान नहीं है। डॉ.मोहन यादव ने अपने संघर्ष और जनता के प्रति समर्पण से मध्यप्रदेश की राजनीती में एक नया मुकाम हासिल किया है जिसकी दूसरी मिसाल देखने को नहीं मिलती। सही मायनों में अगर किसी ने मध्यप्रदेश में बीते एक बरस में सुशासन की बयार बहाई है तो वो नाम डॉ.मोहन यादव है।



हर्षवर्धन पाण्डे

भारतीय इतिहास में राजा विक्रमादित्य एक महान राजा के रूप में प्रसिद्ध थे। उनका शासन भारतीय उपमहाद्वीप के स्वर्णिम काल का प्रतीक माना जाता है जो उन्हें एक आदर्श शासक के रूप में स्थापित करता है। राजा विक्रमादित्य का उद्देश्य हमेशा जनकल्याण रहा। उनके शासनकाल में बुनियादी ढांचे का विकास बेहतरीन ढंग से हुआ। उन्होंने गरीब और असहाय लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएँ बनाई जो लोककल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को उजागर करता था। वे अपने राज्य की स्थिति और लोगों की जरूरतों को समझते हुए नीतियाँ बनाते थे। प्रजा के प्रति अनुराग ने उन्हें भारतीय इतिहास का एक महान शासक बना दिया था। सही मायनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उन्हीं पगचिह्नों लीक पर चलते हुए गौरवशाली मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध नजर आते हैं।

विनयशीलता, कर्मों में कुशाग्रता, बेहतरीन विजन, सकारात्मकता से ओत प्रोत नजर आने वाली मनमोहनी मुस्कान सहित तमाम नीति निपुणता उनकी कार्यशैली को सुन्दर बनाती है और यही अलहदा पहचान उन्हें अन्य नेताओं से अलग करती है। डॉ. मोहन यादव का जन्म उज्जैन में एक गरीब परिवार में हुआ। उनके पिता पूनमचंद यादव बहुत मेहनती व्यक्ति थे जिन्होंने परिवार के बेहतर पालन-पोषण के लिए मिल में मजदूरी कर कठिन परिश्रम किया। उनकी माता लीलाबाई यादव ने घर को संभाला और अपने बच्चों में समाजसेवा के संस्कारों का बीज बोया। डॉ. मोहन यादव का परिवार आर्थिक रूप से संपन्न नहीं था लेकिन अध्ययन के लिए वह कठोर परिश्रम करने से कभी नहीं घबराए जिसके चलते बचपन से उनकी नींव मजबूत बन गई। उज्जैन की गलियों में बचपन में अठखेलियां करते और बाबा महाकाल के आशीर्वाद से उन्होंने समाजसेवा की अकेली राह चुनी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्कारों से उनकी सोच पुष्पित और पल्लवित हुई। उज्जैन के धार्मिक और सांस्कृतिक अभ्युदय ने उनकी सोच को संवेदनशील बनाया। वे अक्सर अपने ओजस्वी भाषणों में उज्जैन के बाबा महाकाल की गौरवशाली परंपराओं का उल्लेख करते नजर आते हैं, जो महाकाल से उनके जीवन के गहरे जुड़ाव को बतलाता है। यही वजह है उज्जैन को मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी बनाने की दिशा में वह मजबूती के साथ अपनी कदमताल करते नजर आते हैं। डॉ. मोहन यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा उज्जैन के स्थानीय स्कूलों से पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन से विज्ञान में स्नातक (बी.एससी.) की डिग्री हासिल की। विज्ञान के प्रति उनकी रुचि ने उनकी विश्लेषणात्मक सोच को नया आकर देने का कार्य किया वहीं इसके बाद उन्होंने कानून की पढ़ाई भी की जिसने उनकी राजनीतिक समझ को गहरा करने का कार्य किया। उन्होंने कला में स्नातकोत्तर राजनीती विज्ञान और प्रबंधन में मास्टर्स (एमबीए) की डिग्री भी ली, जिसने उन्हें नीति निर्माण और प्रबंधन में कुशल बनाया।

# समाज में गौरव का प्रतीक बनते दहेजशून्य विवाह

विवाह, भारतीय संस्कृति में केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का एक पवित्र संगम माना जाता है। यह एक ऐसा संस्कार है, जो न केवल दो हृदयों को जोड़ता है, अपितु दो परिवारों की परंपराओं, मूल्यों और भावनाओं को एक सूत्र में बांधता है। सनातन काल से ही मनुष्य ने इस बंधन को पाणिग्रहण संस्कार के माध्यम से परिवार नामक संस्था की आधारशिला के रूप में स्थापित किया। यह परंपरा न केवल सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करती थी, बल्कि मानवीय संबंधों को भी गहराई प्रदान करती थी। वैदिक काल में विवाह को आठ प्रकारों में वर्गीकृत किया गया था, जो उस समय की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताओं का प्रतिबिंब थे। ये आठ प्रकार थे–ब्रह्म विवाह, देव विवाह, आर्ष विवाह, प्रजापत्य विवाह, असुर विवाह, गंधर्व विवाह, राक्षस विवाह और पैशाच विवाह। इनमें से पहले चार प्रकार–ब्रह्म, देव, आर्ष और प्रजापत्य–को ही श्रेष्ठ और सम्मानजनक माना जाता था, क्योंकि ये धर्म, नैतिकता और पारिवारिक मर्यादा पर आधारित थे। शेष चार प्रकार, जो बल, धन या अनैतिकता से प्रेरित थे, समाज में कम स्वीकार्य थे। आज भी प्रजापत्य विवाह की पद्धति, जिसमें कन्या का सम्मान और परिवारों की सहमति सर्वोपरि होती है, भारतीय समाज में प्रचलन में देखी जा सकती है।



बलदेव राज भारतीय

विवाह के इस पवित्र संस्कार के साथ कई परंपराएं जुड़ी थीं, जिनमें से एक थी कन्या को उसके पिता द्वारा दी जाने वाली संपत्ति, जिसे ‘स्त्री धन’ कहा जाता था। यह धन पिता अपनी सामर्थ्य और इच्छा के अनुसार कन्या को प्रदान करता था, ताकि वह अपने नए जीवन में आत्मनिर्भर और सम्मानित रह सके। यह प्रथा मूल रूप से कन्या के कल्याण और सुरक्षा के लिए शुरू की गई थी, लेकिन समय के साथ इसका स्वरूप विकृत हो गया। धीरे-धीरे यह परंपरा दहेज प्रथा के रूप में परिवर्तित हो गई, जो आज भारतीय समाज की एक गंभीर समस्या बन चुकी है। यह वह कुप्रथा बन गई, जिसने न जाने कितने परिवारों को तबाह किया और कितनी नववधुओं के जीवन को असमय समाप्त कर दिया। समाज में बढ़ते आडंबर, दिखावे और लालच ने इस प्रथा को और भी भयावह बना दिया। दहेज की मांग पूरी न होने पर बहुओं को प्रताड़ित करना, उनकी हत्या करना या उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर करना जैसे जघन्य अपराध इस प्रथा के दुष्परिणाम बन गए। समाचार पत्रों में अक्सर ऐसी खबरें छपती थीं, जो समाज की इस कुरूपता को उजागर करती थीं। यह विडंबना ही थी कि एक ओर समाज में दहेज को लेकर चिंता व्यक्त की जाती थी, वहीं दूसरी ओर यह प्रथा थमने का नाम नहीं ले रही थी। इतिहास में समय-समय

**इतिहास में समय-समय पर समाज सुधारकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए अथक प्रयास किए। राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्रविद्यासागर जैसे महान सुधारकों ने नारी सम्मान और सामाजिक समानता के लिए आवाज उठाई। आधुनिक काल में भी कई संगठनों और व्यक्तियों ने दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान चलाए। सरकार ने भी इस दिशा में कदम उठाते हुए दहेज निषेध अधिनियम, 1961 जैसे कानून बनाए, जिसके तहत दहेज लेना और देना दोनों को अपराध घोषित किया गया।**



पर समाज सुधारकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए अथक प्रयास किए। राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्रविद्यासागर जैसे महान सुधारकों ने नारी सम्मान और सामाजिक समानता के लिए आवाज उठाई। आधुनिक काल में भी कई संगठनों और व्यक्तियों ने दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान चलाए। सरकार ने भी इस दिशा में कदम उठाते हुए दहेज निषेध अधिनियम, 1961 जैसे कानून बनाए, जिसके तहत दहेज लेना और देना दोनों को अपराध घोषित किया गया। लेकिन इन प्रयासों के बावजूद, यह प्रथा पूरी तरह समाप्त नहीं हुई। कई बार यह देखा गया कि जो लोग सार्वजनिक मंचों पर दहेज प्रथा का विरोध करते थे, वे स्वयं अपने निजी जीवन में इससे मुक्त नहीं रह पाते थे। यह दोहरा चरित्र समाज में व्याप्त पाखंड को दर्शाता था। एक ओर लोग इसे सामाजिक बुराई मानते थे, वहीं दूसरी ओर अपने बच्चों के विवाह में दहेज की मांग या प्रदर्शन को उचित ठहराते थे। इस तरह की विडंबनाओं ने समाज को और भी गहरे संकट में डाला।

हालांकि, समय के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में दहेज के खिलाफ जागरूकता बढ़ी है और लोग इस कुप्रथा को त्यागने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। मेरे अपने अनुभव और जानकारी के आधार पर, पिछले तीन-चार वर्षों में कई ऐसे विवाह हुए हैं, जो न्यूनतम खर्च और सादगी के साथ संपन्न हुए। इनमें से कुछ विवाह केवल एक नारियल और एक रुपये के शगुन के साथ संपन्न हुए, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गए। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व चेयरमैन श्री भोपाल खदरी ने अपने सुपुत्र मुकुल भारती का विवाह इसी सादगी के साथ संपन्न करवाया। उन्होंने न तो दहेज लिया और न ही कोई भव्य आयोजन किया। उनके इस कदम ने न केवल लोगों को प्रभावित किया, बल्कि कई अन्य परिवारों को भी प्रेरित किया। उनकी देखादेखी हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में कई और विवाह बिना दहेज के, केवल एक रुपये और नारियल के शगुन के साथ संपन्न हुए। यह सादगी न केवल दहेज प्रथा पर प्रहार थी, बल्कि समाज में व्याप्त दिखावे और आडंबर को भी चुनौती देती थी। मेरे एक घनिष्ठ मित्र रणधीर, जो एक प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं, ने भी हाल ही में अपने पुत्र दुष्यंत का विवाह इसी सादगी के साथ संपन्न करवाया। रणधीर जी ने न केवल दहेज लेने से इनकार किया, बल्कि विवाह को केवल एक रुपये और नारियल के शगुन तक सीमित रखा। इतना ही नहीं, उन्होंने प्रीतिभोज के दौरान किसी भी अतिथि से शगुन का लिफाफा तक स्वीकार नहीं किया। यह उनके दृढ़ संकल्प और नैतिकता का परिचायक था। उनका यह कदम समाज में एक नई मिसाल बन गया। रणधीर जी का मानना है कि विवाह दो आत्माओं का मिलन है, न कि धन और संपत्ति का प्रदर्शन। उनकी यह सोच न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज में बदलाव की एक नई उम्मीद भी जगाती है। इस तरह के उदाहरण समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित करते हैं। यह परंपरा न केवल दहेज जैसी कुप्रथा पर अंकुश लगाने में सहायक होगी, बल्कि बेटियों को बोझ समझने की मानसिकता को भी बदलेगी। भारतीय समाज में लंबे समय से बेटियों के जन्म को लेकर नकारात्मक सोच रही है। दहेज की मांग ने इस सोच को और भी बढ़ावा दिया, क्योंकि माता-पिता को लगता था कि बेटी के विवाह के लिए उन्हें भारी धनराशि खर्च करनी पड़ेगी। लेकिन जब विवाह सादगी से और बिना दहेज के संपन्न होने लगेंगे, तो यह मानसिकता भी धीरे-धीरे खत्म होगी। बेटियां बोझ नहीं, बल्कि परिवार का गौरव समझी जाएंगी। यह बदलाव न केवल परिवारों को सशक्त करेगा, बल्कि समाज को भी एक नई दिशा देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए ‘अवधनामा’ जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई न होने से अभ्यर्थियों में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता



■ 69 हजार शिक्षक भर्ती : शिक्षा मंत्री आवास घेरकर किया हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया। अभ्यार्थियों ने नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है।

नारेबाजी कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में काफी अनियमितता हुई है। इस कारण आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित रह गए हैं। मामले में हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। लेकिन, सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हुआ। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

प्रदर्शन कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जब इसका परिणाम आया तो इसमें आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया। उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया।

लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने नियमों का पालन करते हुए तीन महीने के अंदर अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का आदेश दिया। लेकिन, सरकार इस प्रकरण में हीला हवाली करती रही। मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया। सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार लापरवाही कर रही है।

इस कारण हम लोगों को सड़क पर उतरना पड़ा है। हमारी मांग है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में हमारी मजबूत पैरवी करे। हमें जल्द न्याय दिलाए।

# 'आठ वर्षों में सरकार ने किए जनकल्याणकारी कार्य'

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सबका साथ-सबका विकास की नीति व अपराध पर जीरो टॉलरेंस के संकल्प के साथ प्रदेश भाजपा सरकार के सफलतम 08 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि 2017 में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के नए युग का आरंभ हुआ था, जहाँ सुरक्षा, सुशासन एवं विकास की नीतियों से राज्य को एक नई दिशा मिली। इन 8 वर्षों में प्रदेश सरकार ने अनेकों जनकल्याणकारी कार्य किए, जिनके द्वारा राज्य के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। प्रदेश सरकार की सुदृढ़ कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अपराध तथा अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति ने महिला, युवा, व्यापारी, किसान सहित सभी प्रदेशवासियों को सुरक्षा की गारंटी दी है। श्री चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के उत्कर्ष के आठ वर्ष में प्रदेश में भयमुक्त वातावरण में रिफार्म, परफार्म तथा ट्रांसफार्म के मंत्र के साथ निवेश का वातावरण बना है, जिससे प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार के अवसर मिल रहे है। अन्नदाता के उत्थान के संकल्प से प्रदेश सरकार की योजनाएं किसानों को समर्पित रही। गन्ना किसानों के भुगतान से गन्ना किसान समृद्ध हुए है। हर खेत को पानी के संकल्प को पूर्ण करने की ओर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# 'एक देश-नेक देश, प्रगति पथ पर हमारा देश' के नारे के साथ शुरू हुई साईकिल यात्रा

अवधनामा संवाददाता



■ अपनी धरोहर और ऐतिहासिकता को समझकर ही बेहतर भविष्य की दिशा में सार्थक पहल कर सकते हैं छात्र, छात्रायें : प्रो आलोक

**लखनऊ।** 'एक देश-नेक देश, प्रगति पथ पर हमारा देश' के नारे के साथ शुरू हुई साईकिल यात्रा 2025 का शिया पीजी कालेज में भव्य स्वागत किया गया। साईकिल यात्रा का आरम्भ लखनऊ विश्वविद्यालय की विवेकानन्द द्वार से प्रातः 8 बजे हुआ। इस साईकिल यात्रा का नेतृत्व स्वयं लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय द्वारा साईकिल चलाकर किया गया। विवेकानन्द द्वार से आरम्भ होकर यात्रा परिवर्तन चैक, शहीद स्मारक, रेजीडेन्सी, बड़ा इमामबाड़ा, लाल पुल होते हुये शिया पी जी कालेज लखनऊ पहुंची, जिसका महाविद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। महाविद्यालय के गेट पर ही एनसीसी कैडेट द्वारा उनको सलामी दी गयी। माननीय कुलपति व अन्य विषिष्ट अतिथियों के साथ सभी साईकिल यात्रियों का फूल-माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय गेट से लेकर समारोह स्थल तक एनएसएस स्वयंसेवक एवं छात्र, छात्रायें कतारबद्ध तरीके से खड़े हुये थे और माननीय अतिथियों और साईकिल यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत कर रहे थे।

स्वागत समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय, प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना, कुलसचिव श्री विवेकानन्द त्रिपाठी, अधिष्ठाता कालेज विकास परिषद् प्रो अवधेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो वाईके शर्मा, एनएसएस समन्वयक प्रो अमरेन्द्र कुमार, आईक्यूएसी निदेशक प्रो संगीता साहू, मुख्य प्रवोष्ठ प्रो अनूप कुमार सिंह, अपर अधिष्ठाता प्रो ज्ञान प्रकाष व अन्य अधिकारियों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र के द्वारा सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह के आरम्भ में शिया कालेज मजलिस-ए-उलेमा के सचिव मौलाना यासूब अब्बास ने आये हुये विशेष अतिथियों व साईकिल यात्रा के सभी स्वयंसेवकों का स्वागत करते हुये कहा कि ऐतिहासिक धरोहर, गंगा-जमुनी संस्कृति से छात्रों को रूबरू कराने के साथ-साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य का संदेश देने के लिये यह साईकिल यात्रा निहायत सार्थक कदम है।

# होली मिलन में बुंदेलखंड भवन बनाने का लिया संकल्प



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बुंदेलखंड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद द्वारा एफ़िल क्लब में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व डीजी पुलिस विजय कुमार, विशेष अतिथि निदेशक पेंशन रविंद्र कुमार द्विवेदी, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष सहयोग परिषद महेंद्र कुमार तिवारी, शिव शंकर अवस्थी, अरविंद कुमार जैन, बनारसी प्रसाद उपस्थित रहे। अथितियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, सरस्वती वंदना अर्चना गुप्ता, सुधा गुप्ता, प्रीति सिंह, अनीता जैन, श्रद्धा लिटोरिया द्वारा प्रस्तुत की गई।स्वागत भाषण परिषद के महासचिव कैलाश जैन द्वारा दिया गया। बुंदेलखंड सहयोग परिषद के कलाकारों रेणु शर्मा, श्रद्धा लिटोरिया, अंजू अग्निहोत्री, आशा, कीर्ति जैन, प्रीति सिंह, अर्चना गुप्ता, स्वरा एवं अन्य बुंदेली कलाकारों द्वारा होली गीत, नृत्य प्रस्तुत किये गये और सभी ने फूलों की होली खेली। अतिथियों द्वारा बुंदेलखंड के संबंध में उद्बोधन दिया और शीघ्र लखनऊ में बुंदेलखंड भवन बनाने का संकल्प सभी ने लिया।

# एसडीएम सदर के पद पर आईएएस निशा ग्रेवालनियुक्ति

**मथुरा।** सदर तहसील में जिलाधिकारी सीपी सिंह ने 2021 बैच की आईएएस निशा ग्रेवाल की उप जिला अधिकारी सदर के पद पर तैनाती की है। इससे पूर्व इस पद पर तैनात आईएएस रिंकू राही को जनपद से कार्य मुक्त कर दिया गया है।

समीपवर्ती राज्य हरियाणा के भिवानी जनपद की मूल निवासी द्बुस निशा ग्रेवाल इससे पूर्व बिहार के मोतिहारी जिले में एसडीम के रूप में 15 माह कार्य कर चुकी है। केंद्र सरकार ने उनके मूल कैडर बिहार को बदलकर यूपी कैडर में स्थानांतरित कर दिया है। नवागत उप जिला अधिकारी निशा ग्रेवाल ने सोमवार को जिलाधिकारी सीपी सिंह के समक्ष पदभार ग्रहण कर लिया है।उन्होंने अनौपचारिक वार्ता में बताया कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करना उनका मुख्य कार्य रहेगा।

# ज़िलाबदर अपराधियों के खिलाफ की मुनादी, नोटिस चस्पा

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर कुँवर अनुपम सिंह द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु 02 आदतन, पेशेवर व मनबढ़ अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारीगण के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 02 जिला बदर अभियुक्तगण के मोहल्ले में ढोल नगाड़े से मुनादी प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स के करते हुये अभियुक्तगण को जिला बदर होने की सूचना दी गई। जिलाबदर के क्षेत्र में दिखाई देने पर पुलिस को सूचना देने हेतु बताया गया, जिलाबदर अवधि में जनपद की सीमा में पाये जाने पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु जीरो टालरेंस नीति के तहत अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को स्थापित रखने व अपराध नियंत्रण के लिये चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत सुलतानपुर पुलिस द्वारा सक्रिय अपराधियों एवं अराजकतत्वों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिसके क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा इन अपराधियों को 06 माह के लिए जिले की भौगोलिक सीमाओं से निष्कासित किया गया। जिलाबदर अभियुक्त वाद स0 534/2023 नाम सिराज अहमद उर्फ गुड्डु पुत्र मो0 इसराइल 2.मेराज अहमद उर्फ पप्पू पुत्र मो0 इसराईल निवासीगण मोहल्ला घरहा खुर्द सिरवारा रोड थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर के गांवों में जाकर ढोल नगाड़े से मुनादी करते हुये अभियुक्तगण के जिला बदर होने की सूचना दी गई। आमजनमानस से भी अपील की गयी है कि जिलाबदर अपराधी यदि आपके मोहल्ले व आसपास लुक-छिपकर निवास कर रहे हो तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को देने का कष्ट करें। जिलाबदर अवधि में जनपद की सीमा में पाये जाने पर जिलाबदर अपराधी के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने नगर क्षेत्र में किया पैदल गश्त



**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** एस पी कुँवर अनुपम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों के मद्देनजर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाको मे पैदल गश्त किया गया तथा ईदगाह का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान बाजारों में पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए, साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने पेट्रोलिंग बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया दल को तैयार रहने का निर्देश दिया।

### इंडोफार्म ट्रैक्टर एजेंसी का हुआ भव्य उद्घाटन



**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** अयोध्या बाई पास रोड पर स्थित चांदपुर सैदोपट्टी के पास नई ट्रैक्टर एजेंसी(इंडोफॉर्म )का भव्य उद्धाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी जी के द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। ट्रैक्टर बनाने की यह काफी पुरानी हिमांचल प्रदेश की कंपनी है, जिसमें कई रेंज जैसे 35 से 80 हॉर्स पॉवर का मॉडल उपलब्ध है। जिसको किसान अपने बजट के अनुसार प्राप्त कर सकता है। इस कंपनी ने सुल्तानपुर में अयोध्या ऑटो मोबाइल के मालिक शिव कुमार शुक्ला और संगीता शुक्ला को अपना अधिकृत डीलर नियुक्त किया है। इस अवसर पर दूबेपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह, सुनील वर्मा, संदीप सिंह, आशीष रानू, अमेठी से आए राजेश पांडे,सुधा सिंह,एडवोकेट हरिश्चंद्र दुबे आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्षों को दी शुभकामनाएं

**सुल्तानपुर/अमेठी (अवधनामा संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी संगठन में हुए हालिया बदलाव के तहत सुल्तानपुर जिले में सुशील त्रिपाठी और अमेठी जिले में सुधांशु शुक्ल को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद दोनों नेताओं को कार्यकर्ताओं और पार्टी समर्थकों की ओर से बधाइयां मिल रही हैं।इसी क्रम में, सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय तहसील स्थित कांपा गांव के प्रधान प्रतिनिधि एवं एडवोकेट धर्मेंद्र तिवारी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सुशील त्रिपाठी और सुधांशु शुक्ल के नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी।धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने योग्य और कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। उन्होंने दोनों जिलाध्यक्षों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक कार्यों में सफलता की कामना की।



### डॉ राजीव सिंह सर्जन का भदोही में हुआ सम्मान

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** नीमा सर्जिकल समिति उत्तर प्रदेश के संयोजन में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन लाइव सर्जरी वर्कशॉप का भदोही में आयोजित किए गए वर्कशॉप में नीमा से जुड़े प्रदेश के दो दर्जन से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया। जहां पर लेप्रोस्कोपिक विधि से पित्त की थैली पथरी अपेंडिक्स पाइल्स हर्निया के ऑपरेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सेमिनार में बतोर मुख्य अतिथि सुल्तानपुर जनपद के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ राजीव सिंह ने उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि नीमा से जुड़े हमारे सभी चिकित्सक चिकित्सा क्षेत्र में नए-नए शोध व का प्रयोग कर आम जनमानस की सेवा कर रहे हैं। उपस्थित सभी चिकित्सकों को विस्तृत जानकारी दी।सेमिनार में प्रमुख रूप से पदम श्री पुरस्कार विजेता डॉ एमसाहू वाराणसी के प्रसिद्ध सर्जन डॉक्टर रमन सिंह पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेपी सिंह उपस्थित रहे।



### सराफा डकैती कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** शहर के व्यस्ततम इलाके में हुए भरत सोनी सराफा लूटकांड में शामिल मुख्य आरोपी अरबाज और फुरकान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से करीब चार किलो चांदी के जेवर बरामद किए हैं।नगर कोतवाल नारद मुनि ने बताया कि लुटेरों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस इस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है, ताकि लूट में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सके। इस डकैती की घटना के बाद से ही पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में थी। आखिरकार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अरबाज और फुरकान को दबोच लिया। उनकी निशानदेही पर लूट के जेवर भी बरामद कर लिए गए हैं।



# जिला, ब्लॉक और न्याय पंचायत कमेटियों का हो गठन : सांसद किशोरी लाल

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर/अमेठी।** नव मनोनीत कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पहुंचे।जहां उन्होंने अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा से मुलाकात कर शिष्टाचार भेंट किया।

इस दौरान अमेठी सांसद ने दोनों नवनिर्वाचित जिला व शहर अध्यक्षों को मिष्ठान खिलाकर उनके नए कार्यकाल की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभ कामना दी। संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु अन्य अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अमेठी सांसद से मुलाकात के दौरान नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जिला, ब्लॉक और न्याय पंचायत कमेटियों को पिछले कार्यकाल से अधिक मजबूती और गम्भीरता के साथ गठन किया जाएगा। संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जमीन से जुड़े नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जिससे आने वाले समय कांग्रेस को अत्यधिक मजबूत प्रदान हो सके। वहीं उन्होंने पुनः जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि जल्द ही शहर कांग्रेस कमेटी का वार्ड और बूथ स्तर पर गठन किया जाएगा। संगठन में उन नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी जो पूरी ईमानदारी से कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर अमेठी कॉग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, अनिल सिंह, सुनील चौहान, सुल्तानपुर दूर संचार समिति के सदस्य अशोक सिंह हिटलर,डॉ अरविंद चतुर्वेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# विधायक से गंगाजल आपूर्ति की मांग

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में गंगाजल की सप्लाई के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मथुरा वृंदावन के विधायक श्रीकांत शर्मा से मिला पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल नगर निगम मथुरा-वृन्दावन, ने मथुरा क्षेत्रान्तर्गत 150 एमएलडी गंगाजल आपूर्ति किये जाने की मांग की गई। वार्ड 47 के पार्षद प्रतिनिधि तिलकवीर चौधरी, वार्ड 68 के पार्षद कुलदीप पाठक,वार्ड 31 के पार्षद मुन्ना मलिक ने कहा नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में केवल 25 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु का आवागमन हो चुका है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये वार्ड सं0-31,37.44.47 एवं 68 के अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में गंगाजल की आपूर्ति नहीं हो रही है, उन सभी क्षेत्रवासियों को पेयजल को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। विधायक श्रीकांत शर्मा से कहा नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत के लिये 150 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति कराये जाने हेतु मुख्यमंत्री से अपने स्तर से नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के लिये पेयजल की स्थायी समस्या को निराकरण कराये जाने की माँग की है।

# साइंटूनमैन ने टीएमयू में साझा कीं अद्वितीय कहानियां



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** उम्र करीब 70 साल... दुनिया भर के अनमोल अनुभवों से लबरेज झोली... पिन डॉप साइलेंट संबोधन...देश के छोटे-छोटे गांवों से लेकर बड़े-बड़े देशों तक...पृथ्वी से लेकर आकाश तक...जल, जंगल...जमीन...हार्ड वर्क, कॉन्फिडेंश और डिटरमिनेशन...उन्मुक्त भाषा प्रवाह...लर्निंग वाय नेचर...विज्ञान की जटिलताएं और कार्टून्स... विशिष्ट जीन्स... पृष्ठभूमि...साक्षरता...जीवन-मरण...लक्ष्य प्राप्ति...इच्छाशक्ति सरीखे शब्दों के समागम का साक्षी रहा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का प्रेक्षागृह। मौका था यूनिवर्सिटी की ओर से व्हाट मेक्स यू ए विनर पर आयोजित लीडरशिप टॉक सीरीज के सेशन- 12 का। मेहमान थे द आउटस्टैंडिंग यंग पर्सन ऑफ द वर्ल्ड के खिताब से सम्मानित, साइंटूनिक्स के जनक एवम् साइंटून मैन प्रो. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव। करीब-करीब 90 मिनट के सारगर्भित संबोधन में प्रो. प्रदीप श्रीवास्तव ने पूरी दुनिया में आम से ख़ास आदमी बनने तक की सक्सेस स्टोरीज़ साझा कीं। प्रो. श्रीवास्तव मानते हैं, सामान्यतः सभी में 99.99 प्रतिशत जीन्स लगभग समान होते हैं, लेकिन सफलता के शिखर को वहीं छूते हैं।

# समावेशी नेता थे स्व. ओम प्रकाश पासवान

पूर्व विधायक स्वर्गीय ओम प्रकाश पासवान, का संपूर्ण जीवन जनसेवा और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित रहा। वे रग-रग और पोर-पोर से एक सच्चे जननेता थे। राजनीति के सच्चे अर्थों में अजातशत्रु, जिन्होंने ने समावेशी राजनीति की।



कमलेश पासवान

80 के दशक में उत्तर प्रदेश की राजनीति में ओम प्रकाश पासवान का उदय मात्र एक व्यक्ति का उदय नहीं था, बल्कि यह सामाजिक जागरूकता और जन-आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व था। उन्होंने उत्तरप्रदेश के जिला गोरखपुर में सामान्य सीट से विजय प्राप्त कर राजनीति में एक नया अध्याय लिखा। उनके प्रयासों से समाज के पिछड़े तबके को भी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का साहस मिला। अपने जनसेवा के संकल्प, समाज सुधारक दृष्टिकोण और विकास कार्यों के प्रति समर्पण ने उन्हें जनता के बीच 'जननेता' के रूप में स्थापित कर दिया।

**बालपन से झलकी नेतृत्व क्षमता और सेवा का जज्बा-** 15 जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद के ग्राम राजीसेमरा में जन्मे ओम प्रकाश पासवान का बचपन बेहद साधारण परिस्थितियों में बीता। उनके पिता श्री राजाराम प्रसाद भारतीय रेलवे में कार्यरत थे, जबकि माता श्रीमती गेंदा देवी एक सरल गृहिणी थीं। बचपन से ही ओम प्रकाश जी अपने कार्यों और व्यवहार से अलग पहचान बनाने लगे।

गांव के हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में उनकी भागीदारी और नेतृत्व क्षमता साफ झलकती थी। पढ़ाई के प्रति उनकी गंभीरता और समाज सेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें प्रारंभिक अवस्था में ही एक उभरता हुआ नेता बना दिया। चारगांवा इंटर कॉलेज, गोरखपुर से माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने पुलिस सेवा में भी कार्य किया, लेकिन उनके मन में जनसेवा का जुनून उमड़ता रहा।

**हर चुनाव में जनता का विश्वास, हर पद पर विकास की मिसाल-**1983 में जब ओम प्रकाश पासवान ग्राम प्रधान बने, तब उन्होंने अपने नेतृत्व और विकास कार्यों की अनूठी छाप छोड़ी। वह गोरखपुर के सबसे युवा ग्राम प्रधान के रूप में चुने गए और उनकी कार्यशैली ने पूरे क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता बढ़ा दी। प्रधान संघ के अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के रूप में भी उन्होंने रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कर जनता के दिलों में अपनी जगह बनाई। उनकी लोकप्रियता का चरम 1984 के विधानसभा चुनाव में दिखा, जब उन्होंने सामान्य सीट मनीराम विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव जीता। उनकी सादगी, ईमानदारी और जनता के प्रति समर्पण ने उन्हें समाज के हर वर्ग का प्रिय नेता बना दिया।



1991 और 1993 में भी उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में प्रचंड बहुमत से न सिर्फ जीत दर्ज की बल्कि हर बार उनके जीत का अंतर बढ़ता गया , जो इस बात का प्रमाण था कि जनता उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली की कायल थी।

**दलगत राजनीति से परे जन-आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व-** मेरे पिता की राजनीति जाति, धर्म और दलगत सीमाओं से कहीं ऊपर थी। उनके लिए राजनीति का अर्थ सिर्फ और सिर्फ जनसेवा था। यही कारण था कि वे सामान्य सीट से लगातार जीतते रहे।

उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 1996 में समाजवादी पार्टी ने उन्हें बांसगांव लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया, जहां उनकी रैलियों में उमड़ने वाली भीड़ उनकी स्वीकार्यता को दर्शाती थी।

**असमय बुझा संघर्षशील जीवन का दीप-** 25 मार्च 1996 का दिन पूर्वांचल के लिए काला दिन बनकर आया, जब एक चुनावी सभा के दौरान मेरे पिता पर बम से हमला किया गया। इस हमले में उनके साथ 14 निर्दोष लोगों की भी निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना ने न केवल मेरे परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया।

लेकिन उनकी शहादत के बाद भी उनका सपना अधूरा नहीं रहा। हमने उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाया और जनता ने उनके विचारों को अपनाकर यह साबित कर दिया कि ओम प्रकाश पासवान एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं।

समर्पण और सेवा की जीवंत मिसाल

ओम प्रकाश पासवान जी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची राजनीति वही है, जो जनता के लिए, जनता के साथ और जनता के हित में हो। उन्होंने अपने कार्यों से यह सिद्ध कर दिया कि समाज सेवा और विकास के लिए एक सच्चे जनप्रतिनिधि का होना कितना आवश्यक है।

उनकी संघर्षशील यात्रा, अटूट समर्पण और सेवा की भावना आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। वे उन सभी के लिए प्रेरणा हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। उनकी स्मृति में जलाई गई विकास और जनसेवा की मशाल सदैव जलती रहेगी, और उनके विचार आने वाली पीढ़ियों को सत्कर्म और जनकल्याण की राह दिखाते रहेंगे।

# सपा कार्यालय में मनाई गयी लोहिया जी की जयन्ती




अवधनामा संवाददाता

उन्नाव। समाजवादी पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस में सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी चिन्तक डा0 राममनोहर लोहिया की जयन्ती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

सपा जिलाध्यक्ष श्री यादव ने लोहिया जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा लोहिया जी कहा करते थे कि जो सो रहा है, उसे जगाया जा सकता है, लेकिन जो जागते हुए भी बेहोश बना रहना चाहता है, उसका कोई इलाज नहीं। सामाजिक न्याय, समानता और सशक्त लोकतंत्र के प्रहरी डॉ. राममनोहर लोहिया ने ताउम्र गरीबों, किसानों, मजदूरों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका विचार और उनकी क्रांतिकारी सोच आज भी हमें अन्याय और शोषण के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देती है। हम सब उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए एक न्याय संगत, समतामूलक और समाजवादी भारत के निर्माण का संकल्प ले। श्री यादव ने कहा कि डॉ0 लोहिया जी ने सरकारी जुल्म के खिलाफ सदैव आवाज उठाते रहे उनका कहना था कि संघर्ष को अपना हथियार बनाएं उनकी सप्तक्रांति आज भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने नवजवानो और मजदूरों के लिए संघर्ष किया। आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व विधायक रामकुमार, राजेश कुमार साधु यादव, नरेंद्र लोधी, हाजी सैय्द इरफान, राम बहादुर यादव, अमन अन्जुम, लकी यादव, अंकित यादव, मनीष सैनी, पंकज यादव, मो0 अकरम, गोबिंद यादव, शिवशंकर गौतम, प्रेम सिंह, छोटेलाल भारतीय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

उन्नाव। शहीदी दिवस पर पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन के सदस्यों ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा द्वितीय विश्व युद्ध के योद्धा सिपाही शिवनाथ सिंह जी की वीर पत्नी से मिलकर प्रदेश महासचिव ने भेट कर कुशलछेम पूंछा।

अकवाबाद उन्नाव में पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन के सदस्यों ने द्वितीय विश्व युद्ध के योद्धा रहे वीर सिपाही शिवनाथ सिंह के परिवार में उनकी पत्नी लगभग 100 वर्ष पूर्ण करते हुए वीर माता सुभद्रा देवी जी से मिलकर श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीदी दिवस कार्यक्रम के अवसर पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव संजय सिंह फौजी ने कहा कि आज के युवा समाज को देश के प्रति प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। संजय सिंह फौजी ने कहा हमें अपने शहीदों की शहादत को कभी नहीं भूलना चाहिए और उनकी याद में हमें देश के लिए काम करना चाहिए। ताकि हम अपने देश को और मजबूत बना सकें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करना और युवाओं को देश के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने भारत माता की जयकारो के साथ समापन किया।

# गीत संगीत की मस्ती में सराबोर हुए व्यापारी

■ प्रयागराज व्यापार मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं होली हुड़दंग व्यापारी परिवार के संग संगीतमय सांस्कृतिक संध्या एवं सहभोज



अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज व्यापार मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं होली हुड़दंग व्यापारी परिवार के संग संगीतमय सांस्कृतिक संध्या एवं सहभोज का आयोजन किया गया। जिसमें की प्रयागराज जनपद के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों के व्यापारियों ने सहभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष सुशांत केसरवानी के माता-पिता सुरेंद्र केसरवानी एवं गायत्री देवी के द्वारा भगवान श्री राम दरबार के आगे दीपक प्रज्वलन करके कार्यक्रम शुरू किया गया।कार्यक्रम में अतुल ऑर्केस्ट्रा ग्रुप के द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दिया गया साथ में राधा कृष्ण के फूलों के होली का अद्भुत कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन मनीष कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुशांत केसरवानी ने समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं व्यापार मंडल मेंए अपना योगदान देने वाले 51 विभूतियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में करीब 3000 व्यापारियों ने सहभाग किया। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर प्रमुख गणेश केसरवानी और उद्योगपति शिवम बरनवाल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता और काशी क्षेत्र अध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता रहे।

## अपराध समीक्षा गोष्ठी में एसपी ने मातहतो को दिये निर्देश

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी समस्त क्षेत्राधिकारीगण व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारियों व जनपद के समस्त चौकी/हल्का प्रभारियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान एसपी द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम, अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा रमजान माह एवं आगामी ईद व नवरात्र को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की प्राथमिकता, महिलाओं एवं बच्चों के साथ घटित होने वाली घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने आदि के संबंध में निर्देशित किया गया। इसके साथ ही समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने, शिकायतों का शीघ्र व विधिक निस्तारण करने, महिला सम्बन्धी अपराधों को गंभीरता से लेने व उचित कार्यवाही करने, वांछित/ वारंटियों की गिरफ्तारी करने, विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने, डायल 112 की चेकिंग करने, आगामी त्योहारों पर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखकर त्योहारो को सकुशल सम्पन्न कराने बिषयक आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

■ नये कैदियों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए : जिला जज

गुरसहायगंज, कन्नौज। जिला न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार, जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर किया गया। इस दौरान सभी बैरकों व अहातों का गहन निरीक्षण कर में बन्दियों से समस्याओं के संबन्ध में पूंछताछ की गई।

सोमवार की भोर जिला न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार, जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जिला कारागार के औचक निरीक्षण दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिला कारागार में आने वाले नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे एवं निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखें एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

## जेल वाले हज़रत सैय्यद बाबा की दरगाह शरीफ पर हुआ रोज़ा इफ्तार



इटावा,अवधनामा ब्यूरो। जेल वाले हज़रत सैय्यद बाबा की दरगाह शरीफ पर रविवार बाइस रमज़ान मुबारक को रोजा इफ्तार हुआ, जिसमें समाजसेवी, नेताओं, बुद्धिजीवी, पत्रकारों और धर्म गुरूओं नें शिरकत की और भाईचारा एकता और गंगा जमुनी तहजीब को बड़ावा देंने का संदेश दिया, कहा कि इटावा की असली पहचान आपसी सद्भाव, प्रेम और एकता मे निहित है। विभिन्न धर्म समुदायों के उपस्थित लोगों नें एक साथ इफ्तार कर जिले के अमन चैन और उन्नति की दुआ मांगी। इस अवसर पर दरगाह शरीफ के ख़ादिम मोनू बशीर, वसीम अहमद नियाज़ी जिम्मी, सोनू बशीर आदि के अलावा कोमी तहुज्जफ कमेटी के अध्यक्ष खादिम अब्बास, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, मंसूरी समाज के अध्यक्ष हाजी गुड्डू मंसूरी, वरिष्ठ सपा नेता शफी अहमद बालक, बबलू यादव, देव गुप्ता, रमेश मिश्रा, शावेज नकवी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## दंगा-बलवा नियंत्रण हेतु किया गया अभ्यास

उन्नाव। आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/ भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव परेड ग्राउंड में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा दंगा नियन्त्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान विधि विरुद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिये रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबन्ध जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा दंगाइयों/ बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टियर स्मोक सेल, नेट आदि के प्रयोगों के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का इन परिस्थितियों में किस प्रकार प्रयोग करना है, की जानकारी दी गई। ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में सिखलाये गये तरीकों से ऐसी परिस्थितियों का अच्छे से सामना किया जा सके। दंगा/बलवा नियंत्रण ड्रिल में करीब 120 अधिकारी/ कर्मचारीगण द्वारा भाग लिया गया।

## युवती ने घर में घुस छेड़खानी का लगाया आरोप

उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने युवक पर बदनियती से हांथ खींचने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर वांछित धाराओं में निरुद्ध कर न्यायालय भेजा है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाना पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा है कि शनिवार की रात वह अकेली घर पर थी तभी थाना कायमगंज जनपद फर्रूखाबाद के ग्राम अरियारा निवासी विकास आकर दरवाजा खटखटाने लगा। विकास द्वारा दरवाजे पर दस्तक देने के बाद जब युवती ने दरवाजा खोला तो विकास ने बुरी नियत से युवती का हाथ खींचा। विकास की बुरी नियत भांप युवती के शोर मचाने पर युवती की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। तो विकास गाली गलौज देते हुए भाग निकला। थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर सक्रियता दिखाते हुए युवक को हिरासत में लेकर वांछित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## शिक्षकों ने ऋण सीमा बढ़ाने की उठाई मांग

उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह से मुलाकात की। शिक्षक संघ ने वेतन भोगी सहकारी समितियों की ऋण सीमा और समय सीमा बढ़ाने की मांग रखी।जिला पंचायत बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी सहकारी समिति लिमिटेड उन्नाव, जिला सहकारी बैंक शाखा से वित्तपोषित है। यह समिति 22 मई 1939 से लखनऊ में पंजीकृत है। समिति शिक्षक कर्मचारियों के हित में बेहतर काम कर रही है। शिक्षक संघ ने बताया कि वर्तमान में ऋण सीमा और चुकाने की अवधि कम होने से कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। उन्होंने ऋण सीमा मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 30 गुना या 30 लाख करने की मांग की है। साथ ही ऋण चुकाने की अवधि 5 साल से बढ़ाकर 10 साल करने का अनुरोध किया है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद नारायण मिश्र, कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, महामंत्री अवनीश कुमार पाल और महिला उपाध्यक्ष अनामिका भारती मौजूद थीं। इनके अलावा उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, राज कुमार यादव, राकेश बघेल, जिला मीडिया प्रभारी विनीत बाजपेयी और लेखाकार चंद्र प्रकाश दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## शराब पीने को लेकर दो परिवारों में मारपीट

प्रयागराज। कौंधियारा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत मझगवां गांव में देर रात बवाल हो गया। गांव में रहने वाले मुन्ना लाल को गांव के ही अशोक सिंह, राम भवन, सोनू सिंह, बलवन्त सिंह ने विवाद के चलते लाठी डंडे, कटवासा से पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची मुन्ना लाल की पत्नी मीना और बेटी गुड़िया के साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। हमलावरों ने महिला का हांथ भी तोड़ दिया। घटना के बाद सभी घायल जमीन पर तड़पते रहे। सूचना पर पहुंची कौंधियारा पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से डाक्टरों ने सभी को एस आर एन अस्पताल रेफर कर दिया।

# एकजुटता से ही भारत को मिलेगा विश्व गुरू का गौरव : पंकज गुप्ता

अवधनामा संवाददाता

■ पन्नालाल पार्क में आयोजित होली मिलन में सभी वर्गो ने लिया भाग

उन्नाव। बीती रात शहर के पन्नालाल पार्क में गत वर्ष की भांति आयोजित होली मिलन समारोह में सभी वर्गो, धर्मो के लोगो ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। इस दौरान समारोह मे शीतला अष्टमी का दिन होने के कारण मात्र शक्तियों का आयोजको ने सम्मान किया।

बीतीशाम गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के पन्नालाल पार्क मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकम में भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य आनंद अवस्थी ने होली की बधाई देते हुए कहा कि सनातन की रक्षा के लिए हम सभी को एक रहना है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन मंडल को सफल कार्यक्रम की बधाई दी। जिले के सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि हम सब सौभाग्य शाली है कि इस बार की होली की कुछ विशेष रही विशेष इसलिए रही कि अभी महाकुंभ समाप्त हुआ महाकुंभ मे होली मे विषमताएं, विकृतियो को समाप्त कर हमारी सनातन संस्कृति नई दिशा मे आगे बढे पूरे विश्व के 65 करोड लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया। हमारी सनातन संस्कृति एकजुट होकर एकत्रित हो गई इस विचारधारा से जुडकर कार्य करने का मौका मिलता है। हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व मोदी जी के नेतृत्व मे भी कहा गया है कि एक है तो सेफ है।

हम सभी होली के अवसर पर हम सब मिलकर संकल्प ले सभी एकजुट होकर रहेगे तो भारत भी सुरक्षित रहेगा और विश्व गुरु भी बनेगा। इस होली पर हम सभी एक जुट रहने का संकल्प ले सदर विधायक ने आयोजन मंडल को बधाई देते हुए सभी को होली की बधाई दी। इससे पूर्व सभी ने पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। देर रात तक चले होली मिलन समारोह मे बारिश की हल्की फुहारो के साथ श्री राधा-कृष्ण के वेष में कलाकारो द्वारा फूलों की होली खेली गई।

## भाई ने घर में लगाई आग, गृहस्थी जलकर राख

उन्नाव। फतेहपुर चौरासी कस्बा निवासी दो भाइयों के आपस में हुए विवाद के बाद एक भाई ने दूसरे भाई के छप्पर में आग लगा दी। पीड़ित ने थाना पुलिस में तहरीर देकर न्याय की गुहार गई। फतेहपुर चौरासी कस्बे के मोहल्ला गांधी नगर निवासी राजेश ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि घर के सामने उसका छप्पर रखा है। जहां रविवार सुबह करीब दस बजे उसके सगे भाई ने उसे हुए आपसी निवासी विवाद के बाद आग लगा दी। जिससे छप्पर के नीचे रखे पांच क्विंटल गेंहू, सिलाई मशीन आदि जलकर स्वाहा हो गया। आग की चपेट में आने से सारा सामान जल गया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने अग्निकांड में हुई क्षति का आंकलन किया। वही थाना पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# माहे रमज़ान में क़ुरआन ए पाक का नुज़ूल भी हुआ



## ग़रीब व मजबूर बच्चों को रोज़ा इफ्तार कराने को आगे आई एक सोच संस्था

प्रयागराज। विधि छात्रों के द्वारा बनाई गई संस्था एक सोच ने झोपड़ पट्टी में गुज़र बसर करने वाले ग़रीब व असहाय बच्चों के लिए खास रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया। अब्बास हुसैन एडवोकेट ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। ईफ्तारी में बेहतरीन व्यंजन के साथ फल कोल्ड ड्रिंक्स तथा ईफ्तारी के बाद खाने की भी व्यवस्था की।

## अल्लाह की बन्दगी और रोज़ादारों के दस्तरख्वान सजाने जैसी दोहरी ज़िम्मेदारी निभा रही औरतें

प्रयागराज। माहे रमज़ान में ज़्यादातर महिलाएं इन दिनों दोहरी ज़िम्मेदारी निभा रही हैं। एक तरफ रोज़ादारों के लिए इफ्तारी तय्यार करना तो दूसरी ओर खुद भी इबादत तिलावत ए कलाम ए पाक, पंचगाना नमाज़ के साथ साथ बच्चों के स्कूल के लिए टिफिन तैयार करना और उन्हें तय्यार कर स्कूल भेजना लेकिन ग़नीमत यह है कि आज कर स्कूलों में छुट्टी चल रही है। वहीं बड़े बुजुर्ग जो किसी कारण रोज़ा नहीं रखते उनके लिए खाना बनाना भी दिन चर्या में शामिल हैं। ज़ाकिरा व मज़हबी मामलों की जानकार शैज़ी सय्यदाह बताती हैं रोज़ा हर हाल में वाजिब है लेकिन लेकिन यह बोहोत बड़ी गलतफहमी है कि ज़रा सी तकलीफ़ को औरतें रोज़ा न रखने का सबब बना लेती हैं और कहती हैं बाद में क़ज़ा रोज़ा रख लेंगे। ऐसा हर्गिज़ नहीं।जान बूझ कर एक रोज़ा छोड़ने के बदले साठ क़ज़ा रोज़ा रखना पड़ता है। कहा औरतों व बालिग़ लड़कियों को पीरीयेड्स और हामला (प्रेगनेंट) होने के दौरान या फिर छोटे बच्चों को दूध पिलाने वाली मांओं को ही राज़ा छोड़ने की इजाज़त है लेकिन इस दौरान के छोड़े रोज़े के बदले क़ज़ा रोज़ा सिर्फ एक के बदले एक रखने का हुक्म है।

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। आज कल माहे मुक़द्दस व माहे बरकत व रहमत के साथ मग़फिरत के अन्तिम दिन चल रहे हैं और आज रमज़ानुल मुबारक के पतेईस रोज़े भी मुकम्मल हो गए। मस्जिदें नमाज़ीयों से गुलज़ार है तो बाज़ार खरीदारों से रौशन। देर रात तक बाज़ार खुल रहे हैं। इस वक्त टेलर के यहां हाऊस फुल का बोर्ड टंगने के कारण ज़्यादातर लोग रेडीमेड कपड़ों की दूकानों पर देखे जा सकते हैं। वहीं माहे रमज़ान को लेकर ओलमा व ज़ाकिरीन फरमाते हैं कि इसी पाक महिने में आसमानी किताब क़ुरआन ए मजीद का नुज़ूल यानि आलमे इन्सानियत को राहे रास्त पर लाने को अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त ने रसूले अकरम पर क़ुरआन ए पाक नाज़िल किया ताकि अल्लाह के पैगम्बर अपने बशर को अल्लाह के हुक्म से बा खबर कर दें। ऐसे में जहां हर आक़िल व बालिग़ पर रोज़ा व नमाज़ फर्ज़ कि गई वहीं क़ुरआन की तिलावत का भी हुक्म दिया गया। माहे मुक़द्दस रमज़ान में लोग सहरी के बाद से मुसलसल क़ुरआन कि तिलावत करते हैं। नमाज़ ए पंचगाना अदा करते हैं और मग़रिब की अज़ान सुन कर रोज़ा खोलते हैं।

## स्वर्गीय राजेश शिल्पकार ठठेरा का आठवां पुण्यतिथि मनाया जाने पर विचार

आजमगढ़। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एवं अखिल भारतीय ठठेरा, कसेरा, ताम्रकार महासभा संयुक्त रूप से कार्यकर्ता बैठक संपन्न हुआ बैठक कि अध्यक्षता अवधेश ठठेरा एवं संचालन सुनिता विश्वकर्मा ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक शिवमोहन शिल्पकार ने बताया कि आज कि बैठक में होने वाला अयोजित कार्यक्रम 28मार्च 2025 को स्वर्गीय राजेश शिल्पकार ठठेरा के आठवां पुण्यतिथि एवं अजय मिश्रा वर्ग महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह मनाया जाएगा जिसका ठठेरा वर्ग नेतृत्व करेगा उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भारत सरकार माननीय पशुपति कुमार पारस जी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाए जाने का सभी लोगों ने समर्थन किया और राष्ट्रीय लोग जनशक्ति पार्टी के नेतृत्व में सामाजिक कार्यों में गति देने का घोषणा किया गया।

# जायसवाल हितकारिणी समिति के तत्वाधान में होली मिलन समारोह

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। 24 मार्च 25 जायसवाल हितकारिणी समिति आजमगढ़ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह 23 मार्च दिन रविवार को सायं 5:00 बजे स्थान शकुंतलम मैरिज हाल करतालपुर तिराहा आजमगढ़ में श्री राजेंद्र प्रसाद जायसवाल के अध्यक्षता में किया गया । जिसका संचालन सुनील जायसवाल ने किया। सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ होली मिलन का शुरुआत हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा देवी जायसवाल, विशिष्ट अतिथि ऋतिक जायसवाल, प्रेम नारायण जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, कन्हैयालाल जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा संयुक्तरूप से भगवान सहस्त्रार्जुन के छायाचित्र व डॉक्टर काशी प्रसाद जायसवाल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। 'मंचासीन मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा देवी जायसवाल को अमृता जायसवाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि श्री ऋतिक जायसवाल का जितेन्द्र जायसवाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कन्हैयालाल का माल्यार्पण ओमप्रकाश जायसवाल, प्रेम नारायण जायसवाल का माल्यार्पण अरविंद जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल का माल्यार्पण राजेश जायसवाल, दीपक जायसवाल संत जायसवाल के द्वारा आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत के बाद मंच पर विराजमान अतिथियों वक्ताओं के द्वारा होली मिलन समारोह पर बधाई देते हुए शुभकामना व्यक्त किया। यह कार्यक्रम हर साल मनाने की बात कही, जिसमें इंदिरा देवी जायसवाल, ऋतिक जायसवाल, कन्हैयालाल जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल व राजेंद्र प्रसाद जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। होली मिलन समारोह में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा गुलाब के फूलों पंखुड़ियां की पुष्पवर्षा कर एक दूसरे को होली मिलन समारोह की बधाई शुभकामनाएं देकर खुशी का इजहार किया। दिव्यांश, आर्या रिशु, लाली आदि बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति सबके समक्ष दी गई जिसको सबने खूब सराहा। समारोह में जनपद के सम्भ्रांत नागरिगण सामाजिक, राजनीतिक, साहित्यिक आदि क्षेत्रों के लोगों ने होली मिलन कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व आयोजकों को धन्यवाद दिया कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## कामर्शियल कनेक्सनों के चेकिंग अभियान से मचा हडकम्प



गुरसहायगंज, कन्नौज। अधिसाषी अभियंता राजीव कुमार के निर्देश पर विद्युत उपखण्ड अधिकारी सहित अवर अभियंता नें टीम के साथ नगर में बकाया बसूली व कामर्शिलयल कनेक्सन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभाग ने लाखों रुपये का बकाया राजस्व वसूला। सोमवार को अधिसाषी अभियंता के निर्देशन में विद्युत उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही व अवर अभियंता विकास कुमार नें टीम के साथ नगर के जीटी रोड पर अभियान के तहत 110 वाणिज्यिक बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची के अनुसार चेकिंग की। वहीं मौके पर ही कई उपभोक्ताओं से साढे सात लाख रुपयों का राजस्व शुल्क वसूला गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। कहा कि वेवजह की परेशानी से बचने के लिये बिलों का भुगतान समय से करें। कहा कि किसी भी कार्यदिवस में त्रुटिपूर्ण पूर्ण बिलों का संशोधन करवाकर भुगतान करें। इस दौरान आशीष कुमार, आसिफ खॉ, संजय यादव, संतोष कुमार, सरमू आदि मौजूद रहे।

## महिला सभा ने मनाया होली मिलन समारोह



छिबरामऊ/कन्नौज। समाजवादी पार्टी की महिला सभा की जिला महासचिव ने अपने छिबरामऊ स्थित आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें महिला कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर फूलों की होली खेली। सोमवार को आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं ने होली गीतों पर डांस कर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम मे आई महिला सभा की जिलाध्यक्ष कंचन कनौजिया ने अपने संबोधन में कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है। यह अहंकार और अज्ञानता को दूर कर आपसी प्रेमभाव बढ़ाने का पर्व है। वही महिला सभा की जिला महासचिव अनामिका अग्रवाल ने कहा कि होली रंगो के साथ साथ आपसी मत भेदो को दूर करने का त्यौहार है। इस मौके पर महिला सभा की जिला सचिव रंजना सक्सेना, शशि यादव, सुनीता यादव, रीता, ममता यादव, वॉवी यादव, राधा गुप्ता सहित सैकड़ो महिलायें मौजूद रही।

## रेलवे स्टेशन से युवक के नगदी व मोबाइल पार किये

गुरसहायगंज, कन्नौज। ट्रेन द्वारा अपने गंतव्य पर जाने के लिए निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन पर प्रतीक्षा करने के दौरान युवक को नींद आ गई। इसी दौरान अज्ञात चोर ने नगदी व मोबाइल चोरी कर लिए। सोमवार को सोनीपत जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे अखिलेश पुत्र प्रेमचंद निवासी ग्राम कलसान सरैया थाना इंदरगढ़ की आंख लग गई। इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने उसकी जेब में रखे 1100 सौ रुपये की नगदी और मोबाइल चोरी कर लिए। दोपहर जब उसकी नींद खुली तो उसने मोबाइल व नगदी गायब देखकर उसके होश उड़ गए।

## संभल में पुलिस प्रशासन ने चौकसी बढ़ायी

संभल। ऐतिहसिक शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट की गिरफ्तारी के बाद से संभल मे पुलिस प्रशासन ने चौकसी बढायी है रविवार को पुलिस द्वारा जफर अली एडवोकेट को 24 नवंबर को ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया था उसके बाद से संभल जामा मस्जिद के क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है शहर के बाजारो मे भी पुलिस का गशत जारी रहा मुख्य स्थानो पर भी सुरक्षा व्यवस्था चौकस की गई है ! पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार सी ओ अनुज कुमार चौधरी ने भारत पुलिस बल के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गशत किया फिलहाल संभल मे पूर्ण रूप से शांति का माहौल कायम है।

## पूरी रात हुई नमाज और दुआ

संभल। नगर के मुहल्ला नूरियो सराय स्थित शिया जामा मस्जिद मे आमाले शबे कद्र पर पुरी रात हुई नमाज और दुआ देश और कौम की खुशहाली के लिए मांगी गयी दुआएं। रमज़ान की 23 वी शब एक मुबारक रात है इस रात मे कुराने पाक नाजिल किया गया था हल्कि माहे रमज़ान की 21 वी से 23 की किसी एक रात मे अल्लाहा ने कुराने पाक दुनिया में भेजा था लेकिन इन महत्वपूर्ण रातो मे 23 वी की रात को महत्वपूर्ण माना जाता है और इस रात मे पूरी रात इबादत की जाती है नूरियो सराय के आलावा हुसैन खा सराय मिया सराय कोट गर्बी सिरसी मे स्थित मस्जिदो व घरो मे नमाज अदा की गयी और अमन शांति के लिए दुआ मांगी गयी।

## हाईकोर्ट के वकीलों ने की सांकेतिक हड़ताल

प्रयागराज। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद स्थानांतरण किए जाने के विरोध में सोमवार को अधिवक्ताओं ने सांकेतिक हड़ताल किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से बुलाई गई आकस्मिक आमसभा में न्यायमूर्ति के बंगले से कथित रूप से जले हुए नोट मिलने के मामले की ईडी व सीबीआई से जांच कराने की मांग की। साथ ही प्रस्ताव पारित कर कहा कि महाभियोग चलाया जाना चाहिए।हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आम सभा में प्रस्ताव पारित कर न्यायमूर्ति का स्थानांतरण इलाहाबाद करने का कड़ा विरोध किया। प्रस्ताव में कहा गया कि मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई, ईडी व अन्य जांच एजेंसियों को एफआईआर दर्ज करने और जांच करने की अनुमति देनी चाहिए। कॉलेजियम के माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। ऐसे में योग्य और सक्षम व्यक्तियों का चयन नहीं हो पाता है। मुख्य न्यायाधीश को कॉलेजियम प्रणाली पर विचार करना चाहिए। हाईकोर्ट में रिक्त पदों को यथा शीघ्र भरा जाए।

## अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में यांत्रिक विभाग की टीम ने लेखा को हराया

**बरेली।** में मंडलक्रीड़ा संघ पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर की ओर से रोड नंबर चार स्थित रेलवे स्टेडियम में आयोजित अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को यांत्रिक (समाडी) विभाग और लेखा विभाग की टीमों के बीच भिड़ंत हुई। इसमें यांत्रिक की टीम ने लेखा विभाग की टीम को सात विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लेखा विभाग की टीम निर्धारित 15 ओवरों में महज 95 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इसमें दीपक यादव ने 22 रन, आरके पांडेय ने 19 रन और गौरव पाल ने 18 रनों का योगदान दिया। यांत्रिक विभाग की तरफ से कमल मीणा, रामकेश और भगवान ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यांत्रिक (समाडी) की टीम ने विनीत कुमार के नाबाद 31 रनों और राहुल सैनी के 21 रनों के योगदान के दम पर 10.2 ओवरों में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल किया।

## आईएनए सोलर बना लखनऊ सुपर जायंट्स का एसोसिएट पार्टनर

**लखनऊ।** भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) ने आगामी टी-20 सीजन 2025 - 27 के लिए



लखनऊ सुपर जायंट्स के एसोसिएट पार्टनर बनने की घोषणा की है। यह साझेदारी भारत में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और देश को नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। आईएनए सोलर के चेयरमैन श्री मनीष गुप्ता ने इस अवसर पर कहा, लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ यह साझेदारी हमारे माननीय प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्रिकेट देश के हर कोने तक पहुंचता है, और हम इस माध्यम से अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। आईएनए सोलर के प्रबंध निदेशक श्री विकास जैन ने कहा, हमारा उद्देश्य सौर ऊर्जा को केवल बड़े शहरों तक सीमित न रखते हुए छोटे कस्बों और गांवों तक पहुंचाना है। लखनऊ सुपर जायंट्स जैसे लोकप्रिय क्रिकेट ब्रांड के साथ यह सहयोग हमें व्यापक स्तर पर अक्षय ऊर्जा के संदेश को फैलाने में मदद करेगा। आईएनए सोलर के सोलर पैनल आईईसी, एएलएमएम और बीआईएस जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों से प्रमाणित हैं और इनकी उच्च गुणवत्ता एवं दक्षता के कारण यह देशभर में व्यापक रूप से प्रचलित हैं। कंपनी वर्तमान में बीएसई-एसएमई बोर्ड पर सूचीबद्ध है और भारत की टॉप 10 सोलर पैनल निर्माता कंपनियों में से एक है। आईएनए सोलर 2025-27 तक 8 गीगावॉट (जी डब्ल्यू) सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग, 3 जी डब्ल्यू सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग एवं 54,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष एल्यूमिनियम फ्रेम मैन्युफैक्चरिंग की क्षमता का विस्तार करने जा रहा है। टी-20 क्रिकेट की लोकप्रियता को देखते हुए, आईएनए सोलर और लखनऊ सुपर जायंट्स की यह साझेदारी अक्षय ऊर्जा के प्रचार-प्रसार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। यह सहयोग न केवल ब्रांड साझेदारी का प्रतीक है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाने और भारत को आत्मनिर्भर ऊर्जा स्रोतों की ओर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# मीनाक्षी ने विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीतू को हराया, सोनिया भी जीतीं

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ के सहयोग से बीएफआई द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जारी है। सप्ताह भर चलने वाले इस टूर्नामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज 10 भार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

राष्ट्रीय चैंपियन मीनाक्षी ने आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल और विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घनघस को हराया। अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) का प्रतिनिधित्व करते हुए एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मीनाक्षी ने नीतू को कड़े मुकाबले में 4-1 के खंडित फैसले से हराया।

इस बीच, 2014 इंचियोन एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता पूजा रानी ने कोमल पर जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। हरियाणा की

**खंडित**

**मौजूदा चैंपियन ललिता ने भी पंजाब की कोमलप्रीत कौर को कड़ी टक्कर देते हुए 4-1 के खंडित फैसले से जीत हासिल कर अंतिम-4 में अपनी जगह पक्की की।**

अनुभवी मुक्केबाज और पंजाब की उनकी प्रतिद्वंद्वी दोनों ने 7वीं महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मिडिलवेट (70-75 किग्रा) श्रेणी में पोडियम फिनिश हासिल किया था। पूजा रानी ने सर्वसम्मति से जीत हासिल की। इसके अलावा, युवा विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन सनमाचा चानू ने कर्नाटक की एए सांची बोलम्मा पर पहले दौर की आरएससी जीत के



साथ लाइट मिडिलवेट (66-70 किग्रा) वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

मौजूदा चैंपियन ललिता ने भी पंजाब की कोमलप्रीत कौर को कड़ी टक्कर देते हुए 4-1 के खंडित फैसले से जीत हासिल कर अंतिम-4 में अपनी जगह पक्की की। विश्व और एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोनिया लाठेर ने चंडीगढ़ की मोनिका की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए 4-3 के खंडित फैसले से जीत हासिल की और फाइनल के एक कदम करीब पहुंच गईं।

उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ के सहयोग से बीएफआई द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जारी है।

## मई में होगा पहला महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट, टीमों के बनाए जाएंगे तीन पूल

**धर्मशाला/थानाकलां।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर मई में अंतर जिला महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया जाएगा। जल्द ही एचपीसीए की ओर मैचों को शेड्यूल भी फाइनल कर दिया जाएगा। दो या तीन मई से पहला अंडर-19 महिला टूर्नामेंट शुरू हो सकता है। इसमें प्रदेश के 12 जिलों की टीमों के तीन पूल बनाए जाएंगे। लीग मैच में बिलासपुर, ऊना और अमतर मैदान में करवाने का प्रयास रहेगा। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में करवाए जा सकते है। धर्मशाला स्टेडियम में 11 मई को तीसरा और अंतिम आईपीएल मैच खेला जाएगा। पहली बार करवाए जा रहे महिला अंडर-19 टूर्नामेंट के लिए एचपीसीए के सभी जिला संघ को अपनी टीमों के चयन करने के लिए कहा गया। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि अंतर जिला महिला अंडर-19 टूर्नामेंट मई के पहले सप्ताह से किया जाएगा। सभी जिलों को अपनी टीमों की लिस्ट देने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही टूर्नामेंट को पूरा शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। आगरा में प्रथम अंडर-14 हैमर बाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने कांस्य पदक जीता है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा में हिमाचल प्रदेश की टीम ने अपने दमदार खेल से कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। हिमाचल प्रदेश लौटने पर खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। थ्रो बाल संघ के अध्यक्ष अमन शर्मा, ऊना थ्रो बाल की सीमा शर्मा, इंदु बाला, बृजेश कुमार, कबड्डी एसोसिएशन के रिशब ने खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। पंचायत समिति बंगाणा के अध्यक्ष देवराज शर्मा ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# टेक्नो और केकेआर की दमदार जोड़ी के साथ अब हर सिग्नल पर जीत पक्की

**लखनऊ।** क्रिकेट फैंस, तैयार हो जाइए! जोश और नई टेक्नोलॉजी का दूसरा नाम, यानि इनोवेटिव टेक ब्रांड, टेक्नो अब आईपीएल की धाकड़ टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ जुड़ गया है। क्रिकेट और युवाओं के जुनून को सलाम करने के लिए की गई इस धमाकेदार साझेदारी के साथ खेल अब पहले से भी ज्यादा व्यापक और रोमांचक होने वाला है।

भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि जश्न, जज़्बात और ज़िंदगी का हिस्सा है। टेक्नो हमेशा से ही अपने दमदार और स्टाइलिश स्मार्टफोन्स के ज़रिए फैंस को गेम से जोड़े रखने में आगे रहा है। अब सिग्नल जीत का के साथ, टेक्नो यह सुनिश्चित करेगा कि हर चौका, हर विकेट और हर सुपर ओवर आपके फोन तक बिना किसी रुकावट के पहुँचे।




टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, अरिजीत तालापात्रा ने कहा, हम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ साझेदारी करके बेहद उत्साहित हैं। क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक जज़्बात है, जो लाखों लोगों को जोड़ता है। यह भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के टेक्नो के मिशन से पूरी तरह मेल खाता है। सिग्नल जीत का पहल के ज़रिए हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि फैंस हमेशा जुड़े रहें और रोमांचक मैच का कोई भी पल न चूकें। जिस तरह केकेआर मैदान में अपनी जी जान डाल देता है, ठीक उसी प्रकार हम भी अपने ग्राहकों को बेहतरीन टेक्नोलॉजी देने के लिए काम करते हैं, जिससे फैंस हम से और खेल के हर पल के साथ जुड़े रहें।÷

केकेआर का मूलमंत्र कोरबो लोरबो जीतबो टेक्नो के स्टॉप एट नथिंग सिद्धांत से बखूबी मेल खाता है, जो मेहनत, टीमवर्क और क्रिकेट की धड़कन को दर्शाता है। यह साझेदारी भारत के उन युवाओं से जुड़ने की टेक्नो की प्रतिबद्धता को दिखाती है, जो टेक्नोलॉजी और स्पोर्ट्स के लिए खास जुनून रखते हैं। अपने एडवांस प्रोडक्ट्स और दमदार सिग्नल कनेक्टिविटी के साथ, टेक्नो यह साबित करता है कि वह परफॉर्मेंस, एक्सीलेंस और शानदार कनेक्टिविटी को हर पहलू पर प्राथमिकता देता है।

## मैच खत्म होने के 2 मिनट पलटी बाजी..., इस खिलाड़ी के गोल से वाराणसी को मिली जीत

**वाराणसी।** जिला सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता में कांटे का मुकाबला देखने को मिला। मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले वाराणसी हॉकी क्लब के राहुल पटेल ने गोल कर टीम को जीत दिला दी। हॉकी वाराणसी की ओर से जिलास्तरीय हॉकी प्रतियोगिता खेली जा रही है।

परमानंदपुर के विकास इंटर कॉलेज के मैदान पर खेले गए मैच में दोनों टीमों ने अटैक और काउंटर अटैक किया। खेल के 11वें मिनट में हरीश सोनकर के सटीक क्रॉस पास पर धीर प्रजापति ने शानदार गोल कर वाराणसी हॉकी क्लब को 1-0 की बढ़त दिला दी।

छह मिनट बाद ही टाइगर क्लब के अंकित यादव ने एकल प्रयास से गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हाफ टाइम तक यही स्कोर कायम रहा। दूसरे हाफ में वाराणसी हॉकी क्लब ने अपनी रणनीति में बदलाव कर आक्रामक हमला किया जिसे टाइगर क्लब ने विफल कर दिया।

दूसरे हाफ के दूसरे मिनट पर मृत्युंजय रावत ने स्कूप द्वारा गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। काउंटर अटैक करते हुए खेल के 31वें मिनट में टाइगर क्लब के सिद्धार्थ पटेल ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले वाराणसी हॉकी क्लब के फॉर्वर्ड खिलाड़ी राहुल पटेल ने तेज शॉर्ट लगाकर गोल किया और टीम का स्कोर 3-2 कर दिया।

इसके साथ ही वाराणसी हॉकी टीम ने एक गोल के अंतर से मैच जीत लिया। अगर मैच बराबर रहता तो अंकों के आधार पर वाराणसी हॉकी क्लब लीग से बाहर हो जाता। इस जीत के साथ टीम ने अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। निर्णायक की भूमिका जावेद खान और आयुष ने निभाई।

## महाराष्ट्र साइबर सेल के कार्यालय में पेश हुए समय रैना, बयान दर्ज कराने पहुंचे स्टैंडअप कॉमेडियन

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना सोमवार को महाराष्ट्र साइबर सेल के अधिकारियों के सामने पेश हुए। उन्हें शो इंडियाज



गॉट लैटेंट से जुड़े मामले के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। कार्यालय से बाहर निकलते हुए स्टैंडअप कॉमेडियन की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं। महाराष्ट्र साइबर सेल लगातार समय रैना को समन भेज रहा था। पिछले दिनों भी इस स्टैंडअप कॉमेडियन को महाराष्ट्र साइबर सेल ने तीसरी बार समन भेजा था। अब जाकर समय रैना साइबर सेल के अधिकारियों के सामने पेश हुए। यहां पर उन्हें 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की गई अश्लील टिप्पणी और उससे जुड़े मामले में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।

समय रैना को जिस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए महाराष्ट्र साइबर सेल ने बुलाया है, उसकी शुरुआत कुछ महीने पहले हुई। समय रैना एक शो इंडियाज गॉट लैटेंट चलाते हैं, इस शो पर अलग-अलग तरह का हुनर दिखाने के लिए प्रतियोगी आते हैं। ऐसे ही एक शो में बतौर जज यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया भी नजर आए। उन्होंने शो में माता-पिता को लेकर विवादित और अश्लील टिप्पणी की। इसके बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मंच गया। साथ ही समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया के अलावा कुछ और लोगों पर पुलिस में शिकायत दर्ज हुई। कोर्ट तक ने इन्हें नसीहत दी, फटकार लगाई। समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया के अलावा अपूर्वा मुखीजा, यूट्यूबर आशीष चंचलानी और जसप्रीत सिंह भी इस विवाद का हिस्सा रहे हैं। इन पर भी अलग-अलग राज्यों में एफआईआर दर्ज हुई। इस पूरे विवाद का असर ये हुआ है कि समय रैना के कई शो कैंसिल हो चुके हैं। उन्हें अपने शो का रिफंड भी दर्शकों को वापस देना पड़ा है।

## लव ट्रायंगल पर आधारित बॉलीवुड फिल्में, हर एक फिल्म में दिखी अनोखी कहानी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में लव ट्रायंगल की कहानियां हमेशा से दर्शकों को पसंद आई हैं। कई फिल्मों ने इस थीम को खूबसूरती से पेश किया है। जानिए कौन-कौन सी फिल्मों में दिखाई गई लव ट्रायंगल की कहानी।

बॉलीवुड में एक्शन, ड्र्मा, रोमांस, थ्रिलर और हॉरर के अलावा कई फिल्मों में लव ट्रायंगल की कहानी को भी दिखाया गया है, जो हर किसी को पसंद आईं। इस लिस्ट में हम दिल दे चुके सनम से लेकर स्टूडेंट ऑफ द ईयर के अलावा भी बॉलीवुड में कई फिल्में लव ट्रायंगल पर बन चुकी हैं।

कुछ-कुछ होता है का लेखन और निर्देशन करण जौहर ने किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान के अलावा रानी मुखर्जी और काजोल ने भी अहम भूमिका निभाई है। इस फिल्म में इन तीनों स्टार्स के बीच लव ट्रायंगल की कहानी को बखूबी दर्शाया गया है। फिल्म में राहुल (शाहरुख खान), अंजलि

**भावनात्मक**

**बाजीराव मस्तानी में बाजीराव, मस्तानी और काशीबाई की भावनात्मक उलझन दिखाई गई है।**

(काजोल) और टीना (रानी मुखर्जी) के बीच का प्यार और दोस्ती का एंगल हर किसी को पसंद आया।

बाजीराव मस्तानी में बाजीराव, मस्तानी और काशीबाई की भावनात्मक उलझन दिखाई गई है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा और रणवीर सिंह ने अहम भूमिका निभाई है। इस फिल्म में मराठा साम्राज्य के योद्धा बाजीराव की संघर्ष और प्यार की कहानी को दिखाया गया है।

कॉकटेल एक मॉडर्न लव



ट्रायंगल की कहानी है, जिसमें गौतम, वेरोनिका और मीरा के लव ट्रायंगल को दिखाया गया है। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित, इम्तियाज अली द्वारा लिखित फिल्म में दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी और सैफ अली खान ने अहम भूमिका निभाई है।

सिलसिला में अमित, शोभा और चांदनी के रिश्तों के रिलेशनशिप को दिखाया गया है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, रेखा, संजीव कुमार और शशि कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया है।

देवदास में देवदास, पारो और चंद्रमुखी की दुखभरी प्रेम कहानी दिखाई गई, जो हर किसी को पसंद आई। इस फिल्म में शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म सुपरहिट हुई थी।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर÷ में दो दोस्तों और एक लड़की के बीच की दोस्ती और प्यार भरी कहानी दिखाई गई है।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन करण जौहर ने किया है और निर्माण हीरू यश जौहर ने धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, वरुण धवन और आलिया भट्ट ने अभिनय किया है।

हम दिल दे चुके सनम में वनराज, नंदिनी और समीर की भावुक कहानी में प्यार, त्याग और उलझन को अलग-अलग अंदाज में दिखाया गया है। इस फिल्म में सलमान खान, अजय देवगन और ऐश्वर्या राय ने मुख्य अभिनय किया है। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है।

# बेटी के पेरेंट्स बने अथिया-राहुल, सोशल मीडिया पर दी जानकारी, बधाईयों की हुई बौछार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी के घर नन्हीं परी ने जन्म लिया है। अथिया ने अपनी बेटी के आगमन की खुशी को अपने फैंस के साथ साझा किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह खबर दी, जिसके बाद उनके चाहने वालों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

अथिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक संक्षिप्त और भावुक संदेश के जरिए घर के नए सदस्य के आगमन की जानकारी दी। उनकी इस घोषणा के बाद फैंस और इंडस्ट्री के दोस्तों ने उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया। यह उनके और उनके पति केएल राहुल के लिए बेहद खास पल है।

इस खबर के सामने आते ही कई फिल्मी सितारों ने अथिया और केएल राहुल को बधाइयां दीं। मृणाल ठाकुर ने पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए लिखा, बधाई। इसके साथ उन्होंने लाल दिल



वाले इमोजी भी साझा किए। वहीं, शनाया कपूर, कियारा आडवाणी, टाइगर श्रॉफ, भूमि पडनेकर, कृति सेनन, सोफी चौधरी समेत कई सितारों ने भी इस पोस्ट को देखकर अपनी खुशी व्यक्त की।

अथिया शेट्टी और केएल राहुल की लव स्टोरी काफी दिलचस्प है। दोनों की मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। इसके बाद धीरे-धीरे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। बाद में, सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के लिए प्यार भरे कमेंट्स और तस्वीरें साझा करते हुए दोनों ने अपने रिश्ते को खुलकर जाहिर कर दिया। लंबे समय तक डेटिंग के बाद अथिया और राहुल ने 23 जनवरी 2023 को सुनील शेट्टी के खंडाला वाले फार्महाउस में शादी रचाई। यह शादी बेहद निजी और सादगी भरी थी, जिसमें सिर्फ करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए थे।

वर्क फ्रंट की बात करें अथिया शेट्टी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2015 में सलमान खान के प्रोडक्शन हाउस की फिल्म हीरो से की थी। इस फिल्म में उनके साथ सूरज पंचोली मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद उन्होंने साल 2017 में मुबारकां में अनिल कपूर और अर्जुन कपूर के साथ काम किया। साल 2019 में वह मोतीचूर चकनाचूर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नजर आईं। पिछले कुछ समय से वह फिल्मों से दूर हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर वह लगातार सक्रिय रहती हैं।

## लव ट्रायंगल पर आधारित बॉलीवुड फिल्में, हर एक फिल्म में दिखी अनोखी कहानी



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में लव ट्रायंगल की कहानियां हमेशा से दर्शकों को पसंद आई हैं। कई फिल्मों ने इस थीम को खूबसूरती से पेश किया है। जानिए कौन-कौन सी फिल्मों में दिखाई गई लव ट्रायंगल की कहानी।

बॉलीवुड में एक्शन, ड्र्मा, रोमांस, थ्रिलर और हॉरर के अलावा कई फिल्मों में लव ट्रायंगल की कहानी को भी दिखाया गया है, जो हर किसी को पसंद आईं। इस लिस्ट में हम दिल दे चुके सनम से लेकर स्टूडेंट ऑफ द ईयर के अलावा भी बॉलीवुड में कई फिल्में लव ट्रायंगल पर बन चुकी हैं।

कुछ-कुछ होता है का लेखन और निर्देशन करण जौहर ने किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान के अलावा रानी मुखर्जी और काजोल ने भी अहम भूमिका निभाई है। इस फिल्म में इन तीनों स्टार्स के बीच लव ट्रायंगल की कहानी को बखूबी दर्शाया गया है। फिल्म में राहुल (शाहरुख खान), अंजलि (काजोल) और टीना (रानी मुखर्जी) के बीच का प्यार और दोस्ती का एंगल हर किसी को पसंद आया।

बाजीराव मस्तानी में बाजीराव, मस्तानी और काशीबाई की भावनात्मक उलझन दिखाई गई है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा और रणवीर सिंह ने अहम भूमिका निभाई है। इस फिल्म में मराठा साम्राज्य के योद्धा बाजीराव की संघर्ष और प्यार की कहानी को दिखाया गया है।

कॉकटेल एक मॉडर्न लव ट्रायंगल की कहानी है, जिसमें गौतम, वेरोनिका और मीरा के लव ट्रायंगल को दिखाया गया है। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित, इम्तियाज अली द्वारा लिखित फिल्म में दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी और सैफ अली खान ने अहम भूमिका निभाई है।

सिलसिला में अमित, शोभा और चांदनी के रिश्तों के रिलेशनशिप को दिखाया गया है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, रेखा, संजीव कुमार और शशि कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया है।

देवदास में देवदास, पारो और चंद्रमुखी की दुखभरी प्रेम कहानी दिखाई गई, जो हर किसी को पसंद आई। इस फिल्म में शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म सुपरहिट हुई थी।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर में दो दोस्तों और एक लड़की के बीच की दोस्ती और प्यार भरी कहानी दिखाई गई है। स्टुडेंट ऑफ द ईयर एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन करण जौहर ने किया है और निर्माण हीरू यश जौहर ने धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, वरुण धवन और आलिया भट्ट ने अभिनय किया है।

हम दिल दे चुके सनम में वनराज, नंदिनी और समीर की भावुक कहानी में प्यार, त्याग और उलझन को अलग-अलग अंदाज में दिखाया गया है। इस फिल्म में सलमान खान, अजय देवगन और ऐश्वर्या राय ने मुख्य अभिनय किया है। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है।

# .....प्रशासन ने लिया ऐक्शन.....

## नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड फहीम खान के घर चला बुलडोजर

एजेंसी

**नागपुर।** नागपुर में बीते सप्ताह दंगे भड़क गए थे। इसमें एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हुए और करीब इतने ही नागरिक जख्मी हो गए थे। इस घटना में बड़ी संख्या में गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया था, जबकि दुकानों में भी आग लगाई गई और तोड़फोड़ की गई थी। पुलिस का कहना है कि इस हिंसा का मास्टरमाइंड फहीम खान नाम का शख्स था, जिसके घर पर आज बुलडोजर चला है। नागपुर महानगरपालिका की टीम आज सुबह ही बुलडोजर लेकर फहीम खान के घर पर पहुंच गई। इस दौरान बड़े पैमाने पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था। बता दें फहीम खान पेशे से बुर्का विक्रेता है। माना जा रहा है कि उसने कुछ वीडियो जारी किए थे और उत्तेजक बयान दिए थे, जिससे लोग भड़के और उन्होंने नागपुर शहर में उपद्रव काट दिया। फहीम खान को पुलिस ने बीते मंगलवार को ही अरेस्ट कर लिया था और उसे अदालत में पेश किया गया था।



नागपुर हिंसा को लेकर फहीम खान समेत कुल 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया था। फहीम खान माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी नाम के दल का शहर प्रमुख रहा है। वह कई बार पुलिस को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी करता रहा है। वह हिंदू पुलिस जैसी टिप्पणी करता रहा है। प्रशासन ने फहीम खान के घर के उस हिस्से को ढहाया है, जो अतिक्रमण करके बना था और अवैध पाया गया। इसके अलावा अन्य हिस्से के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। नागपुर के महल इलाके में यह हिंसा हुई थी, जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय भी स्थित है। आरएसएस का दफ्तर हिंसा वाले इलाके से थोड़ी ही दूर पर स्थित है।

वह 2024 के लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक डेमोक्रेटिक पार्टी के टिकट पर नागपुर सीट से चुनाव लड़ा था, जिसमें उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था। चुनावी मैदान में उतरने के बाद से ही वह राजनीतिक रूप से सक्रिय हो गया था और शहर में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा था।

### चलती ट्रेन में रेप की कोशिश

**हैदराबाद।** तेलंगाना के एमएमटीएस ट्रेन से एक युवती (23) बलात्कार के कथित प्रयास से बचने के लिए चलती ट्रेन से कूद गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना कोमपल्ली में हुई, जब महिला कोच में अकेली यात्रा कर रही महिला को उसी डिब्बे में बैठे एक युवक (25) ने निशाना बनाया। अपनी सुरक्षा के डर से वह ट्रेन से कूद गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उसके सिर, ठोड़ी, दाहिने हाथ और कमर में गंभीर रक्तस्राव हुआ। स्थानीय लोगों ने उसे सिकंदराबाद गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जीआरपी पुलिस ने उसका बयान दर्ज कर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि पीड़िता अनंतपुर जिले की रहने वाली है और मेडचल में एक निजी कंपनी में काम करती थी और एक छात्रावास में रहती थी।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सख्त निर्देश के बाद अपराधियों के खिलाफ पुलिस एक्शन मोड में, इस साल 29 इनामी अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सख्त निर्देश के बाद पुलिस अपराध के खिलाफ एक्शन मोड में आ चुकी है। बीते कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में पुलिस ने कई बदमाशों का एनकाउंटर किया है, वहीं दर्जनों को गिरफ्तार भी किया गया है।

इस साल जनवरी में एसटीएफ की टीम ने 50-50 हजार के दो कुख्यात अपराधियों को मार गिराया। आठ नक्सलियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अब तक कुल 227 अपराधियों को पकड़ा गया है, जिसमें 29 इनामी बदमाश भी शामिल हैं।

राज्य की पुलिस अब साफ कर चुकी है कि जो कानून तोड़ेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पिछले तीन महीनों में पटना सहित कई जिलों में मुठभेड़ की चार घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें न केवल अपराधियों की धरपकड़ हुई, बल्कि उनके नेटवर्क को भी ध्वस्त किया गया है। अररिया, मुंगेर, गया, भोजपुर जैसे जिलों में भी पुलिस की कार्रवाई तेज है।



बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से गठित एसटीएफ, एसओजी और जिला पुलिस के संयुक्त ऑपरेशनों के जरिए नक्सली और संगठित अपराधियों पर शिकंजा कस दिया गया है। नक्सली गतिविधियां अब केवल खड़गपुर और छक्कबरबंधा के सीमित पहाड़ी क्षेत्रों तक सिमट गई हैं। पुलिस का लक्ष्य है कि इन क्षेत्रों को भी आगामी तीन महीनों में पूरी तरह उग्रवाद मुक्त कर दिया जाए। इसके लिए झारखंड की सीमा से सटे इलाकों में अंतरराज्यीय समन्वय के साथ अभियान तेज किया गया है।

इसके अलावा, एसटीएफ द्वारा बनाए गए 15 विशेष ऑपरेशन ग्रुप ने संगठित अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रखे हैं। माफिया नेटवर्क, फिरौती गिरोह, हथियार तस्करी और आर्थिक अपराधों के मामलों में सैकड़ों गिरफ्तारियां हुई हैं।

### क्विक न्यूज

#### बिहार में शराबबंदी पूरी तरह से नाकाम, युवा हो रहे बर्बाद : आरके सिंह

**आरा।** बिहार में शराबबंदी को लेकर बहस फिर से गरमा गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और आरा से भाजपा के पूर्व सांसद आरके सिंह ने नीतीश कुमार सरकार की शराबबंदी नीति को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने इसे पूरी तरह नाकाम करार देते हुए तुरंत हटाने की मांग की है। आरके सिंह का कहना है कि इस नीति से न सिर्फ युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ा है, बल्कि पुलिस और प्रशासन भी इसके चलते गलत दिशा में जा रहे हैं। आरा के बड़हरा प्रखंड में एक किसान संगठन के कार्यक्रम में बोलते हुए आरके सिंह ने कहा, शराबबंदी का एकमात्र फायदा नशा बंद करना था, लेकिन यह फेल हो गया। आज युवा अवैध शराब के धंधे में फंस रहे हैं और नशे की लत बढ़ रही है। इसे हटाना ही बेहतर है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस शराब माफियाओं को पकड़ने में उलझी रहती है, जिससे दूसरी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

#### एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी के बाद कुणाल कामरा के खिलाफ एफआईआर

**मुंबई।** स्टैंड अप कामेडियन कुणाल कामरा के एक वीडियो पर विवाद हो गया है। कुणाल कामरा का ये वीडियो वायरल है। कॉमेडियन ने अपने सोशल मीडिया पर इसे शेयर किया, जिसमें उन्होंने एक गाना गाया है। दावा किया जा रहा है कि कामरा ने गाने में एकनाथ शिंदे पर अपमानजनक बातें कहीं है। वीडियो को संजय राउत ने शेयर किया है। इस बीच गाने पर शिवसेना शिंदे के समर्थक भड़क गए और उनके मुंबई स्टूडियो में जमकर तोड़फोड़ की है। उधर, मुंबई पुलिस थाने में कामरा के खिलाफ दर्ज करा दी गई है। घटना के बाद कामरा ने एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वे संविधान की एक कॉपी पकड़े हुए हैं। कामरा के खिलाफ शिवसेना शिंदे गुट के विधायक मुरजी पटेल ने दर्ज करवाई है। मुरजी पटेल ने कहा, हमने अपने नेता और महाराष्ट्र के डिप्टीसीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए कुणाल कामरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

## ओछी पब्लिसिटी के लिए कुणाल कामरा ने सारी हदें पार कर दीं : राम कदम

**मुंबई।** कुणाल कामरा का उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर किए गए कटाक्ष को भाजपा विधायक राम कदम ने %ओछी पब्लिसिटी' करार दिया है। उन्होंने कहा कि कुणाल कामरा जिस प्रकार की भाषा और बर्ताव देश के शीर्ष नेता और पत्रकारों के लिए करते हैं, अब समय आ गया है वह जहां मिलें उन पर कालिख पोत दी जाए। राम कदम ने कहा, ओछी पब्लिसिटी पाने के चक्कर में कुणाल कामरा अब सारी हदें पार कर चुके हैं। वह जब भी चाहें, जब भी उनका मन करे, किसी के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें क्या हो गया है एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री हैं, वह सम्मानित व्यक्ति हैं। क्या यह महाराष्ट्र की भूमि का अपमान नहीं है कुणाल कामरा ने किसकी सुपारी ली है उद्धव ठाकरे कंपनी की क्या कारण था उन्होंने आगे कहा, क्या दिशा सालियान केस में ठाकरे परिवार का नाम आ रहा था।

## केंद्र ने राजस्थान में गेहूं की सरकारी खरीद के मानकों में छूट दी

एजेंसी

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में अत्यधिक गर्मी और बारिश के चलते गेहूं की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने राजस्थान में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए निर्धारित मानकों में कुछ छूट दी है। इससे किसानों को राहत मिलेगी । भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्णय के अनुसार, रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए राजस्थान के किसानों को निर्धारित गुणवत्ता मानकों में ढील प्रदान की गई है। राज्य सरकार के विशेष अनुरोध पर केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया।

अत्यधिक गर्मी और बारिश से गेहूं की फसल प्रभावित हुई है जिससे गेहूं के दाने सिकुड़ने और गुणवत्ता खराब होने की आशंका है।सरकारी खरीद में गेहूं के सिकुड़े या टूटे दाने पहले 6 प्रतिशत तक मान्य थे, इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है।क्षतिग्रत व आंशिक क्षतिग्रत दानों का अंश संयुक्त रूप से 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।चमकविहीन (लस्टर लॉस) दाने 10 प्रतिशत तक मान्य होंगे।इन मानको की छूट पर किसी प्रकार की कटौती सरकार द्वारा नहीं की जाएगी।

मानकों में रियायत के तहत खरीदे जाने वाले गेहूं को सामान्य गेहूं से अलग रखने के निर्देश दिए गये हैं। इस प्रकार खरीदे गए गेहूं को राज्य से बाहर नहीं भेजा जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर सामान्य गुणवत्ता के गेहूं से पहले निकाला जाएगा।इस साल केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। इस पर राजस्थान सरकार ने 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का ऐलान किया है। इस तरह राजस्थान के किसान गेहूं की फसल 2575 रुपये प्रति क्विंटल के रेट पर बेच सकेंगे।

## केंद्र के 10 और राज्य के 8 वर्ष पूरे होने पर नोएडा में मंगलवार से लगेगा तीन दिवसीय मेला, लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

एजेंसी

**नोएडा।** केंद्र सरकार के 10 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गौतम बुद्ध नगर जिले में भव्य तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 25 मार्च से 27 मार्च तक शिल्प हॉट, सेक्टर 33ए (नोएडा) में आयोजित होगा। इस आयोजन का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाना है।

मेले का उद्घाटन जिले के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह करेंगे, जिसमें अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री प्रदेश सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का विमोचन करेंगे और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी साझा करेंगे।



जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि यह मेला आम जनता के लिए सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को समझने और उनका लाभ उठाने का सुनहरा अवसर है। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही आवेदन कराया जाएगा और योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। मेले में बेरोजगार युवाओं के लिए भी विशेष अवसर होंगे।

जनपदीय बैंकर्स कमेटी के सहयोग से ऋण मेले का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवा अपने स्टार्टअप या कारोबार को स्थापित कर सकें। इसके अलावा, रोजगार एवं सेवायोजन निदेशालय की मदद से रोजगार मेले का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे बेरोजगार युवाओं को नौकरी के अवसर प्राप्त हो सकें। मेले के दौरान प्रत्येक दिन %यूपी भारत का ग्रोथ इंजन' थीम पर आधारित विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। इन सत्रों में विशेषज्ञों को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाएगा, जो कृषि एवं किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, व्यापार एवं उद्योग, समाज कल्याण और अंत्योदय योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

इसके साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मेले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे, जिनमें स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मेले में ऑपरेशन कायाकल्प, प्रोजेक्ट अलंकार, नकल-विहीन परीक्षा प्रणाली, जेई/एईएस उन्मूलन अभियान जैसी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। साथ ही, पिछले 8 वर्षों में जनपद में आए निजी निवेश और उन परियोजनाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा, जिन्हें जमीन पर उतारा जा चुका है या जो निर्माणाधीन हैं।

## बुलेट ट्रेन ट्रैक पर काम के दौरान बड़ा हादसा, भारी भरकम गांत्री फिसलकर गिरी

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के अंतर्गत वटावा के पास निर्माण कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां एक भारी-भरकम सेगमेंटल लॉन्चिंग गैंट्री (गांत्री) को हटाते समय वह फिसलकर रेलवे ट्रैक पर गिर गई। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि, इस घटना के कारण इस रूट पर चलने वाली रेल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कम से कम 25 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि दो दर्जन से अधिक ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा रविवार रात लगभग 11 बजे हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंक्रीट गार्डर बनाने के बाद इस गैंट्री को पीछे की ओर ले जाया जा रहा था। आमतौर पर गैंट्री का इस्तेमाल पुलों के निर्माण में किया जाता है। इस हादसे के चलते रेलवे की पटरियों को नुकसान पहुंचा है, हालांकि वायाडक्ट को कोई क्षति नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत दुर्घटना राहत ट्रेन और नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे से गेरातपुर-वाटवा सेक्शन की ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि गैंट्री गिरने के कारण डाउन लाइन की ट्रेनों का संचालन बाधित हुआ है। ट्रैक की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है। रात 12 बजे के बाद ही सिंगल लाइन को चालू करने का काम शुरू कर दिया गया था। इस दुर्घटना के बाद 12833 अहमदाबाद-हावड़ा और 19483 अहमदाबाद-बरौनी ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। वहीं, 12931 मुंबई-अहमदाबाद डबल डेकर ट्रेन, 19033 गुजरात क्वीन और 22953 गुजरात एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

## कुणाल कामरा ने एकनाथ शिंदे को एक गीत के माध्यम से अपमानित करने की कोशिश की, यह गलत है: देवेंद्र फडणवीस

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि कॉमेडियन कुणाल कामरा द्वारा एकनाथ शिंदे को लेकर की गई टिप्पणी गलत है। इस तरह की टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कॉमेडियन कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक गीत के माध्यम से अपमानित करने की कोशिश की है, यह गलत है। हम इसकी निंदा करते हैं, ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

सीएम ने कहा कि कुणाल कामरा को यह समझना चाहिए कि 2024 के चुनाव में जनता ने साफ कर दिया है कि कौन गद्दार है और कौन खुद्दार है। दिवंगत शिवसेना प्रमुख हिंदू उदय सम्राट बालासाहेब



ठाकरे की विरासत एकनाथ शिंदे के पास है। जनता ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है। इसलिए कोई भी स्टैंडअप कॉमेडियन खड़ा होकर उन्हें इस तरह गद्दार' नहीं कह सकता। जनता ने यह दिखा दिया है कि जिन्होंने गद्दारी की, जिन्होंने बालासाहेब ठाकरे के विचारों के साथ विश्वासघात किया, उन्हें जनता ने घर भेज दिया है।

उन्होंने कहा, मैं मानता हूं किसी को भी कॉमेडी करने का अधिकार है, व्यंग्य कसने का भी अधिकार है। हमारे ऊपर भी चाहें जितना व्यंग्य कसिए, इसमें किसी को भी कोई दर्द नहीं है। लेकिन अगर कोई जानबूझकर इतने बड़े नेताओं को अपमानित और बदनाम करता है, तो मुझे लगता है कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी कानूनी कार्रवाई होगी, वह उसके खिलाफ की जाएगी। सीएम फडणवीस ने कहा कि कुणाल कामरा को माफी मांगनी चाहिए। जिस तरह से वे संविधान का फोटो दिखाकर एक्स पर पोस्ट कर रहे हैं, यह वही लाल संविधान है जिसे राहुल गांधी दिखाते हैं। यह संविधान न तो राहुल गांधी और न ही कुणाल कामरा ने पढ़ा है। ऐसे संविधान की तस्वीर लेकर आप अपनी गलती को सही नहीं ठहरा सकते, क्योंकि इसी संविधान में कहा गया है कि सबकी आज़ादी का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसकी भी सीमाएं हैं। जब यह आज़ादी दूसरों की आज़ादी पर आक्रमण करती है, तो ऐसी स्वतंत्रता पर मर्यादाएं भी आती हैं। आप दूसरों की आज़ादी या उनके विचारों पर आक्रमण नहीं कर सकते। इसलिए राहुल गांधी का संविधान दिखाकर आप अपने गलत कामों से नहीं बच सकते।

## मुंबई एयरपोर्ट पर एयरलाइन से भिड़ीं बिग बॉस' फेम मनारा चोपड़ा, जमकर किया हंगामा

एजेंसी

**मुंबई।** बिग बॉस 17' में नजर आ चुकीं अभिनेत्री मनारा चोपड़ा एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह बनी है उनकी एक एयरलाइन के साथ हुई बहस। मनारा चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कई वीडियो साझा किए, जिसमें वह एक एयरलाइन पर जमकर गुस्सा करती हुई दिखाई दीं। उन्होंने दावा किया कि एयरलाइन कर्मचारियों ने उन्हें फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद मनारा को ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा। मनारा चोपड़ा ने अपने वीडियो में बताया कि वह समय पर मुंबई एयरपोर्ट पहुंच गई थीं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें जयपुर जाने वाली फ्लाइट में बोर्ड करने की अनुमति नहीं दी गई। वीडियो में मनारा परेशान नजर आ रही हैं और एयरलाइन स्टाफ के साथ बहस करती दिख रही हैं। उनका कहना था कि फ्लाइट उनके सामने खड़ी थी, लेकिन स्टाफ ने उनकी बात नहीं सुनी। इस दौरान, एक अन्य महिला यात्री ने मनारा का समर्थन किया और एयरलाइन कर्मचारियों को फटकार लगाई। उस यात्री ने कहा, मनारा एक सेलिब्रिटी हैं, वह देश की सेवा कर रही हैं। आपको उनकी मदद करनी चाहिए थी। मनारा ने इस पूरे घटनाक्रम को अपने फोन में रिकॉर्ड करके इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया।


हालांकि, जब यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर वायरल हुआ, तो मनारा को लोगों की आलोचना का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके इस व्यवहार को गलत ठहराया। एक यूजर ने रेडिट पर टिप्पणी करते हुए लिखा, यशराज मुखाटे से अनुरोध है कि इस पर एक और धमाकेदार गाना बनाएं। एक अन्य यूजर ने व्यंग्य करते हुए कहा, लोग मनारा पर कैसे हंस सकते हैं?

## अमेरिका का हूतियों को करारा जवाब यमन में किए ताबड़तोड़ हवाई हमले

एजेंसी

**सना।** यमन की राजधानी सना में एक आवासीय इमारत पर अमेरिकी हवाई हमलों में एक युवक की मौत हो गई। जबकि 15 लोग घायल हो गए। अमेरिका ने बीते दिनों हूतियों के नियंत्रण वाली सना पर लगातार हमले किए हैं। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि सना के उपनगर असर में हुए हमले में हुए घायलों में तीन बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। लोगों ने हमले को बहुत हिंसक बताया है। वहीं बचाव दल इमारत के मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि लाल सागर में तैनात अमेरिकी सेना ने यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर हवाई हमले किए। इसमें प्रांत के केंद्रीय शहर के आसपास के क्षेत्र, जो हूतियों का गढ़ है को निशाना बनाया गया। ये हमले हूतियों द्वारा उत्तरी लाल सागर में यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन



विमानवाहक पोत और मध्य इस्राइल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर हमले के बाद हुए।

इससे पहले अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की थी। यह बमबारी राजधानी सना और उत्तर पश्चिम में स्थित सादा शहर में की गई। बमबारी के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हूती विद्रोहियों को धमकी दी और कहा कि वे उन्हें पूरी तरह से तबाह कर देंगे। ट्रंप ने साथ ही ईरान को भी चेताया और ईरान पर हूती विद्रोहियों की मदद करने का आरोप लगाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा था कि हूतियों को इस बमबारी में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यह धीरे-धीरे बदतर होता जाएगा। यह बराबरी की लड़ाई भी नहीं है और ना कभी होगी। उन्हें पूरी तरह से तबाह कर देंगे। ट्रंप ने हूतियों को हथियार देने के लिए ईरान को चेतावनी भी दी और दावा किया कि ईरान ने हूतियों को सैन्य आपूर्ति कम कर दी है, लेकिन उसे इस पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए।

## महरंग बलूच पर आतंकवाद के मामले में दर्ज किया गया मामला

## अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी बलूच की हिरासत पर जताई चिंता

एजेंसी

**क्वेटा।** पाकिस्तान पुलिस ने बलूचिस्तान की मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच पर आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया है। उनपर 150 अन्य लोगों के साथ मिलकर एक मुर्दाघर से जबरन शवों को ले जाने, हिंसा भड़काने और अन्य कथित अपराधों के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। 22 मार्च को महरंग बलूच के खिलाफ सरियाब पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई एफआईआर में आतंकवाद विरोधी अधिनियम (एटीए) और पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) की विभिन्न धाराएं शामिल की गई है। इन आरोपों में आतंकवाद, हत्या और हत्या का प्रयास, हिंसा और विद्रोह को भड़काना, अव्यवस्था पैदा करना और नस्लीय घृणा को बढ़ावा देना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाना जैसे अपराध शामिल हैं।



समाचार एजेंसी एएनआई ने डॉन के हवाले से बताया कि ये मामला क्वेटा के सिविल अस्पताल की एक घटना से संबंधित है। आरोप है कि बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के सदस्यों ने कथित तौर पर सिविल अस्पताल के मुर्दाघर पर हमला कर जाफर ट्रेन दुर्घटना के दौरान मारे गए पांच लोगों के शवों को जबरन ले गए थे। दर्ज की गई एफआईआर में कहा गया है कि बीवाईसी नेतृत्व ने कथित रूप से दंगाइयों को पुलिस अधिकारियों, राहगीरों और अपने स्वयं के प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाने के लिए उकसाया, जिसके चलते तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और 15 पुलिस अधिकारी घायल हो गए।

वहीं, एफआईआर में बीवाईसी के जिन अन्य प्रमुख नेताओं का नाम शामिल है। उनमें बीबो बलूच, गुलजादी सतकजई, सबीहा बलूच, सबातुल्ला बलूच, गुलजार दोस्त, रियाज गशकोरी और शाली बलूच शामिल हैं।

बता दें कि इससे पहले पाकिस्तान के अधिकारियों ने शनिवार को महरंग बलूच और 17 अन्य को गिरफ्तार भी किया था। फिलहाल उन्हें कानून- व्यवस्था (एमपीओ) अध्यादेश की धारा 3 के तहत क्वेटा जिला जेल में बंद किया गया है। अभी तक इस मामले में कुल तीन एफआईआर दर्ज की गईं हैं। महरंग बलूच की गिरफ्तारी का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया गया है। वह सिविल लाइंस पुलिस की हिरासत में नहीं है और एमपीओ प्रावधानों के तहत क्वेटा जिला जेल में है।

इस विरोध प्रदर्शन के चलते क्वेटा और आस-पास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं रविवार को लगातार चौथे दिन बंद रहीं। हालांकि पीटीसीएल के अधिकारियों ने रविवार देर शाम दावा किया कि सेवाएं बहाल कर दी गई हैं, लेकिन यूजर्स को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार रक्षकों की विशेष दूत मैरी लॉलर सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी महरंग बलूच की हिरासत पर चिंता व्यक्त की और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। लॉलर ने कहा कि क्वेटा में बलूच यकजेहती समिति के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद महरंग बलूच और कई अन्य मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की खबरें बहुत चिंताजनक हैं। उन्होंने इस क्षेत्र में हो रहे दमन की ओर ध्यान खींचा है। इस घटना ने बलूच कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों के साथ हो रहे व्यवहार के बारे में चिंता जताई है, जिससे यह साबित होता है कि ऐसे मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही की जरूरत है।

1993 में जन्मीं महरंग के पिता अब्दुल गफ्फार लैंगोव एक मजदूर थे। पहले उनका परिवार क्वेटा में रहता था लेकिन मां की बीमारी के इलाज के लिए कराची स्थानांतरित हो गया। महरंग का अब तक का सफर चुनौतियों से भरा रहा है।

# तिरंगा साइकिल यात्रा को कुलपति ने किया रवाना

**शहीद और ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कुलधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक निकलने वाली तीन दिवसीय साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर परिसर से रवाना किया। कुलसचिव महेंद्र कुमार और परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।यह यात्रा नोडल अधिकारी प्रोफेसर राकेश कुमार यादव एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ अनुराग मिश्र के संयोजक तत्व में शुरू हुई। साइकिल यात्रा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा गोद दिए गए गांव देवकली, कुकुड़ीपुर- मंगतपुर, जफरपुर एवं मीरपुर पहुंची जहाँ दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की शपथ कराई गई। चौकिया धाम शीतला माता मंदिर में सभी साइकिल यात्रियों ने दर्शन कर शिया कॉलेज पहुंची। कॉलेज के प्राचार्य, अध्यापकों एवं छात्रों ने स्वागत किया।साइकिल यात्रा अटाला मस्जिद एवं शाही किला पहुंची जहां छात्रों ने दोनों ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। यह यात्रा जनपद के तिलकधारी महाविद्यालय पहुंची जहां कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह, वीर बहादुर सिंह शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. राहुल सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह, फुपुक्टा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. हिमांशु सिंह ,शिक्षा संकाय के संकाय अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार दुबे, डॉ. अजय बिंद ,डॉ. प्रभाकर सिंह आदि ने साइकल यात्रियों का भव्य स्वागत किया।यहां छात्रों को प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह ने दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई. इसके पश्चात साइकिल यात्रा कलेक्ट परिसर पहुंची जहां जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने यात्रा का स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दीं। साइकिल यात्रा कलेक्ट्रेट से क्रांति स्तंभ पहुंची जहां क्रांति स्मारक पर साइकल यात्रियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साइकिल यात्रा दीवानी तिराहा स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके शहीद स्तंभ हौज पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साइकिल यात्रा शहीद जिलाजीत यादव के गांव इजरी, सिरकोनी पहुंचकर उनके परिजनों से भेंट कर विश्वविद्यालय का मानपत्र सौंपा. यहां से साइकिल यात्रा अपने रात्रि विश्राम स्थल जंगी महाविद्यालय असबरनपुर, जलालपुर पहुंची,जहां प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने यात्रा का स्वागत किया एवं छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## स्कूल में बच्चियों को बिस्कुट के पैकेट बांटे

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारत विकास परिषद की त्रिवेणी शाखा ने आज सरकारी सहायता प्राप्त आर्य कन्या इंटर कॉलेज में 650 बिस्कुट के पैकेट क्लास रूम में जाकर किशोरियों को वितरित किया। बिस्कुट के पैकेट प्रकार बच्चियों के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा रही थी। स्कूल के स्टाफ और अध्यापिकाओं को भी पैकेट दिए गए।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद त्रिवेणी शाखा के सचिव कन्हैया लाल अग्रवाल, नए सत्र के आगामी अध्यक्ष अरविंद भार्गव ,डॉक्टर रश्मि शुक्ला लालू मित्तल रतन जायसवाल आदि उपस्थित रहे। शाखा सदस्य लालू मित्तल ने जानकारी दी की संगठन द्वारा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में निरंतर इस प्रकार का सेवा कार्य आगे भी चलता रहेगा। छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतियोगिताएं भी कराई जाएगी और उनमें सेवा, समर्पण, संस्कार, राष्ट्रीय प्रेम की भावना जगाई जाएगी।

# मानव जीवन का मूल उद्देश्य ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति, अन्यथा मानव पशु के समान

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खुटहन)** इमामपुर गांव में सोमवार को आयोजित वार्षिक धन निरंकारी संत समागम में प्रयागराज से पधारी ज्ञान प्रचारक कुमुद जी महराज ने कहा कि मानव जीवन का मूल उद्देश्य ब्रह्मज्ञान प्राप्त करना है। तभी यह जीवन सार्थक हो पायेगा। यही ज्ञान मानव और पशुवत व्यवहार को अलग करता है।

उन्होंने कहा कि आज मानव अपने मूल उद्देश्य से भटक रहा है। वह पूजा पाठ भी करता है तो स्वयं के कल्याण की कामना न कर भौतिक साधनों घर, गाड़ी, बेटा बेटी की नौकरी,धन दौलत और शारीरिक सुख चाहता है। यही उसकी सबसे बड़ी भूल है। उसे नहीं पता कि ब्रह्मज्ञान से उसकी दशा और दिशा दोनों बदल जायेगी?। इस लिए इंसान को अपने ईष्ट से स्वयं के कल्याण की कामना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि ज्ञान की प्राप्ति कहां से होगी। उसके लिए हमें क्या उपाय करना होगा। ब्रह्मज्ञान प्राप्ति की सीढ़ी का पहला पायदान सद्गुरु होता है। उसके बताए रास्ते पर पूरे विश्वास के साथ चलकर प्राप्त किया जा सकता है। प्रभु दूर नहीं है,या तो तुम उन्हें दूर से देख रहे हो या उन्हें गुरूर से देख रहे हैं। इस मौके पर कृष्णा प्रसाद श्रीवास्तव, शंकर दयाल मुखी, डॉ आरपी सिंह, सत्यनारायण यादव, अवनीश , ऋषि कुमार संतलाल सोनी प्रधान, अमित सोनी, बसंत सोनी, मनोज सोनी, मुलायम सोनी, राधा सोनी आदि मौजूद रहीं। संचालन पूजा देवी ने किया। आयोजक शिवशंकर सेठ ने सभी आगंतुक का स्वागत किया।

# मच्छरों के आतंक रात की नींद हराम

**ग्राम पंचायत और नगर पंचायत दवाओं की नही करा रही है छिड़काव**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खेतासराय)** शाहगंज तहसील के ग्राम पंचायतों, नगर पंचायत व पालिका परिषद में मार्च के तीसरे सप्ताह में मच्छरों के आतंक से रात की नींद हराम हो गई है। जिम्मेदार कागज़ों की फ़ाइल दुरुस्त करने में व्यस्त है। मच्छरों की उपज से जानलेवा डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की मरीजों के फेहरिस्त बढ़ाने में सहायक होती है। इनकी वृद्धि इस कदर है कि दिन के उजाले में भी दस्तक दे रहे है।

मच्छरों से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इनकी वजह से कई गम्भीर बीमारी फ़ैलने का कारण बन रहा है। विकास खण्ड सोंधी, नगर पंचायत खेतासराय इस भयंकर आतंक से लापरवाह बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना कि समय समय पर यदि जिम्मेदार दवा का छिड़काव कराए तो इस पर क़ाबू पाया जा सकता है। वही जिला प्रशासन की तरफ़ से अधिकारियों को जब आदेश जारी होता है तो नगर पंचायतों में एंटी लारवा या फाकिंग कराई जाती है। जिससे मच्छरों के हालत बेक़ाबू हो जा रहे है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि इस समस्या पर गम्भीरता नही दिखाई तो मच्छरों के प्रकोप बढ़ने के साथ स्वास्थ्य संकट भी गहरा सकता है।

**नगर पालिका और पंचायत दवाओं का छिड़काव करें: एसडीएम**

मौसम के अचानक करवट व मानसून से मच्छरों की संख्या में इजाफ़ा हो गया है। नगर पंचायत में यदा कदा दवा का छिड़काव हो भी जाता है लेकिन ग्राम पंचायतों में स्तिथि भयानक है। इस बाबत एसडीम शाहगंज राजेश चौरसिया से बात हुई तो उन्होंने बताया कि पूरे तहसील क्षेत्र, नगर पंचायत व पालिका परिषद को दवा का छिड़काव कराने के लिए जिम्मेदारो की हिदायत दी गई है।

## शहादत दिवस पर भारत रक्षा दल ने वीरपुत्रों को दी श्रद्धांजलि



**आजमगढ़।** राजगुरु,सुखदेव, भगत सिंह की शहादत दिवस पर भारत रक्षा दल परिवार के कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 40 स्थानों पर देर शाम तक इन वीरपुत्रों को श्रद्धांजलि और नमन कार्यक्रम आयोजित कर अपने शहीदों को कभी न भुलाने हेतु जन सामान्य को प्रेरित किया। नमन कार्यक्रम को आयोजि करने में लगे दल के पदाधिकारियों ने कहा कि असंख्य क्रांतिकारी शहीदों के बलिदान की नींव पर आजादी की इमारत खड़ी हुई , उनके त्याग ,बलिदान को देश के लोग अगर भुला दिए तो यह कृतघ्नता होगी। उन वीरों के संघर्ष ,त्याग, तपस्या की गाथा पर पटाक्षेप न हो जाए इसलिए हम लोग निरंतर कुछ करते रहते हैं,आज इसी क्रम में हमारी टीम के पदाधिकारियों ने यह वृहद कार्यक्रम आयोजित किया, इसके तहत विभिन्न चौराहों पर इनकी फोटो लगा कर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। हमें यह देख कर प्रसन्नता हुई कि लोग स्व प्रेरणा से इसमें भागीदारी किए,युवाओं की तो विशेष भागीदारी रही।

# जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आगामी चैत्र नवरात्रि और ईद के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारिया समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने नगर क्षेत्र के लिए ईओ और ग्रामीण क्षेत्र के लिए डीपीआरओ को निर्देशित किया कि ईदगाह पर साफ-सफाई एन्टी लार्वा का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें। ईदगाह जौनपुर के सामने लगे खम्भे को तत्काल ठीक करने के निर्देश एक्सईएन विद्युत को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में कोई नयी परम्परा शुरू नही की जाएगी। चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत शीतला चौकियां धाम में अत्यधिक भीड़ जुटने की सम्भावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातयात व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस की ड्यूटी लगाये जाने सहित अन्य आवश्यक तैयारिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी और ईओ को निर्देशित किया कि सम्बन्धित के साथ बैठक कर माँ शीतला चौकियां धाम में पार्किंग रेट तय करे, जिससे श्रद्धालुओं को समस्या का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को मां शीतला चौकिया धाम में जर्जर तारो को तत्काल बदलवाने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ ने कहा कि पूर्व की भाति इस बार भी त्यौहारों को शाति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाएगा, जिसके लिए पुलिस विभाग पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद में शासन के द्वारा लाउडस्पीकर के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनपद में सड़क पर नमाज नही पढ़ी जाएगी और रास्ता अवरूद्ध कर किसी के भी द्वारा धार्मिक आयोजन नही किए जाएगे। इस अवसर पर नगर पालिका /नगर पंचायत के चेयरमैन, जिला शांति समिति के सदस्यगण, अपर जिलाधिकरी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक अजय अम्बष्ट, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जय सोलंकी सेवा समिति ने मनाया 41 वा होली मिलन समारोह



**आई ई एस मे चयनित आकाश सिंह को किया गया सम्मानित**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नेवादा धवर भवर बाबा के प्रांगड़ में,जय सोलंकी सेवा समिति द्वारा 41वां होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम के,मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह रहे, होली मिलन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह ने किया कार्यक्रम में जय सोलंकी सेवा समिति द्वारा किए गए लोगों को सहायता जो दी गई थी आर्थिक रूप से उनका भी विवरण इस समारोह में पेश किया गया जिसके तहत गांव में गरीब परिवारों में बेटी की शादियों के लिए कैंसर पीड़ितों के लिए जितने भी सोलंकी परिवार के ऐसे लोग हैं उनको 10000 की आर्थिक सहायता भी दी जाती है। होली मिलन समारोह के मौके पर 12 गांव के सम्मानित जन लोग मौजूद रहे इस मोके पर आकाश सिंह ( आई ई एस ) मे चयनित हुआ उसे भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया,जिसमें मुख्य रूप से, अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह, महामंत्री राजनाथ सिंह, सलाहकार समिति अध्यक्ष किशोर कुमार सिंह,आलोक सिंह पूर्व प्रधान,मनीष सिंह,सीबी सिंह,अजय सिंह, संजय सिंह, प्रेम प्रकाश सिंह, गिरीश चंद्र सिंह, सुधीर सिंह सहित सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

# भाजपा में आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित हुई। जहां उत्तर प्रदेश सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों के उत्सव अभियान को लेकर योजना बनाई गई। जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मोर्चो के जिलाध्यक्ष, मोर्चो के जिला महामंत्री, विभाग एवं प्रकोष्ठ जिला संयोजक, मीडिया, सोशल मीडिया, आई टी प्रमुखों हेतु अपेक्षित आगामी कार्यक्रमों हेतु आयोजित जिला कार्यशाला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। संगठन द्वारा जिलाध्यक्ष घोषित किए जाने पर सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने पार्टी द्वारा जो कार्यक्रम दिया गया है इसे पूर्ण मनोयोग से सफल बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष राजपूत ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 25 मार्च को जिला स्तरीय तथा 27 मार्च को विधानसभा स्तरीय प्रेस वार्ता के माध्यम से प्रदेश सरकार के रिपोर्ट कार्ड के साथ अभियान की शुरुआत की जाएगी। 25 से 27 मार्च के बीच जिला स्तर पर लाभार्थी मेला लगाया जाएगा। जिसमें वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट स्टाल,निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 28 से 30 मार्च तक प्रथम चरण का ग्राम सभा स्तरीय घर घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 6 अप्रैल को सभी बूथों में पार्टी का स्थापना दिवस मनाते हुए 9 अप्रैल तक घर घर संपर्क अभियान का दूसरा चरण चलाया जाएगा। 3 से 5 मार्च तक विधानसभा स्तर पर विकास गोष्ठी जिनमें 1000 जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। उक्त उत्सव अभियान के दौरान युवा मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर बाइक रैली निकाल कर सरकार की प्रमुख परियोजनाओं का दौरा कर अवलोकन किया जाएगा। इसके अलावा जिला स्तर पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, महिला मोर्चा द्वारा ग्राम स्तर पर लाभार्थी महिलाओं से घर घर संपर्क करते हुए चौपाल आयोजित की जाएगी। 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर प्रत्येक बूथ में बाबा साहब की मूर्ति व चित्र पर माल्यार्पण, स्वच्छता अभियान चलाते हुए सामाजिक न्याय एवं समरसता दिवस मना कर चर्चा की जाएगी।अभियान के जिला संयोजक संतू गुप्ता ने विषय वस्तु रखते हुए आगामी कार्ययोजना बताई। जबकि संचालन जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता द्वारा किया गया। अभियान के जिला सह संयोजक उत्तम सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यशाला को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव तथा अशोक त्रिपाठी जीतू ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रेमनारायण द्विवेदी, डॉ धर्मेन्द्र त्रिपाठी, मनोज पुरवार, दिनेश यादव, राजर्षी शुक्ला, देवमूरत द्विवेदी,,संजीव कुमार प्रजापति, राकेश सिंह चौहान, धनंजय चौधरी,प्रेमस्वरूप द्विवेदी,अमरमणि तिवारी, अनूप तिवारी, राजेश गुप्ता रज्जन, ज्ञानप्रताप सिंह, अमित सेठ भोलू, धीरेन्द्र सिंह गौतम, दुर्गा चौरसिया, धर्मेन्द्र गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कुलभास्कर में एन एन एस विशेष शिविर का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** कुलभास्कर आश्रम पी जी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण व सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात आज के मुख्य वक्ता डॉक्टर हेमलता पंत, असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग, सी एम पी पी जी कॉलेज प्रयागराज का व्याख्यान पर्यावरण प्रदूषण एवं उपाय विषय पर दिया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक एवं सेविकाएं अपने आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई की। कार्यक्रम की दूसरे दिन का प्रारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं सरस्वती गीत से प्रारंभ हुआ। प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी शारीरिक शिक्षा विभाग कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज का योगाभ्यास हुआ। तत्पश्चात महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर महिला अधिकार, सिंगल मदर, मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस पी यादव, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ आदेश कुमार वर्मा एवं डॉ अखिलेश त्रिपाठी, विवेक कुमार श्रीवास्तव, डॉ मनीष कुमार व अजीत कुमार, अनिल कुमार एवं स्वयंसेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रहे।

## राजेश केसरवानी बने श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट के रथयात्रा संयोजक



**प्रयागराज।** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट की बैठक आर्य भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों की सहमति से राजेश केसरवानी को ट्रस्ट का रथ यात्रा संयोजक मनोनीत किया। मनोनयन पर ट्रस्ट के मंत्री गगन दास गुप्ता,कोषाध्यक्ष जयराम गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दाऊदयाल गुप्ता, अमर रस्तोगी,त्रिलोकी केसरवानी, अभिलाष केसरवानी, विरेन्द्र अग्रवाल, अतुल खन्ना, अभिलाष केसरवानी, राहुल, संजय, पवन, विकास, विनोद, रामसजीवन, सांझी, लता, मीना, मनोज , अनिकेत एवं सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

## अक्साम के खेल से फरहत अली को मिली जीत



**प्रयागराज।** फरहत अली क्रिकेट क्लब ने डीआरएम कप अंडर -13 कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में डीएसए ए को 34 रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। सोमवार को डीएसए मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन, ( मो अक़्साम अली 68, आर्यन सिंह 19, रेहान वजहत 12 अविजित रन, शौर्य पांडेय 1/32 ) पर बनाए। जवाब में डीएसए ए की पूरी टीम 23.1 ओवर में 124 रन ( विराट पांडेय, 47, आयुष पांडेय 29, तारेश कुमार 15 रन, हुजाफा हाड 2/25, मो. अक़्साम अली 2/26, रेहान वजहत 2/13, आयुष्मान 1/27 ) पर सिमट गई। मैच से पहले रेलवे के पूर्व रणजी खिलाड़ी दिलीप यादव व प्रयाग जिमखाना क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ी योगेंद्र पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, मैच के बाद इंडिया अंडर -19 व पूर्व रणजी खिलाड़ी मो. जाहिद अली ने विराट पांडेय को विशेष पुरस्कार व मो. अक़्साम अली को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

## आरव और ओम ने हिंदुस्तान इंजीनियरिंग क्लब को जिताया



**प्रयागराज।** आरव (49 रन एवं दो विकेट) और ओम गौड़ (28 रन एवं तीन विकेट) की बदौलत हिंदुस्तान इंजीनियनिंग क्लब ने डीएसए क्लब ए को 17 रन से हराकर फखरुद्दीन अली स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गये मैच में हिंदुस्तान इंजीनियरिंग क्लब ने 28.1 ओवर में 160 रन (आरव 49, ओम गौड़ 28, अक्ष 11, सौम्यक राय 3/25, जैद 2/27, शिवांश केसरवानी 2/36) बनाये। जवाब में डीएसए क्लब ए की टीम 30 ओवर में 9 विकेट पर 143 रन (शिवांश केसरवानी 34, मोहम्मद इशात 22, आयुष पांडेय 20, ओम गौड़ 3/21, आरव 2/34, तनिष्क केसरवानी 1/17) ही बना सकी। ओम गौड़ को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## रोजगार मेला 26 को

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा 26 मार्च को जिला पंचायत सभागार प्रयागराज परिसर में प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। उक्त मेलों में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा लगभग 750 विभिन्न रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेलों में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आई0टी0आई0, डिप्लोमा, बी0टेक0 उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त अंक-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकते है। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भात्ता देय नहीं होगा।

# महिला हार्पर क्लब बांदा द्वारा होली मिलन समारोह

अवधनामा संवाददाता




**बांदा।** संकटमोचन मंदिर निकट हार्पर क्लब बांदा में होली मिलन समारोह कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट की पत्नी ने किया शुभारंभ कार्यक्रम की सदस्य सीमा सिंह ने कहा कि समाजसेवी महिलाओं ने होली के अवसर पर एक होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में शहर की बढ़-चढ़कर महिलाओं ने भाग लिया और होली के रंगों में खुद को डुबोया। कार्यक्रम की शुरुआत में समाजसेवी महिलाओं ने एक साथ मिलकर होली के गीत गाए और नृत्य किया। इसके बाद, उन्होंने एक दूसरे को रंग लगाकर होली का जश्न मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित ज्योत्स्ना पुरवार ने कहा, ÷होली का त्योहार हमें एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। हमें उम्मीद है कि इस कार्यक्रम से हमारे बीच की एकता और सौहार्द की भावना और मजबूत होगी। कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि इस कार्यक्रम से हमारे समाज में एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा मिलेगा। हमें उम्मीद है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारे समाज की महिलाएं एक दूसरे के साथ जुड़कर एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देंगी।कार्यक्रम के अंत में, महिलाओं ने एक साथ मिलकर गुलाल अबीर लगाया और होली के अवसर पर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर उपाध्यक्ष ज्योत्सना पुरवार, सीमा सिंह, गीता सिंह, , शोभना श्रीवास्तव,मंजू ओमर, जया पुरवार, आराधना शर्मा, सुहासिनी, मंजरी, अनीसा, लक्ष्मी, सुधा सिंह, सोना, लवी, शोभा सिंह चौहान,मंजू ओमर,,नीता ओमर, लक्ष्मी ओमर इत्यादि ने भी भागीदारी की। अनुपमा त्रिपाठी के बच्चों ने बांधा समां, क्लब की सचिव श्रीमती सीमा सिंह कोषाध्यक्ष श्रीमती मंजू ओमर व अन्य सदस्य उपाध्यक्षश्रीमती ज्योत्सना पुरवार, श्रीमती शोभा चौहान अन्य सदस्य रुपाली तुलसा लक्ष्मी ओमर, गीरा ओमर संध्या अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, नीलिमा, नीलम रूपौलिया, पूजा रूपलिया मंजरी ओमर, नीना ओमर अल्का सिंह राखी ओमर मीरा दमेले, स्नेह दमेले नंदिनी गुप्ता, पूजा गुप्ता आकांक्षा सिंह, शिवानी सिंह सरिता ओमर रितु , साधना त्रिपाठी , बंदना दीप्ती सिंह पूजा , संगीता, आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती भावना केला पत्नी सिटी मजिस्ट्रेट नृत्य का संचालन गुरुकुल कत्थक केन्द्र की नृत्य गुरु अनुपमा त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# चंद्रमा ऋषि की तपोस्थली पर जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** करतालपुर बाईपास स्थित जी डी ग्लोबल स्कूल मे बैगलेस एक्टिविटी के अंतर्गत विश्व जल दिवस के अवसर पर जी डी ग्लोबल के विद्यार्थियों द्वारा 'सेव वाटर सेव लाइफ' संदेश को प्रसारित करने हेतु विद्यालय से चंद्रमा ऋषि आश्रम तक साइकिल रैली निकाली गई जिसका उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित करना। विद्यालय निदेशिका स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक गौरव अग्रवाल कार्यकारी निदेशक श्रीश अग्रवाल और प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर विद्यालय कैंपस से साइकिल रैली का शुभारंभ किया इस रैली का समापन स्थल चंद्रमा ऋषि की तपोस्थली थी। वहां तमसा और सिलनी नदी का पवित्र संगम है । उक्त स्थल पर विद्यार्थियों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय निदेशिका स्वाति अग्रवाल ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि जल ब्रह्माण्ड का अनमोल तत्व है इसके बिना जीवन संभव नहीं है अतरू संरक्षित करना हर मानव का कर्तव्य है । विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपाली ने बताया कि इस प्रकार क्रियात्मक गतिविधि से बच्चों में प्राकृतिक तत्वों के प्रति लगाव उत्पन्न होता है और वे उसके महत्त्व को समझते हुए उसके संरक्षण हेतु दृढ़ संकल्पित होते है।

## डॉ उदय प्रताप सिंह भारत रत्न श्री सम्मान से किए गए सम्मानित

**प्रयागराज।** भारत गौरव रत्न श्री सम्मान अवार्ड काउंसिग (अधिकृत पुरस्कृत निकाय भारत सरकार) के द्वारा आयोजित भारत रत्न सम्मान समारोह में प्रयागराज के ठाकुर हरनारायण सिंह ग्रुप आफ कॉलेज के डायरेक्टर एवं प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह को भारत रत्न श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा विकास एवं परोपकारी समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्यो के लिए प्रदान किया गया। इसके अलावा उन्हें वर्ल्ड ह्युमेन राइट कमीशन के सक्रिय मेंबर बनाया गया। प्रयाग उत्थान समिति के महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान वास्तव में पूरे प्रयागराज का सम्मान है इसलिए डॉ उदय प्रताप सिंह का प्रयागराज आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। बधाई देने वालों में राजेश केसरवानी, अभिलाष केसरवानी, रजत सोनकर, शिवम अग्रहरी, शुभम शर्मा, विमल कुमार तिवारी, दिगंबर त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, कमल शुक्ला, निखिल पांडे आदि रहे।

# सेबी ने एफडीआई डिसक्लोजर सीमा को दोगुना कर 50000 करोड़ रुपये किया, निवेश सलाहकारों को ये राहत मिली

**मुंबई।** मुंबई में 24 मार्च को भारतीय प्रतिभूति व विनियम बोर्ड (सेबी) ने अपनी बोर्ड मीटिंग के बाद कई अहम फैसलों की घोषणा की। नए चेयरमैन तुहिन कांत पांडे की अध्यक्षता में सेबी के बोर्ड की यह पहली बैठक थी। आइए इस बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में विस्तार से जानें।

मुंबई में 24 मार्च को भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने अपनी बोर्ड मीटिंग के बाद कई अहम फैसलों की घोषणा की है। नए चेयरमैन तुहिन कांत पांडे की अध्यक्षता में सेबी के बोर्ड की यह पहली बैठक थी। सेबी के नए अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने अपनी अध्यक्षता में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा विस्तृत खुलासे की सीमा को मौजूदा 25,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने की मंजूरी दे दी है। सेबी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह खुलासे पलएमएलए/पीएमएलआर विनियमों के अनुपालों को सुनिश्चित



करने के लिए हैं। वहीं सेबी ने अनुसंधान विश्लेषकों (आरए) और निवेश सलाहकारों के लिए अग्रिम शुल्क संग्रह के मानदंडों में ढील दी गई है और दोनों पंजीकृत संस्थाओं को एक साल के लिए अग्रिम शुल्क एकत्र करने की अनुमति दी है।

**इक्विटी बाजार पर सेबी की नजर**

सेबी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है वित्त वर्ष 2022-23(जब सीमा निर्धारित की गई थी) और चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बीच नकद इक्विटी बाजार में कारोबार की मात्रा दोगुनी से अधिक हो गई है। इसको देखते हुए बोर्ड ने लागू सीमा को मौजूदा 25,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव को मंजूरी दी है। भारतीय बाजारों में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक इक्विटी एयूएम रखने वाले एफपीआई को अब 24 अगस्त 2023 के परिपत्र में लिखे हुए अतिरिक्त खुलासे की आवश्यकता होगी। अगस्त 2023 में शुरू किए गए एफपीआई प्रकटीकरण मानदंडों के अनुसार, 25,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति (एयूसी) वाले या 50 प्रतिशत से अधिक एयूसी एक ही कॉर्पोरेट समूह में केंद्रित रखने वाले एफपीआई को अतिरिक्त स्वामित्व विवरण प्रदान करना होगा।सीमा को दोगुना करने से अनुपालन बोझ को कम करने में मदद मिलेगी तथा पारदर्शिता भी बनी रहेगी।

**हितों के टकराव की समीक्षा**

सेबी बोर्ड ने इन प्रावधानों की समीक्षा करने और मौजूदा ढांचे को बेहतर बनाने के लिए सिफारिशें करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) गठित करने का फैसला किया है। एचएलसी में प्रासंगिक पृष्ठभूमि और अनुभव वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति और विशेषज्ञ शामिल होंगे। एचएलसी सदस्यों के नामों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। सेबी ने एक विज्ञप्ति में कहा, एचएलसी का उद्देश्य हितों के टकराव, प्रकटीकरण और संबंधित मामलों के प्रबंधन के लिए मौजूदा ढांचे को बेहतर बनाने के लिए व्यापक समीक्षा करना और सिफारिशें करना है, ताकि बोर्ड के सदस्यों और अधिकारियों के पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण के उच्च मानकों को सुनिश्चित किया जा सके।

एचएलसी से अपने गठन की तारीख से तीन महीने के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने की उम्मीद है, जिन्हें बोर्ड के समक्ष विचार के लिए रखा जाएगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांता पांडे ने बताया कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के नियमों में इससे पहले 2019 में बदलाव किया गया था।

## वॉर्नर म्यूजिक इंडिया ने सुपरस्टार गुरु रंधावा के साथ मिलाया हाथ, की अपने नए एल्बम विदआउट प्रेजुडिस की घोषणा

**मुंबई।** वॉर्नर म्यूजिक इंडिया ने आधिकारिक तौर पर गुरु रंधावा के साथ साझेदारी की है, जो उनके



करियर के एक नए और रोमांचक अध्याय की शुरुआत को चिह्नित करती है। यह साझेदारी बीइंगयू स्टूडियो के संस्थापक गुरजोत सिंह के नेतृत्व वाली नई मैनेजमेंट टीम के साथ उनके सहयोग को भी दर्शाती है। गुरु और वॉर्नर म्यूजिक इंडिया के बीच यह साझेदारी उनके क्रिएटिव विज़न को नई ऊंचाइयों पर ले जाती है, क्योंकि वह अपने 2023 के बाद के पहले स्टूडियो एल्बम विदआउट प्रिजुडिस को रिलीज़ करने की तैयारी कर रहे हैं।

एल्बम में नौ जबरदस्त ट्रैक शामिल हैं–स्नैपबैक, सिरा, न्यू एज, कताल, फ्रॉम एजेस, जानेमन, किथे वासदे ने, सरे कनेक्शन और गल्ला बातें–जो अफ्रोपॉप और भारतीय पॉप का मिश्रण हैं, और एक नए बोल्ड संगीतिक दिशा की झलक देते हैं। पहला सिंगल गल्ला बातें और उसका म्यूजिक वीडियो 28 मार्च 2025 को रिलीज़ होगा। इस एल्बम में ज़हर वाइब, एनएसईईबी, बॉब.बी रंधावा, किरण बाजवा और प्रेम लता जैसे कलाकारों के साथ सहयोग भी शामिल है, जिससे इसकी विविधता और गहराई और बढ़ जाती है।

अपने करियर के इस नए दौर पर विचार करते हुए, गुरु रंधावा ने कहा, ÷यह एल्बम सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि उस संगीत का भी विकास है जिसे मैं बनाना चाहता हूं और उन श्रोताओं का भी जिनसे मैं जुड़ना चाहता हूं। विदआउट प्रिजुडिस सीमाओं को तोड़ने और वैश्विक दर्शकों से जुड़ने के लिए नए ध्वनियों को अपनाने के बारे में है, जबकि मेरी जड़ों के प्रति सच्चा रहने का प्रयास है। वॉर्नर म्यूजिक इंडिया के साथ, मैं इस यात्रा को लेकर उत्साहित हूं और अपने प्रशंसकों के लिए कुछ विशेष लाने का इंतजार नहीं कर सकता।

वॉर्नर म्यूजिक इंडिया और ßत्रष्ट के प्रबंध निदेशक जय मेहता ने कहा, गुरु रंधावा ने पंजाबी संगीत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है, और यह एल्बम उनके सफर का एक नया रोमांचक चरण है। वॉर्नर म्यूजिक इंडिया में, हम उनके कलात्मक दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके ब्रांड को संगीत, लाइव अनुभव, प्रशंसक सहभागिता और भी बहुत कुछ के माध्यम से मजबूत बनाने में मदद कर रहे हैं।

## टाटा पावर की बड़ी उपलब्धि, कुल 3 गीगावॉट क्षमता के 1.5 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन किए

**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने पूरे भारत में 1,50,000 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। देश भर में टाटा पावर के रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन की कुल क्षमता अब लगभग 3 गीगावॉट तक पहुंच गई है।

यह उपलब्धि भारत के अक्षय ऊर्जा परिवर्तन में कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। 700 से अधिक शहरों में मज़बूत उपस्थिति के साथ, टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की एक उपकंपनी, टाटा पावर सोलर रूफटॉप, भारत के सस्टेनेबल, ऊर्जा-कुशल भविष्य की ओर संक्रमण में सबसे आगे रही है। टाटा पावर सोलर रूफटॉप के साथ कई लाभ जुड़े हुए हैं, जिन्हें टाटा पावर सोलरूफ़ के रूप में विपणन किया जाता है, जिसमें बिजली के बिलों में 80त्न की कमी, सौर मॉड्यूल पर 25 साल की वारंटी और 4-7 साल की पेबैक अवधि शामिल है। यह प्रणाली बिजली शुल्क में वार्षिक वृद्धि से बचाती है, जो आमतौर पर 3-5त्न तक होती है। इसके अलावा, कंपनी अपने तमिलनाडु कारखाने में सौर पैनल बना रही है, जिन्हें ख्रख्र द्वारा मंजूर किया गया है।

टाटा पावर पीएसयू और निजी बैंकों सहित 20 से अधिक वित्तीय भागीदारों के ज़रिए फाइनेंसिंग के लचीले विकल्प भी उपलब्ध कराती है, जिससे सभी के लिए सौर ऊर्जा को अपनाना सुलभ और किफ़ायती हो गया है। यह कंपनी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना और अपने प्रमुख घर घर सोलर अभियान के माध्यम से सौर ऊर्जा को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए सरकार के मिशन का समर्थन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों के लिए अनुकूलित सौर रूफटॉप समाधान प्रदान करके, कंपनी भारत के ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता के बड़े लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

पूरे भारत भर में कंपनी ने 300 से ज़्यादा शहरों में 575 से ज़्यादा चैनल भागीदारों का मज़बूत नेटवर्क बनाया है। 400 से ज़्यादा शहरों में 225 से ज़्यादा अधिकृत सर्विस पार्टनर उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवा और सहायता देते हैं। कंपनी के 1,50,000 से अधिक संतुष्ट उपभोक्ताओं में आवासीय क्षेत्र के 1,22,000 से ज़्यादा उपभोक्ता शामिल हैं। घर मालिकों, व्यवसायों और उद्योगों के लिए पसंदीदा सौर भागीदार के रूप में कंपनी ने अपनी पहचान बनाई है।

साल भर में, टाटा पावर सोलररूफ ने अपने अभियानों के ज़रिए भारत में रूफटॉप सोलर के बारे में जागरूकता फैलाई। नागरिकों से सौर ऊर्जा अपनाने के लिए अनुरोध करते हुए सूर्य की शक्ति को दर्शाने के लिए कुंभ और छठ पूजा जैसे अवसरों का उपयोग किया है। कंपनी ने जनवरी 2025 में मकर संक्रांति उत्सव के दौरान अपना नवीनतम अभियान आपकी छत, आपकी ताकत भी पेश किया और लोगों को सौर ऊर्जा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। सौर ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए छतों का महत्त्व बताते हुए, छतों को समृद्धि और व्यक्तिगत विकास के स्रोतों में बदल दिया।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाते हुए टाटा पावर सोलर रूफटॉप बेहतर, विश्वसनीय और किफायती सौर समाधान देने के लिए समर्पित है, ग्राहकों को ऊर्जा स्वतंत्रता, वित्तीय बचत और एक स्थायी भविष्य के साथ सशक्त बनाता है।

## साइंस सिटी में विश्व जल दिवस कार्यक्रमः जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

**लखनऊ।** अहमदाबाद स्थित साइंस सिटी के एक्वाटिक गैलरी में आयोजित विश्व जल दिवस समारोह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम था, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के चार से अधिक स्कूलों के 450 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जल के हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसके संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

प्रतिभागियों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें विशेष रूप से ग्लेशियरों को ताजे पानी के प्रमुख स्रोत के रूप में रेखांकित किया गया। विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों ने ग्लेशियरों के पिघलने के कारण जल आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभाव और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला।

इसके अलावा, छात्रों ने एक्वा-क्विज में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जहां उन्होंने जल संबंधी मुद्दों पर अपनी जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को मिशन लाइफ पहल के तहत जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने वाले पोस्टर प्रदान किए गए, जिसका उद्देश्य दैनिक जीवन में स्थायी प्रथाओं को अपनाने की प्रेरणा देना है।

यह आयोजन न केवल युवा मनों को पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति शिक्षित करने में सफल रहा, बल्कि उन्हें जल संरक्षण की जिम्मेदारी लेने और इस अनमोल संसाधन की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए भी प्रेरित किया।

## सिमरन कौर धादली का 'पुत्त जट्ट दा' मचा रहा है पंजाब से लेकर पूरी दुनिया में हलचल

**नई दिल्ली।** सिमरन कौर धादली का नया गाना पुत्त जट्ट दा पूरी दुनिया में हलचल मचा रहा है। ओल्ड स्कूल की शिष्टता के साथ आधुनिक समय के मनमाने अंदाज को पेश करते हुए यह तीव्र और जबरदस्त गाना शक्ति, अडिग प्रेम और स्वैग की कहानी कहता है।

देसी ट्रैप म्यूजिक द्वारा निर्मित और सिमरन कौर धादली की आवाज में, पुत्त जट्ट दा में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो दुनिया के खिलाफ खड़ा है। वह सबके खिलाफ लड़ता है, बलिदान देता है पर हार मानने को तैयार नहीं है। गायिका उस प्रेमी की अभिव्यक्ति कर रही है और खुद को उसकी अदम्य भावना की प्रेरणा के रूप में पेश करती है।

सिमरन ने कहा, मैं दुनिया के सामने 'पुत्त जट्ट दा' पेश करने के लिए उत्साहित हूँ। यह गाना प्राकृतिक, वास्तविक और बेतकल्लुफ है और मेरे जीने का तरीका है। इसमें वह प्यार पेश किया गया है, जो आदर के काबिल है। इसकी ऊर्जा, अंदाज और स्टोरीटैलिंग ने इसे खास बना दिया है। यह गाने बनाने में मुझे बहुत मजा आया। मैं आशा करती हूँ कि इसकी हर तान की ऊर्जा श्रोताओं के हृदय में उतर जाएगी।÷

यह गाना साहसी लोगों के लिए बना है। अपने दबंग बोल, जबरदस्त बीट्स और जीवंत अंदाज के साथ पुत्त जट्ट दा हर प्लेलिस्ट में अपनी जगह बनाने के लिए तैयार है। सिमियन कौर धादली का 'पुत्त जट्ट दा' यहाँ सुनें: https://smi.lnk.to/PuttJattDa

## ज़ेटाई ने योजना के लिए मतदान करने से पहले प्लेटफ़ॉर्म संपत्तियों और प्लेटफ़ॉर्म देनदारियों की स्वतंत्र जाँच की पुष्टि की

लिमिटेड कंपनी ने घोषणा की है कि प्लेटफ़ॉर्म की संपत्तियों और देनदारियों की स्वतंत्र जाँच पूरी हो चुकी है। इस मूल्यांकन को स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं जोशुआ टेलर (एल्वारेज़ एंड मार्सल (दक्षिण-पूर्व एशिया) पीटीइ लिमिटेड) और हेनरी एंथनी चेम्बर्स (एल्वारेज़ एंड मार्सल डिस्प्यूट्स एंड इन्वेस्टिगेशन्स पीटीइ लिमिटेड) द्वारा किया गया।इसके अलावा, स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं ने प्लेटफ़ॉर्म संपत्तियों की मौजूदगी, नियंत्रण और मात्रा की स्वतंत्र रूप से जाँच की है, जिसमें शामिल हैं नेट लिक्विड प्लेटफ़ॉर्म संपत्तियां - इसमें बिटगो के पास सुरक्षित टोकन संपत्तियां, चार प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों और 9 कोल्ड वॉलेट में रखी गई संपत्तियां शामिल हैं, जिनकी कुल वैल्यू 478.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जो 17 जनवरी 2025 तक की स्थिति के अनुसार है।

इलिक्विड प्लेटफ़ॉर्म संपत्तियां - इसमें चोरी की गई संपत्तियों के साथ-साथ इलिक्विड वॉलेट संपत्तियां भी शामिल हैं।स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं ने योजना ऋणदाताओं की अंतिम सूची और निर्धारित तारीख पर प्लेटफ़ॉर्म देनदारियों की भी स्वतंत्र रूप से जाँच की। इसके लिए उन्होंने ज़ेटाई के पूरे लेनदेन इतिहास की जांच की और प्रत्येक प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ता के लिए मुद्रा शेष राशि की दोबारा गणना की।स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं (IA) द्वारा की गई जाँच प्लेटफ़ॉर्म की संपत्तियों और देनदारियों की पुष्टि में महत्वपूर्ण पारदर्शिता और विश्वसनीयता प्रदान करती है।

## इंडोजॉर्जियन फेस्टिवल 2025 का गुजरात के स्वर्णिम स्टार्टअप और इनोवेशन यूनिवर्सिटी में शानदार नाटकों के साथ हुआ समापन

**गांधीनगर।** गुजरात के गांधीनगर में स्वर्णिम स्टार्टअप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी में इंडो-जॉर्जियन फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय फेस्टिवल 20-21 मार्च को आयोजित किया गया था। इस फेस्टिवल में भारत और जॉर्जिया की संस्कृति और कलाओं का आदानप्रदान हुआ। फेस्टिवल में दिल को छू लेने वाले नाटक और कार्यशालाएं हुईं। इस फेस्टिवल को स्वर्णिम स्टार्टअप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी, एनजीओ कल्चरल डायवर्सिटी फॉर पीसफुल फ्यूचर (एनजीओसीडीपीएफ) और जॉर्जिया के संस्कृति मंत्रालय ने मिलकर आयोजित किया था। इसमें मेडिलिंक हॉस्पिटल का भी सहयोग रहा। स्वर्णिम स्टार्टअप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी गुजरात का एक प्रमुख संस्थान है। यह संस्थान नए व्यवसाय को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए जाना जाता है। यह



महोत्सव कलाकारों का एक ऐसा मिलन था, जिसमें जॉर्जिया के प्रसिद्ध थिएटरों के 56 कलाकारों ने नाटक दिखाए, इंटरैक्टिव सेशन और वर्कशॉप आयोजित कीं। इस महोत्सव में दोनों देशों की समृद्ध संस्कृति और कलाओं को दिखाया गया। इस महोत्सव को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य था कि अलग अलग कल्चर को बढ़ावा दिया जाए और स्वर्णिम स्टार्टअप और इनोवेशन यूनिवर्सिटी के लोगों और जॉर्जिया के लोगों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाया जाए। समापन समारोह में गुजरात के गांधीनगर दक्षिण इलाके के विधायक अल्पेश ठाकोर, मेडिलिंक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की को फाउंडर शिल्पा अग्रवाल, मशहूर जॉर्जियाई अभिनेता और कला के डॉक्टर निकोलोज़ तिसुलुकिद्ज़े, जॉर्जिया के संस्कृति मंत्रालय के प्रतिनिधि और थिएटर विभाग के प्रमुख नीनो कोबाइज़ और एनजीओसीडीपीएफ के चेयरमैन और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2021 के विजेता दर्पण प्राशर समेत कई खास लोग शामिल हुए। मुख्य भाषण के दौरान, गांधीनगर दक्षिण के विधायक अल्पेश ठाकोर ने कहा, इस तरह के आयोजन दो संस्कृतियों को एक साथ लाते हैं और एक-दूसरे की परंपराओं को समझने का एक अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। इन आयोजनों ने विकसित भारत के सपने में योगदान दिया, जिसका समर्थन हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया है, जिनकी दूरदर्शिता की सराहना सीमाओं के पार भी की गई है। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं था, बल्कि इसने संस्कृतियों के बीच एक पुल का काम किया और शांति का प्रतीक बना।

इस तरह की पहलों के माध्यम से हम एक-दूसरे की संस्कृतियों के बारे में अपनी समझ को बढ़ा सकते हैं और वैश्विक व्यापार को बढ़ावा दे सकते हैं।

हम वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास करते हैं यह सोच कि दुनिया एक परिवार है, जिसने वैश्विक शांति और एकता को बढ़ावा दिया है। समापन के दिन, दो दिलचस्प नाटक दिखाए गए क्वार्कवारे और 12 एंग्री मेन जिनमें ताकत, महत्वाकांक्षा और पहचान के बारे में अलग-अलग नज़रिया पेश किए गए। क्वार्कवरे, एक मनोरंजक सामाजिक-राजनीतिक नाटक है, जो उस व्यक्ति के दिमाग में झांकता है जो सत्ता और अपनी तारीफ सुनने का दीवाना है।

## यूनीक्लो ने भारत में अपना पहला कम्युनिटी स्किल सेंटर प्रोजेक्ट लॉन्च किया

**लखनऊ।** वैश्विक परिधान रिटेलर यूनीक्लो ने आज प्लान इंटरनेशनल के सहयोग से भारत में अपना पहला जॉब ओरिएंटेड वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर लॉन्च करने की घोषणा की। यह प्रोजेक्ट स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और भविष्य की प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक संयुक्त प्रयास है। भारत में यूनीक्लो का यह पहला सामाजिक योगदान अभियान है, जो वंचित युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण और आवश्यक कौशल प्रदान करेगा।यह तीन साल का स्किल सेंटर प्रोजेक्ट भारत की युवा प्रतिभाओं में निवेश करने और देश की आर्थिक समृद्धि में योगदान देने की दिशा में यूनीक्लो का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत युवाओं को आधुनिक जॉब मार्केट के लिए आवश्यक कौशल सिखाने पर ध्यान दिया जाएगा। यह परियोजना तीन सालों से यूनीक्लो की पैरेंट कंपनी फास्ट रिटेलिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 120 मिलियन जापानी येन (लगभग 7 करोड़ रुपये) के योगदान से वित्त पोषित है।यूनीक्लो इंडिया के चीफ फाइनेंशियल और ऑपरेटिंग ऑफिसर केंजी इनोए ने कहा, ÷हमारी %लाइफवेयर% फिलॉसफी से प्रेरित होकर, हम इस स्किल सेंटर प्रोजेक्ट के माध्यम से हजारों भारतीय युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद करते हैं। यूनीक्लो का मूल सिद्धांत है कि जहां भी हम काम करते हैं, वहां हम समाज के उत्थान में योगदान दें। यह नई पहल भारतीय समुदाय के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शिक्षा व्यक्तिगत और सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है और प्लान इंटरनेशनल के साथ मिलकर हम युवाओं को सशक्त बनाने के लिए तत्पर हैं।

## हायर ने एआई क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर पेश किया




**नई दिल्ली।** हायर इंडिया ने भारतीय घरों के लिए कस्टमाइज़्ड, इंटेलिजेंट कूलिंग प्रदान करने वाले एआई-संचालित एयर कंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज पेश की है। भारत के एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल से लैस, नए एसी ऑटोमैटिक तरीके से उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं और पर्यावरण की स्थितियों के अनुकूल हो जाते हैं, जिससे अधिकतम ऊर्जा दक्षता के साथ सहज कूलिंग सुनिश्चित होती है।हायर की एआई क्लाइमेट कंट्रोल टेक्नोलॉजी उपयोगकर्ता की ज़रूरतों को समझती है, कूलिंग सेटिंग्स को एडजस्ट करती है और एक सहज अनुभव के लिए ऊर्जा दक्षता को अनुकूलित करके एयर कंडीशनिंग में क्रांति लाती है। एआई क्लाइमेट असिस्टेंट न्यूनतम प्रयास के साथ अधिकतम आराम सुनिश्चित करते हुए, उपयोगकर्ता की आदतों को अपनाकर कूलिंग को पर्सनलाइज़ करता है। बिजली की निगरानी उपयोगकर्ताओं को दैनिक, साप्ताहिक या मासिक ऊर्जा खपत लक्ष्य निर्धारित करने की अनुमति देती है, जिससे बढ़ी हुई ऊर्जा बचत के लिए बेहतर ट्रैकिंग और अनुकूलन संभव होता है। इसके अतिरिक्त, एआई ईको मोड गतिशील रूप से कूलिंग आउटपुट को नियंत्रित करता है, जिससे सही तापमान बनाए रखते हुए बिजली की अनावश्यक खपत को रोका जा सकता है। नए लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए हायर अप्लायंसेज़ इंडिया के अध्यक्ष श्री एनएस सतीश ने कहा, हायर इंडिया में, हम ऐसे अग्रणी नवाचारों के लिए समर्पित हैं जो घरेलू अनुभवों को परिभाषित करते हैं। हमारे एआई-संचालित एयर कंडीशनर के साथ, हमें भारत में अपनी तरह की पहली तकनीक पेश करने पर गर्व है, जो उद्योग जगत में एक नया मानक स्थापित कर रहा है। इस उन्नत एआई क्लाइमेट कंट्रोल टेक्नोलॉजी को पेश करने वाले एकमात्र ब्रांड के रूप में, हमारे एसी भारतीय उपभोक्ताओं के लिए कूलिंग की समझ, दक्षता और निरंतरता को एकीकृत करते हैं। ग्राहक की अंतर्दृष्टि से प्रेरित होकर, हमने इन स्मार्ट एयर कंडीशनर को उपयोगकर्ता की ज़रूरतों के अनुकूल बनाने, ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करने और असाधारण कूलिंग देने के लिए तैयार किया है। गर्व से कह सकते हैं कि ये एसी भारत में निर्मित हैं।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी ईवी और न्यू-एज ऑटोमोटिव ईटीएफ और फंड ऑफ फंड्स

**मुंबई।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी ईवी और न्यू-एज ऑटोमोटिव ईटीएफ लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड है, जो निफ्टी ईवी और न्यू-एज ऑटोमोटिव इंडेक्स को ट्रैक करेगा। इस ईटीएफ के आधार पर, फंड हाउस आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी ईवी और न्यू-एज ऑटोमोटिव ईटीएफ एफओएफ भी पेश कर रहा है, ताकि जिन निवेशकों के पास डीमैट अकाउंट नहीं है, वे भी इस योजना में निवेश कर सकें। यह लॉन्च निवेशकों को भारत के तेजी से बढ़ते ईवी और न्यू-एज ऑटोमोटिव सेक्टर में निवेश का अवसर प्रदान करता है। इसमें इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, बैटरी निर्माता, ऑटोमोटिव घटक, कच्चे माल के आपूर्तिकर्ता और ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी प्रदाता शामिल हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के मुख्य विपणन और डिजिटल व्यापार अधिकारी, अभिजीत शाह ने कहा, बढ़ती स्वीकार्यता और सहायक सरकारी नीतियों से प्रेरित होकर, इस उद्योग के तेजी से बढ़ने का अनुमान है। निफ्टी ईवी और न्यू एज ऑटोमोटिव इंडेक्स में निवेश करके, निवेशक भारत के तेजी से विकसित हो रहे ईवी सेक्टर में विविधतापूर्ण निवेश प्राप्त कर सकते हैं और संधारणीय गतिशीलता की ओर वैश्विक बदलाव का लाभ उठा सकते हैं। एनएफओ अवधि के तहत, ईटीएफ 21 मार्च 2025 से 2 अप्रैल 2025 तक और एफओएफ 28 मार्च 2025 से 10 अप्रैल 2025 तक खुला रहेगा। यह फंड इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र और न्यू-एज ऑटोमोटिव सेक्टर की कंपनियों में निवेश पर केंद्रित होगा, जिसका बेंचमार्क निफ्टी ईवी और न्यू-एज ऑटोमोटिव टीआरआई रहेगा। न्यूनतम आवेदन राशि ईटीएफ के लिए एनएफओ अवधि में 1,000 (1 के गुणकों में) और एफओएफ के लिए एनएफओ व चल रही पेशकश अवधि में 1,000 (1 के गुणकों में) निर्धारित की गई है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य, पोषण और डिजिटल सुरक्षा पर प्रशिक्षण

**दिल्ली।**एसटीआई हब मिज़ोरम द्वारा आइजोल ग्रामीण ब्लॉक की 83 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सीनॉड कॉन्फ्रेंस सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। इस पहल का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य, पोषण, डिजिटल सुरक्षा और आयुर्वेद-आधारित जीवनशैली से जुड़े विषयों में दक्ष बनाना था, ताकि वे अपने समुदायों की बेहतर सेवा कर सकें।

इस अवसर पर मिज़ोरम के राज्य ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. लालनिलावमा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि महिला एवं बाल विकास निदेशालय, मिज़ोरम की निदेशक श्रीमती ज़ोरमथांगी च्हांगते ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने संबोधन में दोनों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बाल एवं मातृ स्वास्थ्य में अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए 'विकसित भारत' की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना में उनकी निरंतर सीखने की आवश्यकता पर बल दिया।

केरल स्थित अमृता विश्व विद्यापीठम् से एसटीआई हब परियोजना के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ. रघु रामन ने भी कार्यक्रम में भाग




लिया और इस परियोजना की दूरदृष्टि के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्ता को रेखांकित किया।

**प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदु**

स्वास्थ्यकर पोषण एवं स्वच्छता - मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार के लिए संतुलित आहार संबंधी जानकारी।

स्थानीय पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य सामग्री - क्षेत्रीय स्रोतों के उपयोग से कुपोषण से निपटना।

एनीमिया की रोकथाम - गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में एनीमिया की पहचान और समाधान। बच्चों की डिजिटल सुरक्षा - बच्चों को डिजिटल युग में सुरक्षित रखने हेतु कार्यकर्ताओं को जागरूक करना।

आयुर्वेदिक जीवनशैली - समग्र स्वास्थ्य के लिए पारंपरिक आयुर्वेदिक सिद्धांतों की जानकारी।

कार्यक्रम की एक विशेष आकर्षण प्रस्तुति थी - स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री से तैयार पोषणयुक्त खाद्य उत्पादों का प्रदर्शन। प्रतिभागियों को मोरिंगा-गुड़ कुकीज़, अदरक-पेरीला बाइट्स, और सोया न्यूट्रीबॉल्स का स्वाद चखने को मिला, जिन्हें उनके स्वास्थ्य लाभों और स्वाद के लिए खूब सराहा गया।

# खिड़की तोड़कर घर में घुसे बदमाशों ने चाकू से किया हमला, दो जख्मी

## पीछा कर रहे दो लोगों पर बदमाशों ने की फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जंगल बिशनपुरा में एक सनसनीखेज वारदात सामने आया है। रविवार की रात आधा दर्जन बदमाशों ने एक घर में खिड़की तोड़कर घुस गए। अलमारी का ताला तोड़कर आभूषण व 60 हजार रूपये निकाल रहे थे कि घर में सोए कुछ लोग उठे जिन्हें बदमाशों ने चाकू से हमला कर फरार हो गए पीछा करने पर बदमाशों ने फायरिंग झोंक दिया। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल

जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी अजय चौरसिया पुत्र बैजनाथ रविवार की रात परिवार के साथ सो रहे थे, तभी आधी रात को खिड़की तोड़कर आधा दर्जन बदमाश घर में घुस गए और अलमारी का ताला तोड़कर खंगालने लगे। इस दौरान 28 वर्षीय राकेश की नींद खुल गई। उसने पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने डंडे और चाकू से उस पर हमला कर दिया। हमले में राकेश के सिर और हाथ में गंभीर चोट आई, और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। भाई ने पीछा किया तो बदमाशों ने तमंचे से फायरिंग कर दिया। चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य उठ गए। चोरों को भागते देख 38 वर्षीय अशोक ने उनका पीछा किया लेकिन बदमाशों ने उस पर देसी तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली अशोक के जांघ में लगी और वह वहीं गिर पड़ा। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। इस वारदात से लोगों में दहशत फैल गई है।

**पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जंगल विशुनपुरा का मामला**

ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां अशोक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, जबकि राकेश का भी इलाज जारी है। वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। पीड़ितों के अनुसार बदमाशों ने आभूषण व नगदी 60 हजार रुपए अलमारी तोड़कर निकाल लिए। इस संबंध में सीओ सदर पडरौना अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। सर्विलांस और स्वाट टीम को जांच में लगाया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

# अवैध अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, एक सील किया

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कल्पना रानी गुप्ता के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को एक अवैध अस्पताल को सील कर दिया गया, जबकि दूसरे अस्पताल का संचालक कार्रवाई की भनक लगते ही ताला लगाकर फरार हो गया।

हाल ही में सीएमओ डॉ. कल्पना रानी गुप्ता ने खड्डा और तुर्कहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया था। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि इन स्वास्थ्य केंद्रों से 100 से 500 मीटर के दायरे में कई अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ ने आश्वासन दिया था कि जिले में किसी भी अवैध अस्पताल को चलने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अवैध अस्पतालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, कुशीनगर जिले में लगभग 172 निजी अस्पताल पंजीकृत हैं, लेकिन इनकी संख्या से चार गुना अधिक है। अवैध अस्पताल बिना किसी वैध कागजात के संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई अस्पतालों में पंजीकृत डॉक्टर ओपीडी में मौजूद नहीं रहते। मरीजों को झांसे में लेकर भर्ती किया जाता है और बाहरी डॉक्टरों से सर्जरी कराई जाती है, जो मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। अभियान के तहत खड्डा और तुर्कहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के आसपास चल रहे अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई शुरू की गई। तुर्कहा चौराहे पर स्थित सेवा हॉस्पिटल जो बिना पंजीकरण के संचालित हो रहा था को खड्डा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. पारस नाथ गुप्ता ने सील कर दिया। वहीं, तुर्कहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित हासमती हॉस्पिटल का संचालक कार्रवाई की सूचना मिलते ही अस्पताल में ताला लगाकर फरार हो गया।


तुर्कहां में सेवा अस्पताल को सील करती स्वास्थ्य टीम

**खड्डा व तुर्कहां में सीएमओ ने की कार्रवाई, अवैध संचालकों में हड़कंप**

### किसी भी दशा में अवैध अस्पताल संचालित नहीं होने दिया जायेगा

सीएमओ डॉ. कल्पना रानी गुप्ता ने कहा, अवैध अस्पतालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। बिना पंजीकरण के संचालित होने वाले सभी अस्पतालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और इन्हें बंद किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अनुशासन व जीवन जीने की कला सिखाता है स्काउट-गाइड

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर बरडीहा में विद्यार्थी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदीशपुर बरडीहा के प्रांगण में सोमवार को पांच-दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय शिक्षा बीएड चतुर्थ वर्ष पाठ्यक्रम में सम्मिलित पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का शुभारंभ किया गया।


स्काउट गाइड का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

**विद्यार्थी पीजी कालेज में पांच-दिवसीय स्काउट गाइड शिविर प्रारंभ**

शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर महाविद्यालय के प्रबंधक व निदेशक शिवशरण पाण्डेय ने ध्वजारोहण के साथ शुरूआत किया। इस शिविर में ट्रेनर एमडीआई ख़ान, निवेदिता श्रीवास्तव के द्वारा स्काउट/गाइड के आधार भूत तत्व, स्काउटिंग गाइडिंग की उत्पत्ति और प्रसार, विभिन्न शाखाएं नियम प्रतिज्ञा, झंडा गीत आदि के साथ साथ विभिन्न प्रकार की तालियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रमोद पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्म सुरक्षा हेतु स्काउट गाइड का प्रशिक्षण अति आवश्यक है।स्काउट गाइड प्रशिक्षण को अर्ध सैनिक प्रशिक्षण भी कहा जाता है। इस दौरान बीएड प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा, प्रदीप कुमार मिश्रा, प्रवक्ता बीबी राय, डॉ0 विवेक राय, उदयभान यादव, सविता सिंह,मनोज यादव, रानी पाण्डेय लिपिक अखिलेश कुमार शुक्ला, अभिषेक शंकर त्रिपाठी, रजनीश त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 5 अप्रैल को मनाया जाएगा वीरांगना झलकारी बाई का बलिदान दिवस

**अमेठी।** रविवार को ओदारी और बाबूपुर में कोरी समाज के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में 5अप्रैल को गौरीगंज में वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान दिवस की तैयारी हुई। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश कमल ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई और उनके पति पूरन कोरी ने झांसी के महासंग्राम में अप्रतिम बलिदान किया है। वीरांगना झलकारी बाई कोरी राष्ट्र की गौरव है,उनका जीवन दर्शन भारतीय समाज की आधी आबादी के साथ युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने 5 अप्रैल को बलिदान दिवस के कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग और बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की। रामनाथ भारती, सत्यनाम, कालीचरण, रामसागर, महेंद्र भारती, दुखी प्रसाद, रामनरेश कोरी, दिनेश कुमार, सुखराम कोरी, राम खेलावन, अवधेश बौद्ध, शंकर लाल, राम सजीवन आदि मौजूद रहे।

# फर्जीवाड़ा कर सिंचाई विभाग की जमीन पर विद्यालय का नाम दर्ज, अब होगा कब्जामुक्त

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सदर तहसील पडरौना के बड़हरा ग्राम सभा में सिंचाई विभाग की जमीन पर फर्जीवाड़े के जरिए एक निजी विद्यालय का नाम दर्ज कराने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष द्वारा 18 अगस्त को दिए गए आदेश के बाद पुराने निर्णय को निरस्त करते हुए इस जमीन को पुनः सिंचाई विभाग के नाम दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस आदेश को खतौनी में भी अंकित कर दिया गया है।


सिंचाई विभाग के जमीन पर बना विद्यालय

**लंबी लड़ाई के बाद सिंचाई विभाग को मिली अपनी जमीन**

पडरौना तहसील क्षेत्र के बड़हरा गांव में सिंचाई विभाग की जमीन बड़े क्षेत्रफल में फैली हुई है। राजस्व अभिलेखों में इस जमीन को भठ्ठा गंडक नहर, सिंचाई विभाग के नाम पर दर्ज किया गया था। इसके बावजूद, गाटा संख्या 566, 567 और 553, जो पहले सिंचाई विभाग के नाम पर थी, लगभग तीन दशक पहले राजस्व और सिंचाई विभाग के कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों की मिलीभगत से एक निजी विद्यालय के नाम पर दर्ज कर दी गई। उस समय बड़हरा गांव के निवासी सुहैल अख्तर ने इस फर्जीवाड़े के खिलाफ आवाज उठाई थी, लेकिन विभागीय सांठगांठ और निचली अदालतों के जटिल आदेशों के चलते निजी विद्यालय संचालकों का प्रभाव लंबे समय तक बना रहा। वर्षों बाद बड़हरा गांव के सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र पंचायत सदस्य ऐजाज पुत्र जहीर ने इस मामले को आगे बढ़ाया। सरकारी संपत्ति को बचाने के लिए उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या 4400/19 दाखिल की। इस जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने इसे प्रदेश के 38 अन्य समान मामलों के साथ जोड़ते हुए जिला प्रशासन को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। हालांकि, इस बीच निजी विद्यालय संचालकों ने गोरखपुर मंडल आयुक्त के न्यायालय से स्थगन आदेश हासिल कर लिया, जिससे मामला कुछ समय के लिए ठंडे बस्ते में चला गया।

### लंबी लड़ाई के बाद सिंचाई विभाग को मिली जमीन

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बी राम ने बताया कि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद खतौनी में विभाग का नाम दर्ज हो चुका है। निजी विद्यालय को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। उन्होंने कहा, जिला प्रशासन के सहयोग से जल्द ही इस जमीन को कब्जा मुक्त कराकर विभाग अपने अधिकार में लेगा।

## समान वोट का अधिकार देकर बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रविवार की शाम बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के पास अम्बेडकर सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वसमाज से आगामी 14 अप्रैल को रामलीला मैदान अमेठी में आयोजित बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जयंती समारोह में शामिल होने की अपील की गई। आमंत्रण पत्र और पम्पलेट बांटे गए। बैठक को संबोधित करते हुए बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने सर्वसमाज को समान वोट का अधिकार देकर भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने के साथ देश की जनता को हर क्षेत्र में समान अधिकार प्रदान किए। उनकी जयंती पूरी दुनिया में मनाई जाएगी। अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देशों में स्कूलों में उनके जीवन दर्शन पर कक्षाएं संचालित की जा रही है। 14अप्रैल सर्वसमाज का महापर्व है। बैठक की अध्यक्षता डॉ उदय राज और संचालन राम चन्द्र ने किया। कोषाध्यक्ष राजेश अकेला ने समाज के लोगों से आयोजन में तन मन धन से सहयोग की अपील की। बैठक को संजय कुमार,मो इश्तियाक, छेदी लाल पासवान राम फल फौजी, ज्योति वर्मा ,राम मिलन शर्मा आदि ने संबोधित किया। ललित कुमार, महावीर बौद्ध, दयाराम, श्याम कुमार, प्रमोद कुमार राव, उमानाथ गौतम, सुनील कुमार, बड़े लाल बौद्ध,नंदन बौद्ध, चंद्रेश कुमार, एडवोकेट कुल रोशन राव,किसुन पाल,पवन कुमार, शमशेर, अनिल कुमार ,रामू कोरी, रामदेव मैनेजर, बृजेश कुमार, हरीराम कोरी आदि मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि अगली बैठक 26मार्च को शाम चार बजे से होगी।

## महराजगंज बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील परिसर में स्थित अधिवक्ता संघ सभागार में महराजगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व अधिवक्ताओं द्वारा विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। बताते चले की विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तहसील परिसर में स्थित अधिवक्ता संघ के सभागार में विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित अधिवक्ताओं में काफी उत्साह भी देखा गया तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी, वहीं कार्यक्रम के आयोजक व महराजगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवी प्रसाद ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का एक दूसरे से गले मिलकर अबीर गुलाल लगाकर भाईचारे को कायम रखने के पावन पर्व होली पर आप सभी को होली की बधाई देते हैं, तथा होली मिलन के माध्यम से गिले शिकवे मिटाकर अधिवक्ता समुदाय एकजुट होकर आगे बढ़ने का काम करते रहेंगे।

# टीबी व संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** सोमवार को विश्व क्षय (टीबी) रोग दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिन पूरे होने पर पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**संचारी रोगों के प्रति भी लोगों को किया गया जागरूक**

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर तैनात सीएच के नेतृत्व में पेसेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सदस्यों के सहयोग से टीबी बीमारी, लक्षण, उपचार और एक अप्रैल से चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रति जागरूक किया गया। पीएचसी पथरदेवा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रभात रंजन ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिन पूरे होने पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंजरिया, सेमरी, गरीब पट्टी, रामपुर शुक्ल, गरीब पट्टी में पीएसपी के सदस्यों सीएचओ, ग्राम प्रधान, आशा संगिनी, आशा, आंगनबाडी, शिक्षक, फाइलेरिया मरीज के सहयोग से टीबी बीमारी व संचारी रोंगो फाइलेरिया, मलेरिया, कालाजार से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। टीबी के लक्षण, जांच और शीघ्र इलाज के बारे में बताया गया। लोगों बताया कि यदि किसी व्यक्ति को टीबी के लक्षण हैं, तो उसे तत्काल नजदीकी के स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएचसी, सीएचसी या जिले पर जांच करानी चाहिए। सरकारी प्रावधानों के अनुसार इन स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। टीबी के लक्षणों को पहचानना बहुत जरूरी है जिससे कि समय से जाँच और इलाज हो सके। जागरूकता शिविर में निक्षय पोर्टल पर आईडी बनाई गई। लक्षण वाले मरीजों की बलगम जांच के लिए पीएचसी पर भेजी गई।

## कथा व्यास ने छठवें दिन गोवर्धन लीला एवं महारास की कथाओं का किया व्याख्यान

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** गुरबक्श गंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बींझे गांव में सत्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन हो रहा है। आपको बता दें कि, ग्राम सभा बींझे में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को सिधौना अमांवा से आई कथा व्यास संध्या भरद्वाज ने प्रमुख रूप से गोवर्धन लीला एवं महा रास जैसी कथाओं का व्याख्यान किया। कथा व्यास ने बताया कि, भगवान ने अपने बाएं हाथ की उंगली पर गोवर्धन को धारण किया और वृंदावन वासियों की रक्षा किया। जब इंद्र ने यह देखा तो इंद्र ने आकर के भगवान श्री कृष्ण से क्षमा मांगी और भगवान ने उनको क्षमा कर दिया। इसके पश्चात भगवान शरद पूर्णिमा के दिन महा रास करते हैं और अंत में भगवान ने कंस का वध किया। कथा व्यास द्वारा विभिन्न प्रसंगों को सुनकर पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोता भाव विभोर हो गए। विदित हो कि महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के जिहवा ग्राम सभा के रहने वाले आनंद मिश्रा द्वारा हो रही संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा के बारे में उन्होंने बताया कि, उनके द्वारा हर दूसरे महीने अलग-अलग स्थानों पर निशुल्क श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर यज्ञशाला के प्रमुख आचार्य पंडित योगेंद्र त्रिपाठी, परिचायक अमरेश शुक्ला, अरुण कुमार त्रिपाठी, यजमान विश्वनाथ सिंह सपत्नीक सुशीला सिंह, सहित करुणा नाथ सिंह, रणविजय सिंह, पारसनाथ सिंह, योगेंद्र नाथ सिंह, सतीश नाथ सिंह, गजेंद्र नाथ सिंह, त्रिभुवन नाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, नागेंद्र नाथ सिंह, वीरेंद्र नाथ सिंह, विभू सिंह, औतंश नाथ सिंह, दीपांशू सिंह, हिमांशू सिंह, जितेंद्र सिंह, रागेन्द्र सिंह, रामू त्यागी सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# बेसिक शिक्षा परिषद वेतन भोगी समिति की सामान्य सभा की बैठक, अंशदान पर सदस्यों को छः फीसदी ब्याज देने का निर्णय

अवधनामा संवाददाता

**गौरीगंज/अमेठी।** बेसिक शिक्षा परिषद, वेतन भोगी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहकारी समिति लिमिटेड,गौरीगंज-अमेठी की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक जे एस रेजीडेंसी -गौरीगंज में धीरेन्द्र प्रताप सिंह,अध्यक्ष/सभापति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दादा सुरेन्द्र बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि दादा चन्द्र हास सिंह रहे।सोसाइटी के सचिव रमा कान्त मौर्य जी ने सोसाइटी के गठन से लेकर वर्तमान तक की सोसाइटी की उपलब्धियों को सभी सदस्यों को अवगत कराया।

रमा कान्त जी ने बताया कि सोसाइटी में वर्तमान में 635 सदस्य हैं, और लगभग-200 लोग ऋण लेकर लाभान्वित हुए है। उप सभापति अब्दुल रसीद ने समिति के निर्णयानुसार जमा हिस्सा की धनराशि पर 6 प्रतिशत ब्याज की दर से सदस्यों को वितरण करने की षोषणा की। बैठक में सोसाइटी के सभापति/अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सोसाइटी के गठन से लेकर सोसाइटी की वर्तमान प्रगति से सदस्यों को अवगत कराया।सोसाइटी पर विश्वास करके सदस्य बनकर सोसाइटी के विकास में सहयोग करने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।सदस्यों की अनिवार्य कटौती पर मिलने वाले व्याज दर को 5.50त्न से बढ़ाकर 6त्न व्याज देने की घोषणा किया।सदस्यों को बताया सोसाइटी सदस्यों को वेतन का 25 गुना व अधिकतम रूपये 20,000,00 (बीस लाख)रूपये ऋण दे रही है। सभी सदस्यों ने ताली बजाकर हर्ष व्यक्त किया।बैठक को सुरेन्द्र बहादुर सिंह, चन्द्रहास सिंह ,डा0हृदय प्रकाश सिंह, राम बख्श प्रजापति, मंजीत यादव, वसीम अहमद,अतुल श्रीवास्तव, वीरेन्द्र कुमार,शशि कुमारी सिंह, संतोष यादव,राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अजय मौर्य,आदि सदस्यों ने अपने विचार रखे।इस अवसर पर सदस्य रहते हुए सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को राम बख्श प्रजापति,गोपाल शंकर मिश्र,विजय नारायण शुक्ला,एवं डा0 हृदय प्रकाश सिंह,को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती, गुरू चरन,अमृता जायसवाल,विभा सिंह, रेनू श्रीवास्तव,ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, राम यश वर्मा,मुमताज अली, राकेश तिवारी,श्याम बहादुर सिंह, अमित पाण्डेय,देवांशु सिंह, प्रवीण कुमार, असगर अली,रविकांत श्रीवास्तव, आशीष मौर्य,विनोद सिंह, विजय सिंह,राम यश,कपिलेश यादव, शैलेन्द्र आनन्द,कपिलेश यादव, दिलीप यादव,विन्द्रा प्रसाद,राजेश मिश्र,बृजराज शुक्ला,रमेश सिंह,महेश मौर्य ,सतीश चन्द्र प्रसाद,एवं अनुराग सिंह सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।संस्थापक शीतला प्रसाद सिंह ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।



**635 शिक्षक समिति के सदस्य, छह साल में बांटे 18 करोड़ रुपये के ऋण**

**सोसाइटी शिक्षकों के लिए आर्थिक वरदान है : धीरेन्द्र**

# रूबी गुप्ता का राज्य स्तरीय फुटबॉल खिलाड़ी के लिए चयन

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** जीके प्वाइंट फुटबाल क्लब बोदरवार में प्रशिक्षण ले रही रूबी गुप्ता (19) ने राज्यस्तरीय फुटबाल खिलाड़ी के रूप में चयनित होकर क्षेत्र तथा जनपद का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर माता पिता सहित क्षेत्रीय लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

सोमवार को जीके प्वाइंट फुटबाल क्लब बोदरवार के परिसर में क्लब की ओर से एक सादा समारोह आयोजित कर राज्यस्तरीय फुटबाल खेल के लिए जूनियर वर्ग में चयनित रूबी गुप्ता को मिठाई खिलाकर तथा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। फुटबाल खेल के लिए चयनित रूबी गुप्ता सरकारी खर्चे पर स्पोर्ट कालेज के हॉस्टल में रहकर फुटबाल खेल के साथ पढ़ाई भी करेगी। खेल प्रशिक्षक धनंजय यादव ने आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा जीके प्वाइंट फुटबाल क्लब में प्रशिक्षण पाए दर्जनों बच्चें नेशनल स्तर पर फुटबाल खेल रहे है। दर्जनों बच्चें क्लब में प्रशिक्षण ले रहे है। भलुही गांव निवासी रूबी गुप्ता के पिता दिलीप गुप्ता, माता पूजा गुप्ता सहित किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नागेन्द्र यादव, शिक्षक महेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, धर्मेन्द्र कुमार जितेश उपाध्याय आदि ने शुभकामना व बधाई दी है।


प्रशिक्षक धनंजय के साथ रूबी गुप्ता

## न्यायाधीशगणों ने किया राजकीय बाल गृह का निरीक्षण

**देवरिया।** न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अध्यक्ष, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, छाया नैन, सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी एवं सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मंजू कुमारी द्वारा राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती छाया नैन द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा आश्रय गृह के प्रपत्रों व्यवस्थित करने हेतु दिशा निर्देश दिया। सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा बाल गृह संरक्षक को निर्देशित किया गया

# उत्तर प्रदेश का लॉजिस्टिक्स की सुलभता के क्षेत्र में तेजी से बढ़े कदम

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के गांवों से लेकर शहरो और दूसरे शहर को जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया गया है। प्रदेश सरकार ने आज गांवो से वस्तुओं को शहरों, मण्डियों तक पहुंचाने के लिए परिवहन की सर्वोत्तम व्यवस्था की है। क्षेत्रीय परिवहन तथा राज्य के प्रत्येक क्षेत्र तक सुगम आवागमन के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में हो रहे अनेक अत्यधिक आधुनिक एक्सप्रेसवेज के निर्माण व विकास से राज्य की सड़क परिवहन की व्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहे हैं। यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे एवं ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के संचालन में यातायात के समय में भारी कमी आई है, साथ ही जिन क्षेत्रों से यह एक्सप्रेसवेज गुजरते है वहां पर व्यापार के अवसरों में वृद्धि हुई है। गोरखपुर को आजमगढ़ से जोड़ने वाला 91 किमी लंबा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पूर्ण होने के अंतिम चरण में है तथा शीघ्र ही प्रारंभ होने की संभावना है। यह लिंक एक्सप्रेसवे न केवल इस क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगा, बल्कि प्रमुख उत्पादन केंद्रों एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बीच महत्वपूर्ण लिंक के रूप में कार्य करेगा।आगामी गंगा एक्सप्रेसवे, बलिया लिंक एक्सप्रेसवे एवं चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे इत्यादि के प्रारंभ होने पर राज्य में यातायात और सुगम होगा तथा राज्य के प्रमुख निर्यात केंद्रों तक आवागमन व उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स सुविधाएं उपलब्ध हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, ये एक्सप्रेसवेज लखनऊ एवं आगरा जैसे प्रमुख महानगरों से दिल्ली तक यात्रा में लगने वाले समय में कमी लाते हुए यातायात को सुचारू करेंगे। इनका क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। इन सभी एक्सप्रेसवेज़ के लिए बिना किसी विवाद के भूमि उपलब्ध कराने बाला त्वरित भूमि अधिग्रहण मॉडल, राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों का द्योतक है एवं अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण भी है। उत्तर प्रदेश में राज्य के भीतर एवं देश के अन्य नगरों महानगरों तक निर्वाध हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध है। प्रयागराज, कानपुर, आगरा, बरेली, हिंडन, अलीगढ़, आज़मगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती और गोरखपुर समेत विभिन्न शहरों में स्थित कुल 16 घरेलू हवाई अड्डों के साथ प्रदेशवासियों, देशवासियों तथा पर्यटकों व आगंतुकों के लिए हवाई यात्रा अब बेहद सुलभ हो गई है। ये हवाई अड्डे उत्तर प्रदेश को देशभर के प्रमुख नगरों एवं महानगरों मे जोड़ते हैं, जिसमे राज्य के आर्थिक विकास एवं पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। घरेलू उड़ानों के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार अब अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों तक उड़ाने संचालित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कुल चार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे संचालित है, जो विश्व के प्रमुख गंतव्यों तक पहुंच प्रदान करते हैं।

# शिक्षकों ने काले बेज पहन कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराया



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गनाइजेशन्स के आवाह्न पर पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के शिक्षकों ने 24 से 26 मार्च तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी विरोध अभियान के प्रथम दिवस पर शिक्षण एवं अन्य महाविद्यालय कार्य किये और शिक्षकों की राष्ट्रीय और राज्य स्तर की मांगों को पूरा करने की मांग की। औटा सदस्य डॉ एमपी सिंह ने एआईफुक्टो के माध्यम से बताया कि प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर पुनर्विचार, एम.फिल. और पीएचडी वेतन वृद्धि को वापस लेने संबंधी यूजीसी अधिसूचना की तत्काल वापसी, यूजीसी ड्राफ्ट रेगुलेशन 2025 को वापसी, अतिथि और तदर्थ शिक्षकों के लिए गरिमापूर्ण वेतन और सेवा शर्तें,प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर की पदोन्नति के लिए पीएचडी की अनिवार्यता की समाप्ति, लाइब्रेरियन और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को अन्य शिक्षकों के समान पदोन्नति और सेवानिवृत्ति लाभ, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों के लिए स्थायी सेवा शर्तें और पद सृजन, शिक्षा बजट को जीडीपी का कम से कम 10: होना आदि। साथ ही, सभी राज्य-स्तरीय मांगों, जैसे रिक्त पदों को भरने, लंबित वेतन और पेंशन के भुगतान को भी पूरा किया जाए। यूजीसी शिक्षकों को अब तक मिली सुविधाओं और सेवा शर्तों को धीरे-धीरे समाप्त कर रहा है और प्रतिदिन नई अधिसूचनाएं जारी कर रहा है जो शिक्षकों और शिक्षा के हितों के खिलाफ़ हैं हम लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे स इस दौरान डॉ विशाल पाठक डॉ प्रेम प्रभाकर, प्रवीण कुमार पालीवाल, पुष्कर सिंह, सुनील कुमार पटेल एवं शालू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 872 रोगियों ने कराया परीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** रविवार को स्टेशन रोड स्थित भरतेश पुरम नसिया जी परिसर में एक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आठ चिकित्सकों ने प्रतिभाग कर मरीजों का परीक्षण किया और निःशुल्क दवा वितरित कर जांच भी कराई गई। शिविर का शुभारंभ सुबह नौ बजे से हो गया। शिविर में परामर्श लेने वाले रोगियों ने सुबह नौ बजे से ही रजिस्ट्रेशन कराना शुरू कर दिया था। जिसमें वरिष्ठ न्यूरो सर्जन निमिष गुप्ता के 188, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष के 105, डॉ. ईशान नेत्र रोग विशेषज्ञ के 182, डॉ.मेघल गोयल हड्डी रोग विशेषज्ञ के 153, डॉ.दीपांश सक्सेना जनरल फिजीशियन के 116, डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव डायबिटीज एवं थायराइड विशेषज्ञ के 106, डॉ. प्रिया यादव स्त्री एवं प्रसूत रोग विशेषज्ञ के 22 रजिस्ट्रेशन हुए। शिविर में कुल 872 पंजीकरण हुए। चिकित्सकों ने सभी का परीक्षण कर परामर्श दिया और आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क जांच भी कराई और दवा वितरित की। एजीलस कंपनी के द्वारा जितने भी रोगी आए, उनकी निःशुल्क जांच कराई गई। शिविर में स्नेहलता जैन, डॉ. रश्मि जैन, प्रदीप कुमार जैन, शरद जैन, वैभव जैन, डॉ संजीव माथुर, डॉ विश्वास शीलेन्द्र जैन एवं समस्त ट्रस्टी उपस्थित रहे। शिविर बाबू शिव प्रसाद जैन (पटवारी) डॉ. चंद्रवीर जैन धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आयोजित कराया गया।

# दावत-ए-इफ्तार में बैठकर दिया भाईचारे का संदेश

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुँगरा बादशाहपुर)** रमजान पाक माह में दिन सोमवार को भाईचारा दृष्टिगत गंगा- जमुनी तहजीब कायम रखने के लिए मुंगरा बादशाहपुर मोहल्ला सराय में मोहम्मद अंसार के जानिब से सपा नेता आज़म राइन के सर परस्ती में भव्य रोजा इफ्तार दावते कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुगरा विधानसभा के विधायक पंकज पटेल उपस्थित होकर रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए, विधायक पंकज पटेल ने कहा कि हिंदुस्तान की यही खूबसूरती बाईचारे को जीवित रखती है, अक्सर देखा जाता है हिंदू के पर्व में मुस्लिम भाई और मुस्लिम के पर्व में हिंदू भाई बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, इसलिए इस भाई चारे को हमेशा ऐसे ही कायम रखते हुए भारत की खूबसूरती और बंधुता को बनाए रखने में देश के सभी प्रबुद्ध लोगों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है इसलिए भाईचारे को और भी मजबूत करने में अपना सहयोग दें, श्याम 6:14 पर जैसे ही अजान हुआ।

हिंदू मुस्लिम सभी ने एक साथ खजूर खाकर रोजा खोला, रोजा के बाद मौलाना वहीद ने नमाज अदा कराया, और देश के अमन चैन और तरक्की के लिए दुआ की 7 विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राज बहादुर यादव, जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष राम अकबाल यादव, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर चौरसिया, आलोक गुप्ता (पिंटू), शैलेन्द्र साहू व अन्य सम्मानित गण उपस्थित हुए, इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहम्मद असफाक, मो सैकलेन, खुर्शीद आलम,डॉक्टर रियाज, डॉक्टर इलियास अहमद, हाजी मोहम्मद असलम, नन्हे राइन, परवेज आलम (लंबू), राम सनेही यादव, प्रवीण सरोज, सुरेश सोनी, राजमुर्ती सरोज, अतहर जिया,आदि लोग शामिल हुए।

# दूधमुंहे बच्चों को ढाल बना भीख मांग रही महिलाएं

- न कोई पता न कोई ठिकाना, प्रशासन भी कर रहा अनदेखा




अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** न स्कूल न शिक्षा और न ही भविष्य का कुछ पता, सरकार की तमाम योजनाओं के होते हुए भी बच्चे भीख मांगने का एक ऐसा माध्यम बन गए हैं। जिनको देखकर लोक भावुकतावश कुछ न कुछ जरूर दे देते हैं। परन्तु भीख देने की यह प्रवृत्ति समाज की मुख्यधारा से अलग कर रही है। साथ ही धारा 163 बीएनएसएस 2023 के तहत भीख मांगने पर प्रतिबद्ध है। भीख मांगने व मंगवाने वाले ऐसे परिजनों का लोगों को बहिष्कार करना चाहिए व इनकी षिकायत करनी चाहिए। जो बच्चों को साथ लेकर दिन भर षहर के चौराहों व बाजारों में यहां वहां भीख मांगते रहते हैं तथा भीख मांगने को ही अपना व्यवसाय बनाने वाले यह लोग बाजारों और गलियों मौहल्लों में अधिक देखे जाते हैं। अज्ञात स्थानों से आने वाली यह महिलाएं बच्चों को गोद में उठाकर अलसुबह टोलियां बनाकर बाजारों, चौराहों पर भीख मांगने निकल पड़ते हैं।

दुकानदारों व शहरवासियों का कहना है कि अपने छोटे बच्चों को खासकर महिलाएं झोली बनाकर उसमें दूधमुंहे बच्चे को लटकाकर और उन्हें दयनीय स्थिति में रखकर उन पर अत्याचार करती हैं। बच्चों को स्कूल में न भेजकर उनसे भीख मंगवाते हैं। लोगों का कहना है कि यदि भीख मांग रही महिलाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी तभी यह सिलसिला कम होगा। आपको बता दें कि जनपद भर में कई स्थानों पर झोली में लटके हुए बच्चे के साथ भीख मांगती महिलाओं को अक्सर देखा जाता है कई बार प्रशासन के लोगों से यह महिलाएं भी भीख मांगती हैं लेकिन प्रशासन इस गतिविधि को अनदेखा कर रहा है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर टोलियां बनाकर यह महिलाएं कहां से आती हैं। अगर बात करें तो आज तक किसी भी महिला से जांच पड़ताल नहीं की गयी। उनकी झोली में जो बच्चा मौजूद है वह उन्हीं का है या फिर नहीं। कई अन्य षहरों में पूर्व में देखने को मिला है कि बच्चों को ढाल बनाकर भीख मांगने वाले इन महिलाओं का एक गैंग होता है। जो बच्चों को किराए पर लेकर उनकी आड़ में भीख मांगने का यह व्यवसाय करती हैं। अगर प्रषासन इस ओर ध्यान देगा तो अवष्य ही चिन्ताजनक परिणाम सामने आएंगे।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

संख्या- 1401/न0पा0प0/2024-2025 दिनांक-24/03/2025

### ई-निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद कन्नौज निर्माण कार्य कराना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मो से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Publishing Date | 26-03-2025 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 26-03-2025 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 26-03-2025 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 28-03-2025 | 02:00 PM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 28-03-2025 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 28-03-2025 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 07-04-2025 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 07-04-2025 | 03:00 PM |

**Tender Reference Number -2024-25/12 ET and 16 ET**

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यो का विवरण उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD), निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 26.03.2025 प्रातः 09.00 बजे से देखा का सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है।

निविदा खोलने

**(अनिल कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी/ टेण्डर कमेटी अध्यक्ष**

**(मुन्नी देवी)**
**न.पा.प. गुरसहायगंज**



# अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन ने किया पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन में पुलिस लाइन स्थित नवीनीकृत प्राथमिक उपचार स्वास्थ्य केन्द्र, नवीनीकरण जिला भोजनालय मैस, क्वार्टर गार्द रैलिंग व क्वार्टर गार्द के सामने नवनिर्मित सीसी रोड़ का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में जनपद फिरोजाबाद का वार्षिक निरीक्षण किया गया है जिसमें द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित पत्र व्यवहार शाखा, आंकिक शाखा, अपराध शाखा (वाचक), महिला सहायता प्रकोष्ठ, विशेष जाँच प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, मॉनीटरिंग सेल, आईजीआरएस शाखा, रिकॉर्ड रूम, वीआईपी सेल, चुनाव सेल, रिट सेल, बाल किशोर यूनिट, जन सूचना प्रकोष्ठ आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में द्वारा पुलिस लाइन स्थित नवीनीकृत प्राथमिक उपचार केन्द्र, नवीनीकरण जिला भोजनालय मैस एवं क्वार्टर गार्द रैलिंग व क्वार्टर गार्द के सामने नवनिर्मित सीसी रोड़ का उद्घाटन किया गया। साथ ही द्वारा पुलिस लाइन क्वार्टर गार्द व आर्मरी का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन में नवनिर्मित / नवनिर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में जनपद में ट्रेनिंग हेतु आने वाले रिक्रुट पुलिसकर्मियों की समुचित व्यवस्था हेतु आरटीसी बैरकों का भी निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा पुलिसकर्मियों की बहन / बेटियों की शादियों के दृष्टिगत कन्यादान के रूप में सभी को कूलर प्रदान किए गए। तत्पश्चात जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों संग पुलिस लाइन स्थित सभागार में मीटिंग आयोजित करते हुए अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने, जनसुनवाई को प्रभावी बनाने, महिला सशक्तिकरण / सुदृढ़ीकरण, महिला सम्बन्धी अपराधों में कड़ी कार्यवाही, साइबर अपराध, आदतन अपराधियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्यवाही करने एवं जनपद में आगामी त्यौहारों नवरात्रि व ईद को सकुशल सम्पन्न कराने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# थाना रामगढ़ के निर्माण कार्य का शिलान्यास



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** 702.03 लाख से निर्मित किए जा रहे थाना रामगढ़ के निर्माण कार्य का शिलान्यास सदर विधायक मनीष असीजा और जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया, यह थाना तीन मंजिला होगा, जिसमें सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं थाना प्रभारी को प्रदान की जाएगी, इस थाने के बनने से यहां के लोगों को अत्यंत राहत मिलेगी और आसपास के क्षेत्र में हो रहे अपराधों पर भी नियंत्रण किया जा सकेगा, इसका निर्माण दो सालों में पूरा किया जाना है, इसकी कार्यदायीं संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड है।

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का आगमन

**बहराइच।** उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती चारू चौधरी के जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. उपाध्यक्ष 24 मार्च 2025 को रात्रि 11:00 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगी। मा. उपाध्यक्ष 25 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 10:30 बजे महाराज सिंह इण्टर कालेज पहुंचकर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 08 वर्ष एवं केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 03 दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।

यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. उपाध्यक्ष अपनी सुविधानुसार 25 मार्च 2025 को जनपद संतकबीरनगर के लिए प्रस्थान कर जायेंगी।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांक :- 1804 /2ए/2024-25 दिनाँक :- 21-03-2025

### ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी ए, बी, सी एवं डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | (विशेष मरम्मत कार्य) | | | | | | | |
| 1 | अहदा-बिरसिंहपुर-दियरा-लम्भुआ मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग संख्या-189ई) के किमी0 26 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 2 | एल0बी0 मार्ग किमी0-169 से बेलवारी के सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 1.60 | 0.16 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 3 | बुलाकी का पुरवा (मलवा) के सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 एवं 2 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 1.72 | 0.17 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 4 | डीह डग्गूपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0-3 एवं 4 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.73 | 0.27 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 5 | गड़ौली सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 एवं 2 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 3.29 | 0.33 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 6 | हयातनगर मधुवन सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 3.13 | 0.31 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 7 | लखपेड़वा पलिया सम्पर्क मार्ग के किमी-4,5,6 एवं 7 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.13 | 0.21 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 8 | मल्हौटी (नानेमऊ) सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 1.30 | 0.13 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 9 | निहनवा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 1.12 | 0.11 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 10 | पुरूषोत्तमपुर पिच रोड से अहदा होते हुए पी0एम0जी0एस0वाई0 सम्पर्क मार्ग में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 4.33 | 0.43 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 11 | एल0बी0 मार्ग किमी-149 से सिरवारा सम्पर्क मार्ग के किमी 2 एवं 3 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.90 | 0.29 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |

➤ विल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 26.03.2025 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 31.03.2025 की अपराह्न12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 09.03.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 31.03.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https //etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,**
**सुलतानपुर**

UPID-231605 Dated-21-03-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध



# डीपीएस और विजकिड्ज़ की ग्रेजुएशन सेरेमनी संपन्न

वहाज अली निहाल

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के नवीन सत्र के शुभारंभ के अवसर पर नन्हें मुन्ने लिटिल चैंप्स की भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि। श्रीवास्तव, चेयरमैन डीपीएस डॉ विवेक यादव, वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव, प्रिंसिपल भावना सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रिंसिपल भावना सिंह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवम अभिभावकों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया। मुख्य अतिथि एडीएम, इटावा अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को मंच से आशीर्वाद देकर उनका उत्साहवर्धन किया। चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने कहा कि, आप सभी अभिभावकों का अटूट विश्वास ही डीपीएस की पहचान है, इसीलिए हम इटावा जनपद में ही आपके बच्चों को खेल और विज्ञान की सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ साथ सर्वश्रेष्ठ शिक्षा भी उपलब्ध करा रहे है। अगले क्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल के यूकेजी, एलकेजी, प्री प्राइमरी, प्राइमरी सहित विजकिड्ज़ स्कूल के नर्सरी प्री नर्सरी के भी सैकड़ों बच्चों ने मंच से एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी को स्तब्ध कर दिया। रंग बिरंगी पोशाकों में सजे लिटिल चैंप्स ने कई मधुर गीतों पर अपना शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावकों की खूब तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि अभिनव रंजन श्रीवास्तव, । श्रुति श्रीवास्तव, डॉ विवेक यादव डॉ प्रीति यादव ने संयुक्त रूप से बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ मंच पर आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर अपना आशीर्वाद दिया। ग्रेजुएशन सेरेमनी समारोह में डीपीएस नर्सरी के बच्चों ने शिक्षिका अंजू यादव के निर्देशन में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद रीतू वर्मा के निर्देशन में यूकेजी (लोटस) के बच्चों ने शानदार ग्रेजुएशन वॉक प्रस्तुत की। इसी क्रम में विजकिड बलराम सिंह ब्रांच के नर्सरी के बच्चों ने भारतीय संस्कृति से जुड़ी राम सिया राम सॉन्ग पर आध्यात्मिक प्रस्तुति दी।



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | ओवरहालिंग ऑफ नॉर–ब्रेम्से (इंडिया) मेक एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम ऑफ एल० एच० बी० कोचेस। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 6,67,48,064.00 मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 4,83,800/- मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 29.03.2025 से 12.04.2025 समय 12:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट –www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट –www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |

निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.– सी एंड डब्लू ईनिविदा – 18 दिनाँक: 21.03.2025 904/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अवधनामा



# झांसी की खरवॉच खदान से हमीरपुर सीमा में ओवरलोड ट्रकों की धड़ल्ले से निकासी, राजस्व को भारी नुकसान

- चेकपोस्ट की अनदेखी, खुलेआम चल रहा खेल
- हमीरपुर की सड़कों को हो रहा नुकसान
- राजस्व में करोड़ों की हेराफेरी का शक
- क्या होगी प्रशासन की अगली कार्रवाई?

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुरः** झांसी जनपद के खरवाच खंड संख्या-3 की मोरम खदान से ओवरलोड ट्रकों की अवैध निकासी लगातार जारी है, जिससे हमीरपुर जनपद को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। हमीरपुर सीमा के भीतर बैरियर व धर्म काटा लगा कर धडल्ले से निकासी की जा रही है इन ओवरलोड मोरम लदे ट्रकों के कारण जहां सड़कों की हालत खराब हो रही है, वहीं शासन-प्रशासन को भी करोड़ों रुपये के राजस्व की चपत लग रही है। सूत्रों के अनुसार, झांसी की खरवाच खदान खंड संख्या 03 से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक ओवरलोड होकर हमीरपुर के रास्ते विभिन्न जिलों तक पहुंच रहे हैं। हालांकि, परिवहन विभाग और पुलिस की चेकपोस्टों पर इन ट्रकों की कोई सख्त जांच नहीं हो रही है। ऐसा माना जा रहा है कि कुछ अधिकारी और खनन माफिया की मिलीभगत के चलते यह अवैध गतिविधि जारी है। हमीरपुर के मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। ओवरलोड ट्रकों के कारण गड्ढे बढ़ते जा रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों और अन्य वाहनों के लिए सफर करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में धूल और प्रदूषण की समस्या भी गंभीर रूप ले रही है।

खनन नियमों के मुताबिक, ट्रकों को निर्धारित वजन से अधिक मोरम लादने की अनुमति नहीं होती, लेकिन यहां खुलेआम ओवरलोडिंग हो रही है। यदि नियमानुसार खनन और परिवहन किया जाए तो सरकार को लाखों-करोड़ों का राजस्व मिल सकता है, लेकिन अवैध तरीके से हो रही निकासी से यह पैसा माफिया और भ्रष्ट अधिकारियों की जेब में जा रहा है।

अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और खनन विभाग इस मुद्दे को लेकर क्या कार्रवाई करता है। क्या झांसी के खंड संख्या 03 से ओवरलोड ट्रकों की जनपद हमीरपुर से निकासी पर रोक लगेगी या फिर राजस्व को होते नुकसान और जनता की परेशानी को अनदेखा कर यह खेल यूं ही चलता रहेगा? यह सम्बन्ध में जब खनिज अधिकारी हमीरपुर से फोन पर सम्पर्क किया गया तो उन का फोन बन्द बताता रहा। खनिज इन्स्पेक्टर पंकज कुमार से भी फोन द्वारा सम्पर्क किया गया तो उन के द्वारा फोन नही उठा गया।

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज किया गया चोरी का मुकदमा

**सुमेरपुर हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस में 8 दिन बाद वकील के घर हुई चोरी का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की है। इसमें गांव के एक युवक सहित तीन अज्ञात को नामजद किया गया है।

गत 17 मार्च की रात सिमनौडी निवासी रामकिशुन यादव एडवोकेट के घर से अज्ञात चोर 20 हजार की नगदी के साथ करीब 20 लाख कीमत के सोने चांदी की जेवरात चोरी करके फरार हो गए थे। पीडित ने 18 मार्च को पुलिस को तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। पुलिस ने जांच के नाम पर टरका दिया था। इसके बाद पीडित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। इस तहरीर में पीडित ने गांव के धर्मेंद्र उर्फ़ धन्नू सहित तीन अज्ञात पर चोरी करने का आरोप लगाया था। पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर धर्मेन्द्र उर्फ धन्नू को नामजद करके मुकदमा दर्ज किया है।

# शराब ठेका हटाने को लेकर नागरिक उतरे सड़कों पर



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** कस्बा सरीला के कई दर्जन नागरिकों ने आए दिन शराब ठेके के पास हो रहे शराबियों से विवादों के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी सरीला को शिकायती पत्र देकर ठेका देशी शराब नंबर 1 मुहल्ले से हटाकर अन्य जगह स्थानान्तरित करने की मांग की है। कस्बा सरीला निवासीया पूनम, पार्वती, रामदेवी ,हंस कुमारी, राजा, नीता, सुमन साहू, केश रानी सहित दर्जनों महिलाओ ने उप जिलाधिकारी सरीला को दिए शिकायत पत्र में बताया कि देशी शराब ठेका नंबर 1 के पास महिलाए तालाब जाती है आसपास बैंक, रविदास मंदिर सहित कई प्रतिष्ठान है जिसमें ठेका के पास आए दिन शराबियों द्वारा उत्पात मचाया जाता है जिससे महिलाओ बच्चों के साथ स्थानीय मुहल्ले के लोगों को विवादों और शराबियों से समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए जनहित को देखते हुए ठेका को अन्य जगह स्थानान्तरित करवाया जाए स्थानीय लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर जमकर ठेका के विरोध में पहले नारेबाजी की और तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी सरीला को शिकायत की हालांकि उप जिलाधिकारी सरीला ने कहा कि उन्होंने विभाग को समस्या से अवगत करवा दिया है विभाग से कहा गया है जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा और ठेका को अनयंत्र स्थानान्तरित करवा दिया जाएगा।

## रहस्यमय तरीके से मां बेटा गायब, शिकायत क्षेत्राधिकारी से

**मौदहा हमीरपुर।** होली पर मायके गई विवाहिता ससुराल लौटते समय रहस्यमय तरीक़े तरीके से मासूम बच्चे सहित गायब हो गई जिसपर विवाहिता के पति ने क्षेत्राधिकारी को नामजद आरोपी के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बिंवार थाना क्षेत्र के महेरा निवासी ब्रजेश पुत्र जगराम ने क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पत्नी रचना पांच साल के पुत्र को लेकर होली के दौरान मायके खरेला गई थी और बीते बीस मार्च को वापस लौट रही थी तभी रास्ते से गायब हो गई।महिला के पति ने बताया कि इस मामले को लेकर उसने इसरार के विरुद्ध नामजद शिकायत की थी लेकिन उसके बाद उसकी पत्नी ने मौदहा के अरतरा चौराहा निवासी राजू पुत्र अज्ञात को मोबाईल नम्बर 4488 से फोन आया जिसपर उसकी पत्नी कह रही थी कि मुझे बचा लो मेरी जान को खतरा है इसी के साथ फोन कट गया।जिसपर पीड़ित ने अपनी पत्नी के गायब होने पर राजू का हाथ होने की भी आशंका जताई है।इस सम्बंध में थाना प्रभारी बिंवार ने बताया कि वह तीन दिन से बाहर थे इसलिए उन्हें ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है लेकिन अगर ऐसा मामला है तो जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# दिव्य पालिकी यात्रा के साथ मनाया गया जन्मोत्सव

अवधनामा ब्यूरो



**जसवंतनगर, इटावा।** प्रथम तीर्थकर इच्वाकु वंश के संस्थापक, आदिब्रह्मा श्री आदिनाथ स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव रविवार को नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।सर्वप्रथम सुबह श्री आदिनाथ भगवान की पालकी यात्रा निकाली गई।पालकी यात्रा में मनोहारी प्राचीन आदिनाथ भगवान की दिव्य प्रतिमा को पालकी में बिठाकर नगर भ्रमण हुआ।इस दौरान सैकड़ो की तादाद में जैनधर्म अनुयायी ने पीत वस्त्र धारण कर बारी-बारी से पालकी को अपने कंधों पर ढोल की थाप पर थिरकते हुए चल रहे थे एवं महिलाएं पीली साड़ी में भगवान के जन्मोत्सव के भजनों का गायन करती दिखी, और बच्चे भगवान के जयकारे लगा रहे थे जैन मंदिर से निकली यात्रा नगर भृमण करती हुई वापस जैन मंदिर पर सम्पन्न हई।पालकी यात्रा पश्चात श्री जी का जन्म कल्याणक पर अभिषेक दिव्य शांति धारा करने का महा सौभाग्य मनोज जैन प्रवीण जैन एवं राजकमल चिराग जैन परिवार को प्राप्त हुआ। क्रमशःचार इंद्र दिव्य जैन, आकर्ष जैन, मोक्ष जैन, नानू जैन रहे।दोपहर के समय मे मंदिर प्रांगण में जन्मोत्सव के मंगल भजन में भगवान के गुणों का गायन किया गया।संध्या के समय पालना झूला कार्यक्रम आरती भक्ति भजन व आदिनाथ भगवान के जीवन से सम्बंधित प्रश्न मंच कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम उपरांत इच्छुक रस व मिष्ठान वितरित कर कार्यक्रम पूर्ण सम्पन्न हुआ।इस दौरान सकल दिगंबर जैन समाज के साथ महिला मुमुक्षु मंडल का विशेष सहयोग रहा।

## दबंगों के उत्पीड़न से परेशान युवक अनशन पर बैठा

**हमीरपुर।** मौदहा कस्बे सहित क्षेत्र के भूमाफिया, हिस्ट्रीशीटर दबंगों द्वारा मांगी जा रही रंगदारी और दबाव बनाकर कराए गए जमीन के बैनामा से परेशान पीड़ित ने तमाम आलाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई थी लेकिन कार्यवाही नहीं होने के बाद पीड़ित युवक ने जिला मुख्यालय स्थित गोल चबूतरे पर अनशन शुरू कर दिया है। मौदहा कस्बे के मोहल्ला उपरौस निवासी कमरुद्दीन पुत्र रफीउल्ला ने भूमाफिया, दबंग और हिस्ट्रीशीटर अपराधी मुईनुद्दीन जुम्मू, आफ्ताब सहित सहयोगी हुसैनिया निवासी सईद उददीन,दानिश इकबाल और साबरा परवीन, सिजनौडा निवासी वीरेंद्र कुमार के विरुद्ध उच्च न्यायालय के स्टे के दौरान फर्जी समझौता कर दबाव बनाते हुए जमीन के बैनामा कराने, लगान के रूप में रंगदारी वसूलने के साथ ही खड़ी फसल नहीं काटने देने सहित जान से मारने की धमकी देने की शिकायत मण्डल स्तर तक के अधिकारियों से लिखित रूप में की थी लेकिन कार्यवाही नहीं होने के कारण दबंगों के हौसले और बढ़ गए जिससे आहत होकर पीड़ित युवक ने जिला मुख्यालय स्थित गोल चबूतरे पर अनशन शुरू कर दिया। पीड़ित कमरुद्दीन ने बताया कि सोमवार सुबह से उसने अनशन शुरू किया है जो कार्यवाही होने के बाद ही खत्म होगा और अगर कार्यवाही नहीं होती है तो वह घोषणा कर इस अनशन को आमरण अनशन में बदल देंगे।

# भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर हमीरपुर में शानदार तीन दिवसीय कार्यक्रम होगें आयोजित

हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश अब सिर्फ अपनी ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक धरोहर के लिए ही नहीं, बल्कि भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। हाल के वर्षो में बुनियादी ढांचे, उद्योग, निवेश और स्टार्टअप के क्षेत्र में राज्य ने जबरदस्त प्रगति की है, जिससे यह देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला प्रमुख राज्य बन गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक्सप्रेसवे, मेट्रो, एयरपोर्ट और लॉजिस्टिक्स पार्क के विस्तार पर लगातार निवेश किया जा रहा है।

बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विकास। गंगा एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट न केवल प्रदेश को आपस में जोड़ रहे हैं, बल्कि औद्योगिक निवेश को भी बढ़ावा दे रहे हैं। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण से उत्तर भारत में व्यापार और पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी। निवेश और उद्योग में जबरदस्त उछाल। उत्तर प्रदेश सरकार की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में ?35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिससे लाखों नौकरियां पैदा होने की संभावना है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा अब देश के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स और स्टार्टअप हब बन रहे हैं। डिफेंस कॉरिडोर से राज्य में रक्षा उपकरण निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

**कृषि और एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा।**

एक जिला, एक उत्पाद (ODOP) योजना के तहत स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे हजारों छोटे व्यवसायों को नई पहचान मिली है।कृषि में डिजिटल टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप्स की बढ़ती भागीदारी से किसानों की आमदनी बढ़ रही है। इसी क्रम में प्रदेश के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर *यूपी : भारत का ग्रोथ इंजन* थीम पर मुख्यालय स्थित चौरा देवी ग्राउंड में कल आज 25 मार्च से 27 मार्च तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे । इस कार्यक्रम का शुभारंभ आज दिनांक 25 मार्च को जनपद के माननीय प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद द्वारा किया जाएगा । उक्त कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है ।डीएम घनश्याम मीना ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनपद वासियों को पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ लेने हेतु अपील की है।

कार्यक्रम को पूरे भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा ताकि आम जनमानस को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कार्यक्रम में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के संबंध में जिले में हुए कार्यो का प्रदर्शन , किसान समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवा,युवा वर्ग,समाज कल्याण, व्यापारी वर्ग, रोजगार ,यातायात जागरूकता , एमएसएमई से संबंधित स्टॉलों /प्रदर्शनियों पर विशेष फोकस होगा। ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में 25, 26 और 27 मार्च को कुल 06 सेशन में मुख्यालय स्थित चौरा देवी ग्राउंड में पूरी भव्यता के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। प्रत्येक दिन दो सेशन आयोजित किए जाएंगे । पहला सेशन प्रातः 10:00 बजे से तथा दूसरा सेशन शाम 5:00 से आयोजित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अंजुमन स्कूल में हुआ रोज़ा इफ्तार



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** इक्कीस रमज़ान मुबारक को शहर के अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में रोज़ा इफ्तार का आयोजन हुआ जिसमे शहर के लोगों के अलावा स्कूल के छोटे-छोटे रोज़ेदार बच्चों ने भी रोज़ा इफ्तार कर मुल्क की खुशहाली, तरक़्क़ी व अमनो-अमान के वास्ते खुदा तआला की बारगाह में दुआये की। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर, कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी, मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी, मौलाना ज़ाहिद रज़ा, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आमिर, सिराज आलम, मोहम्मद साजिद एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रमाण पत्र वितरित किए गए



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** पार्टी कार्यालय पर रविवार को प्रदीप शाक्य बबलू जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी की अनुमति में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजकिशोर भोजवाल के द्वारा सौंपे गए प्रमाण पत्र। जिसमे जिला मीडिया प्रभारी विमल राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष महेवा राधे यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवा राजपूत को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने सभी पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर वीरभान सिंह भदौरिया जिला महामंत्री, लीलावती राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा, सर्वेश शाक्य पूर्व प्रत्याशी सदर, के.पी.सिंह शाक्य प्रदेश सचिव, जिला उपाध्यक्ष चच्चू शुक्ला, के के यादव वरिष्ट सपा नेता, गंगाराम कुशवाह, प्रवीन कुशवाह नगर अध्यक्ष हिमांशु राठौर, जिला सचिव अंकुर यादव, बिक्की राजपूत, विक्की गुप्ता मीडिया प्रभारी, सुरजीत यादव, रामजी तिवारी, विकास राठौर, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने मनाया होली मिलन




**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल(पूर्व माध्यमिक)शिक्षक संघ द्वारा शक्ति धाम मैरिज होम में होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता अन्नू मुख्य अतिथि का अभिनंदन व स्वागत किया गया और जिसमें सभी शिक्षकों शिक्षिकाओं ने एक दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। अरुण गुप्ता ने कहा शिक्षकों के हित मे वह हमेशा साथ खड़े थे खड़े है और रहेगें। कार्यक्रम में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी महामंत्री अहसान अहमद प्रांतीय उपाध्यक्ष गौरव पाठक निवर्तमान मण्डल महामंत्री मंजुल चतुर्वेदी संजय तिवारी मोहम्मद यूसुफ राघवेंद्र दीक्षित, अवनीश अवस्थी, दिलीप वर्मा, राधा कृष्ण, ब्लाक अध्यक्ष विनय दीक्षित राजेश जादौन अच्युत त्रिपाठी राजेश मिश्रा राघवेंद्र शुक्ला रवि तिवारी उमेश कुमार आशीष पोरवाल आकांक्षा पांडेय आलोक चौहान अतहर हुसैन राजीव त्रिपाठी विपिन चौहान, देवेश त्रिवेदी अवधेश राठौर संजय भदौरिया, विनोद राजपूत, आकाश दीक्षित महेंद्र चौहान विनायक पांडेय सतेंद्र प्रमोद यादव मनोज तिवारी, मनोज संख्यवार, रविन्द्र पालीवाल शशिकांत, पूनम त्रिपाठी मेघा निशा शुक्ला कमलाकांत विजय तिवारी अनार सिंह जितेंद्र कुमार मोहम्मद वसीम आदि उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी रिहंद द्वारा शिक्षा एवं जल संरक्षण को बढ़ावा



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व (CSR) पहल के अंतर्गत E- voice रिहंद के सहयोग से समीपवर्ती क्षेत्र के शैक्षिक संस्थान में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, कार्यकारी निदेशक (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव, नें उपस्थित बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए, एवं विश्व जल दिवस के अवसर पर शपथ भी दिलाई और जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में छात्राओं नें सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया, जिसे अतिथियों ने बहुत सराहा। मुख्य अतिथि नें अपने संबोधन में E- voice रिहंद द्वारा एनटीपीसी रिहंद की सीएसआर पहल के तहत किए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की और बच्चों की शिक्षा और सामुदायिक विकास के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को भी सराहा। साथ ही मुख्य अतिथि नें उपस्थित बच्चों को जल का महत्व समझाया, एवं जल संरक्षण के तरीके बताए। एनटीपीसी रिहंद की यह पहल न केवल बच्चों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करने में सहायक रही, बल्कि समाज में जल संरक्षण और सामुदायिक विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी एक प्रभावी माध्यम बनी।

## एनटीपीसी रिहंद की टीम ने जीता अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 का खिताब




**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में आयोजित अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत उत्तरी क्षेत्र बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य समापन शनिवार को संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता 17 से 22 मार्च 2025 तक चली, जिसमें एनटीपीसी रिहंद, विंध्याचल, सिंगरौली, टांडा, ऊंचाहार, दादरी और मेजा की टीमों ने प्रतिभागिता की। 21 मार्च को आयोजित सेमीफाइनल मुकाबलों में विंध्याचल एवं मेजा और रिहंद एवं टांडा के बीच रोमांचक खेल देखने को मिला, जिसमें विंध्याचल और रिहंद की टीमें विजयी होकर फाइनल में पहुँचीं। फाइनल मुकाबले में एनटीपीसी रिहंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-1 से जीत दर्ज कर चैंपियनशिप अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि, कार्यकारी निदेशक (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव नें विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नें अपने सम्बोधन में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों के कौशल को निखारते हैं, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और खेल भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सीएसआर योजना के तहत आयोजित त्रैमासिक कंप्यूटर प्रशिक्षण तथा जेसीबी ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह दिनांक 24.03.2025 को स्थानीय कर्मचारी विकास केंद्र, एनटीपीसी सिंगरौली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज उपस्थित रहीं।

इस दौरान कुल 45 ग्रामीण युवक-युवतियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं 30 ग्रामीण युवक-युवतियों जेसीबी ऑपरेटर प्रशिक्षण में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। राजीव अकोटकर ने उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी और कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं एवं युवतियों को समकालीन दौर के रोजगार के लिए तैयार करने मे एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

एनटीपीसी सिंगरौली के मानव संसाधन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को तकनीकी कौशल से युक्त कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में पूरे आत्मविश्वास के साथ सम्मिलित हो सकें। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), रश्मि रंजन मोहंती, अपर महाप्रबंधक, (तकनीकी सेवाएँ), सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डी. एन. पाण्डेय, उप महाप्रबंधक (प्लांट सिविल मेंटेनेंस), तथा वनिता समाज की सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन कुमार आदर्श, कार्यपालक (सीएसआर) तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया। समारोह में उपस्थित सभी महानुभावों ने इस पहल की सराहना की और इसके आगामी संस्करणों की सफलता की कामना की।

## एनटीपीसी सिंगरौली में विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल आयोजन

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में गत सप्ताह 17 से 22 मार्च 2025 तक विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों और अन्य प्रतिभागियों को संगठनात्मक मूल्यों, नेतृत्व कौशल, और व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। इन प्रशिक्षण सत्रों का संचालन कृति दास, प्रबंध निदेशक एवं अभिलाषा दास, तकनीकी सहयोगी, मानव अध्ययन केंद्र, भुवनेश्वर द्वारा किया गया। यह सारे दिनों के कार्यक्रम ऑफलाइन मोड में आयोजित किए गए। दिनांक 17 और 18 मार्च को 'कोर वैल्यू एक्क्षुअलाइजेशन' विषय पर चार सत्र आयोजित किए गए, जिनमें एनटीपीसी सिंगरौली के विभिन्न विभागों के कुल 209 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों में संगठनात्मक मूल्यों को आत्मसात कराना और कार्यस्थल पर उनकी प्रभावशीलता को बढ़ाना था।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता


**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत निः शुल्क हृदय, न्यूरोलोजी, किडनी, हड्डी एवं कैंसर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा से डॉ. राघव केसरी (कैंसर रोग विशेषज्ञ), डॉ. अक्षय शीरोडकर (न्यूरोलोजी विशेषज्ञ), डॉ. आकाश कुमार (किडनी रोग विशेषज्ञ), डॉ. दीपांकर वत्स (हृदय रोग विशेषज्ञ ) एवं डॉ. मुकेश शारकर (हड्डी रोग विशेषज्ञ)ने न्यूरोलोजी संबंधी, हृदय रोग, फेफड़ों से संबंधी रोग, हड्डी रोग एवं कैंसर संबंधी समस्याओं के आधार पर उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस शिविर में 136 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। एनसीएल एनएससी ने ग्राम अजगूढ़ में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एनसीएल एनएससी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम अजगूढ़ में गत रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. अलीम मंसूरी (मेडिसिन), डॉ. अखिलेश कुमार (मेडिसिन), डॉ. स्वपना रानी (स्त्री रोग) एवं डॉ. सत्यम (जनरल मेडिसिन) ने उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया।

# हिण्डाल्को में ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों के सम्मान में सारथी उत्सव- 2025 का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को के मल्टी फैसिलिटी हॉल में ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों के सम्मान में सारथी उत्सव- 2025 का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिण्डाल्को रेणुकूट क्लस्टर के मुखिया समीर नायक एवं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात् हॉल में मौजूद सभी ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों समेत कर्चारियों एवं अधिकारियों ने सुरक्षित रहने के लिए शपथ ली। इस मौके पर ड्राइवरों को संबोधित करते हुए समीर नायक ने कहा कि सारथी उत्सव सिर्फ उत्सव का मंच नहीं बल्कि ये आप के समर्पण को मान्यता देने और आप की भलाई का भी मंच है। हमारा उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जहां आप अपने को खुद सम्मानित एवं मूल्यवान महसूस कर सकें। वहीं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी लोग हमारे बिजनेस का हिस्सा हैं। ट्रांसपोर्टेशन देश की प्रगति की नींव है। आप सभी का हिण्डाल्को पर बहुत बड़ा एहसान है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुआ कहा कि ऐसे ही आप लोगों की जिन्दगी हमेशा मुस्कुराती रहे।वहीं कॉमर्शियल हेड रवि गुप्ता ने चालकों का इकॉनॉमी के विकास में महत्व दर्शाते हुए कहा कि, आप सभी देश की इकोनॉमी का पहिया हो, जिस दिन यह रूक गया उस दिन सब कुछ बंद पड़ जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ड्राइवर्स के लिए कई तरह के जागरुकता फैलाने वाले खेलों का भी आयोजन किया गया तथा स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। अंत में चालकों और ट्रांसपोर्टरों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान ईआर हेड अजय सिन्हा, सुरक्षा विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित शर्मा (सेनि.), परिवर्तन हेड राजीव झुनझुनवाला, प्रशासनिक एवं जनसर्म्पक विभाग प्रमुख यशवंत कुमार, लॉजिस्टिक विभाग के प्रबंधक मनवीर आजाद समेत पूरी लॉजिस्टिक की टीम मौजूद रही।




- देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में प्रथम
- 56 लाख+ परिवारों के लिए पक्के आवास
- पीएम किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन में प्रथम
- 1.86 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन का वितरण
- स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि ऋण वितरण में प्रथम
- सर्वाधिक 2.75 करोड़ शौचालयों का निर्माण

# उत्तर प्रदेश नं. 1

- 15 करोड़ नागरिकों को नि:शुल्क राशन का वितरण
- 60 लाख माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना सहायता
- 1.58 करोड़ घरों को नि:शुल्क बिजली कनेक्शन
- 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
- 9.57 करोड़ लोगों का जन धन बैंक खाता
- 1 करोड़ परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित

## खुशहाल किसान, यूपी की पहचान

- पहली कैबिनेट का पहला निर्णय: ₹36,359 करोड़ का फसल ऋण मोचन, 94 लाख किसान लाभान्वित
- खाद्यान्न उत्पादन : वर्ष 2016-17 में 557.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 668.39 लाख मीट्रिक टन (20% वृद्धि)
- सिंचन क्षमता : वर्ष 2017 तक 82.58 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 131 लाख हेक्टेयर, 976 परियोजनाएं पूर्ण
- रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान : 2017 से अब तक ₹2.80 लाख करोड़ का भुगतान, पिछले 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से ₹66 हजार करोड़+ अधिक
- चीनी मिल : 3 नयी चीनी मिल, 6 चीनी मिलों का पुनर्संचालन, 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार
- अनाज खरीद : बिचौलियों को बाहर किया, ₹43,424 करोड़ गेहूं मूल्य एवं ₹88,746 करोड़ धान मूल्य का भुगतान
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना : 2.86 करोड़ किसानों को ₹80,000 करोड़+ हस्तांतरित
- प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत 73,924 सोलर पंपों की स्थापना

## सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश

- महिलाओं के लिए पुलिस में 20 प्रतिशत पद, 1.38 लाख+ को सरकारी नौकरी
- 10 लाख+ स्वयं सहायता समूह से 1 करोड़+ महिलाओं को रोजगार
- महिला वर्क फोर्स : 2017 में 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 35.1 प्रतिशत हुआ
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन, होली व दीपावली पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर रीफिल
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना : 22.11 लाख बालिकाएं लाभान्वित
- निराश्रित महिला पेंशन योजना : 33.55 लाख महिलाएं लाभान्वित
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : 4.22 लाख जोड़ों का विवाह संपन्न, धनराशि ₹51 हजार से बढ़ाकर ₹1 लाख
- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, 3.73 लाख महिलाएं लाभान्वित
- बी.सी. सखी : 39 हजार+ ने 31,626 करोड़ का लेनदेन किया, 85.81 करोड़ लाभांश

## काम दमदार, युवाओं को रोजगार

- 2017 में प्रति व्यक्ति आय ₹46 हजार से बढ़कर 2024 में ₹1 लाख 24 हजार
- बेरोजगारी दर : 2016 में 18 प्रतिशत युवा बेरोजगार, 2024 में बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत
- निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया : 8.5 लाख+ सरकारी नौकरी, 3.75 लाख+ संविदा पर नियुक्ति
- MSME एवं निजी क्षेत्र में 2 करोड़+ रोजगार एवं ODOP योजना से 2.54 लाख+ रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 2.27 लाख+ युवाओं को रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत 10 लाख नये उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य

## सबके साथ सरकार

- 3,213 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा, 1,630 पर कार्य प्रगतिशील
- अनुसूचित जाति (पूर्व दशम) के 32,49,854 छात्र-छात्राओं को ₹708.49 करोड़ छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति (दशमोत्तर) के 89,31,203 छात्र-छात्राओं को ₹9,662.25 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (पूर्व दशम) के 62,79,519 छात्र-छात्राओं को ₹1,28,627.48 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (दशमोत्तर) के 1,31,05,263 छात्र-छात्राओं को ₹7,62,524.03 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (पूर्व दशम) के 8,58,750 छात्र-छात्राओं को ₹221.95 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (दशमोत्तर) के 48,13,347 छात्र-छात्राओं को ₹5,499.86 करोड़ छात्रवृत्ति

## स्वास्थ्य का उपहार

- आयुष्मान भारत : 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा
- 80 मेडिकल कॉलेज संचालित, 11,300 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि
- गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स, लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय
- महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर
- 22,681 आरोग्य मंदिर का संचालन

## विकास पथ पर यूपी का रथ

- 6 एक्सप्रेसवे संचालित, 11 पर काम जारी, गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में 55% की हिस्सेदारी
- एक्सप्रेसवे की लम्बाई : 2017 तक 491 किलोमीटर, 2024 तक 1225 किलोमीटर
- 32 हजार किमी+ लम्बाई के मार्गों का नवनिर्माण, 25 हजार किमी के मार्गों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण
- 2017 तक केवल 04 एयरपोर्ट, 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर देश का एकमात्र राज्य, जिनमें 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार, सबसे बड़ा एयर कार्गो हब बनेगा उत्तर प्रदेश
- हल्दिया से वाराणसी तक जलमार्ग संचालित, प्रयागराज-अयोध्या तक विस्तारीकरण का कार्य जारी

## अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस

- 2017 के पहले माफिया-अपराधी बेलगाम, 2017 के बाद कानून का राज, भयमुक्त व्यवस्था
- एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार डकैती के मामलों में 84.41%, लूट में 77.43%, हत्या में 41.01%, बलवा में 66.40%, फिरौती के लिए अपहरण में 54.72%, दहेज हत्या में 17.08% और बलात्कार के मामलों में 26.15% की कमी
- 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, 930 अपराधियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई
- माफिया के अवैध कब्जे से लगभग ₹3000 करोड़ की संपत्ति जब्त, अवैध संपत्तियां गिराकर उन पर गरीबों के लिए आवास
- 222 दुर्दांत अपराधी एनकाउंटर में ढेर, 28,000+ बदमाश जेल भेजे गए
- 7 महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था, 18 एंटी टैररिस्ट स्क्वैड यूनिट स्थापित
- 6 स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की वाहिनियां, 3 महिला पीएसी बटालियन स्थापित
- सभी जनपदों में साइबर थाने, 11 लाख+ सीसीटीवी कैमरों की स्थापना
- 112 पुलिस कंट्रोल का रिस्पॉन्स टाइम 2017 से पहले 25.42 मिनट, 2024 में घटकर 7.24 मिनट

## हर घर रोशन

- प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना : 1.58 करोड़ घरों को नि:शुल्क बिजली कनेक्शन
- जिला मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 22 घंटे, ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे बिजली
- किसानों के निजी नलकूप से सिंचाई के लिए बिजली के बिल पर शत-प्रतिशत छूट
- बुंदेलखंड में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत 4000 मेगावाट क्षमता का प्लांट
- 53 कम्प्रेस्ड बायोगैस/बायो कोल/बायो डीजल एवं बायो इथेनॉल प्लांट की स्थापना

## अंत्योदय से गरीब कल्याण

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना : 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन
- प्रधानमंत्री आवास योजना : 56 लाख+ आवासों का निर्माण
- पीएम स्वनिधि योजना : 1,80,000+ स्ट्रीट वेंडर्स को ₹3,000 करोड़ + का ऋण
- हर घर जल योजना : 2.37 करोड़ + परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सुविधा
- मनरेगा : 200 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार देने में प्रथम

## सबको शिक्षा-उत्तम शिक्षा

- सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण
- 57 असेवित जनपदों में सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण
- अलीगढ़, आजमगढ़, सहारनपुर, बलरामपुर, मीरजापुर एवं मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालयों का संचालन
- प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण
- गोरखपुर में सैनिक स्कूल, फॉरेस्ट्री कॉलेज, एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी
- गोरखपुर एवं चंदौली में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय







सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP